Durga Saptshatti अथ Bhasha Tika

दुर्गा सप्तशती भाषाटीका

Tika Kadh. to Pt. Gupal Dutt Shastri

टीकाकार—पं० गोपालदत्त शास्त्री

प्रकाशक

गोवर्द्धनदास भरतिया।

गोवर्द्धन पुस्तकालय, मथुरा !

Govardhan Pustkalyia. Mathura Rs. 2/-

चतुर्थबार सम्वत् २०११ मूल्य २)

मुद्रक—गोवर्द्धनदास, श्रीकृष्णपब्लिशिंग हाऊस प्रेस मथुरा।

SPS
294.543 G 44 P
23222

Acc. No 23222
Cost Rs. 2.21
Date 13.3.64

Pratap Singh Srinagar Library

श्रीदुर्गासप्तशती की अनुक्रमणिका

काम्यप्रयोग विधि १—३
शतचण्डी विधि ३—७
संकल्प ७
देव्याकवचम् ८—१८
अर्गला स्तोत्रम् १९-२४
कीलक स्तोत्रम् २४-२७
नवार्ण मन्त्र जप विधि २७-२९
तन्त्रोक्तम् रात्रि सूक्तम् २९-३०
सप्तशतीन्यास ३०-३२

दुर्गा सप्तशती—

प्रथम अध्याय ३३-५५
द्वितीय अध्याय ५५-७२
तृतीय अध्याय ७३-८३
चतुर्थ अध्याय ८३-९७
पंचम अध्याय ९७-११७
षष्ठ अध्याय ११८-१२३
सप्तमोऽध्याय १२४-१३०
अष्टम अध्याय १३१-१४७
नवम अध्याय १४७-१५७
दशम अध्याय १५७-१६४
एकादश अध्याय १६५-१७९
द्वादश अध्याय १७९-१८९
त्रयोदश अध्याय १८९-१९३
अथोत्तर न्यास १९४
प्राधानिक रहस्यम् १९४-१९६
वैकृतिक रहस्यम् १९७-२००
मूर्ति रहस्यम् २००-२०१
नवशत, सहस्रचण्डी २०१-२१२
ब्रह्मशाप विमोचन २१३-
देव्यपराधक्षमापन स्तोत्र २१३-२१४

शतचण्डी सहस्रचण्डी यज्ञपूजन होम सामग्री ।

रोली, मौली, केसर, अबीर गुलाल, महँदी पिसी सूखी, हलदी पिसी, धूपबत्ती, सुपाड़ी, सर्वौषधी, सिन्दूर, कपूर, जनेऊ जोड़ा, मेवा पाँचों, पंचरङ्ग, नारियल, गोला, दाख, आँवले, अदरख, इलायची, लौंग चन्दन का मूंठा, पञ्चरत्न, कमलगट्टा, लाल चन्दन, गूगल, पान, फूल, फूल माला, ऋतु फल, पञ्चपल्लव, बंदनवार, दूब, कुशा, अनार पीली सरसों, ईख का गन्ना, दूध, दही, घी, शहद, बतासे, गोमय, गोमूत्र, पेड़ा, बरफी, गुड़, खील ढाक के फूल, तिल, जौ, चाँवल, बूरा, खादी, लुङ्गी, धोती, दुपट्टा, चादर, साफी, तष्टी, अर्घा पंचपात्र, आचमनी, माला, गोमुखी, चंदोवा के लिये लाल कपड़ा, ध्वजा १०, पताका १०, घृतपात्र, पूर्णपात्र, चरुस्थाली, मूर्ति सुवर्ण की, सोने की सलाई, केला के खंभा ४, बाँस की चप्पल ४, मिट्टी पीली, ताँबे की तष्टा यंत्र के लिये, प्रधान कलश ताँबे का पुण्याह वाचन को लुटिया ताँबे की, रेशमी साड़ी, अंगिया रेशमी, चौकी १, पट्टी काठ की, मण्डप का सामान, ईंटें, बाँस, बल्ली, कूल्ला, पत्तल, सकोरा, तैल, चून गेहूँ का, रुद्र कलश १, नवग्रहसमिधा, समिधा, सप्तमृत्तिका, इत्यादि ।

टीकाकर्तुर्मंगलाचरणम्—

पुण्यश्रीमथुरापुरीध्रुवतपष्टीलामहं चावसन्,
विज्ञश्रीबदरीप्रसादतनयो गोपालदत्तः सुधीः ।
सान्नाढ्यः परिवन्द्यवन्द्यमटलं गोपालदेवं प्रभुम्,
दुर्गासप्तशतीं करोमि शुभदां भाषाविभाभूषिताम्

अथ पाठ्यक्रमः

रात्रिसूक्तं पठेदादौ मध्ये सप्तशतीस्तवम् । प्रातः तु पठनीयं वै देवीसूक्तमिति क्रमः ॥
शतमादौ शतं चान्ते जपेन्मंत्रं नवार्णकम् । चण्डी सप्तशतीं मध्ये सम्पुटोऽयमुदाहृतः ॥

महाकाली ध्यानम्

खंगं चक्रगदेषु चापपरिघाञ्छूलं भुशुण्डीं शिरः,
शंखं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वाङ्ग भूषावृताम्
नीलाश्मद्युतिमास्यपाददशकां सेवे महाकालिकां,
यामस्तौत्स्वपिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम् ॥ १ ॥

❀ अथ काम्यप्रयोगविधिः ❀

श्रीगणेशाय नमः॥ अथ प्रयोगान्तराणि कात्यायनीतन्त्रोक्तानि । प्रतिश्लोकमाद्यन्तयोः प्रणवं जपेन्मन्त्रसिद्धिः ॥ १ ॥ अत्र सर्वत्र श्लोकपदम् मन्त्रोपलक्षणम् । सप्रणवमनुलोमव्याहृतित्रयमादावन्ते तु विलोमं तदित्येवं प्रतिश्लोकं कृत्वा शतावृत्तिपाठेऽतिशीघ्रम् सिद्धिः ॥ २ ॥ प्रतिश्लोकमादौ जातवेदस इत्यृचं पठेत् सर्वकामसिद्धिः ॥ २ ॥ अपमृत्युवारणाय त्र्यम्बकमन्त्रं पठेत् ॥ आदावन्ते च शतमित्यर्थः, प्रतिश्लोके तन्मन्त्रजप इत्यन्यत्र ॥ ४ ॥ प्रतिश्लोकं शूलेनपाहिनोदेवीति पाठादपमृत्युनाशः, अस्य केवलस्यापि श्लोकस्य लक्षमयुतं सहस्रम् शतं वा जपेऽपमृत्युवारणम् ॥ ५ ॥ प्रतिश्लोकं शरणागतदीनार्तेति श्लोकं पठेत्सर्वकार्यसिद्धिः ॥ ६ ॥ प्रतिश्लोकं करोतु सा नः शुभेत्यर्द्धं पठेत्सर्वकार्यसिद्धिः ॥ ७ ॥ स्वाभीष्टवरस्त्वाप्तये एवम् देव्या वरं लब्ध्वेति श्लोकम् पठेत् ॥ ८ ॥ सर्वापत्तिवारणाय प्रतिश्लोकम् दुर्गेस्मृतेतिपठेत् । अस्य केवलस्यापि श्लोकस्य कार्यानुसारेण लक्षमयुतं सहस्रम् शतं वा जपः ॥ ९ ॥ सर्वाबाधेत्यस्य लक्षजपे प्रतिश्लोकपाठे वा श्लोकोक्तं फलम् ॥ १० ॥ इत्थं यदा यदा बाधेति श्लोकजपे महामारीशांतिः ॥ ११ ॥ ततो वव्रे नृपोराज्यमिति मन्त्रस्य जपे पुनः स्वराज्यलाभः ॥ १२ ॥

दायिकाः । यजमानः पूजयेच्च कन्यानां नवकं शुभम् द्विवर्षाद्या दशाब्दान्ताः कुमारीः परिपूजयेत् ॥ ८ ॥ तत्र हीनाधिकांगी कुष्ठव्रणयुता अन्धा काणा कुरूपा केकरा कुबरी लोमयुग्देहा दासीजा रोहिणीत्येवमाद्या वर्ज्याः । विप्रां सर्वेष्टसंसिद्ध्यै यजते क्षत्रियोद्भवाम् ॥ वैश्यजां धनलाभाय पुत्राप्त्यै शूद्रजांयजेत् । गन्धपुष्पधूपदीपभक्ष्यभोज्यैर्यथाशक्ति वस्त्राभरणैश्च पूजयेत् ॥ द्विवर्षा सा कुमार्युक्ता त्रिमूर्तिर्हायनत्रिका । चतुरब्दा तु कल्याणी पञ्चवर्षा तु रोहिणी ॥ २ ॥ षडब्दा कालिका प्रोक्ता चण्डिका सप्तहायना ॥ अष्टवर्षा शांभवी स्याद्दुर्गा तु नवहायनी ॥ सुभद्रा दशवर्षोक्ता नाममन्त्रैः प्रपूजयेत् ॥ तासामावाहने मन्त्रः प्रोच्यते शंकरोदितः मन्त्राक्षरमयीं लक्ष्मीं मातृणांरूपधारिणीम् ॥ नवदुर्गात्मिकां साक्षात्कन्यामावाहयाम्यहम् ॥ कुमारिकादिकन्यानां पूजामन्त्रान्ब्रुवेऽधुना ॥ जगत्पूज्ये जगद्वन्द्ये सर्वशक्तिस्वरूपिणि ॥ १६ ॥ पूजां गृहाण कौमारि जगन्मातर्नमोऽस्तुते ॥ त्रिपुरां त्रिपुराधारां त्रिवर्गज्ञानरूपिणीम् । त्रैलोक्यवंदितां देवीं त्रिमूर्तिं पूजयाम्यहम् ॥ कालात्मिकां कलातीतां कारुण्यहृदयां शिवाम् ॥ कल्याणजननीं देवीं कल्याणीं पूजयाम्यहम् । अणिमादिगुणाधारामकाराद्यक्षरात्मिकाम् । अनन्तशक्तिकां लक्ष्मीं रोहिणीं पूजयाम्यहं । कामचारां शुभां कांतां कालचक्रस्वरूपिणीं ॥ कामदां करुणोदारां कालिकां पूजयाम्यहं । चण्डवीरां चण्डमायां चण्डमुण्डप्रभञ्जनीं ॥ पूजयामि

सदादेवीं चण्डिकां चण्डविक्रमां ॥ सदानन्दकरीं शान्तां सर्वदेवनमस्कृतां ॥ सर्वभूतात्मिकां लक्ष्मीं शाम्भवीं पूजयाम्यहं । दुर्गमे दुस्तरे कार्ये भवदुःखविनाशिनीं ॥ पूजयामि सदा भक्त्या दुर्गां दुर्गार्तिनाशिनीं ॥ सुन्दरीं स्वर्णवर्णाभां सुखसौभाग्यदायिनीं ॥ सुभद्रजननीं देवीं सुभद्रां पूजयाम्यहं ॥ एतैर्मन्त्रैः पुराणोक्तैस्तां तां कन्यां समर्चयेत् ॥ इति पूजनं कुमारिकाणां ॥ वेद्यां विरचिते रम्ये सर्वतोभद्रमण्डले । घटं संस्थाप्य विधिना तत्रावाह्यार्चयेच्छिवां ॥ तदग्रे कन्यकाश्चाऽपि पूजयेद्ब्राह्मणानपि । उपचारैस्तु विविधैः पूर्वोक्तावरणादपि ॥ २ ॥ ॐकारः प्रथमं पीठं पूर्णपीठमतः परं ॥ तृतीयं कामपीठं च पूजयेत्सम्प्रदायतः ॥ पूर्वादिदिक्षु पीठस्य गणेशादिचतुष्टयं ॥ गणेशक्षेत्रपालौ च पादुके वटुकास्त्रयः । आग्नेय्यादिचतुर्दिक्षु पूज्यं देवीचतुष्टयम् । जया च विजया चैव जयन्ती चापराजिता । पूर्वोक्तयन्त्रे पूर्वकोणे सरस्वतीसहितो ब्रह्मा, श्रीसहितो विष्णुः, नैर्ऋत्यामुमया शिवो, वायव्यां षट्कोणे चक्रमध्यस्थमध्यबीजे श्रीमहालक्ष्मीः । ततो विष्णुमायादिचतुर्विंशतिदेवताः प्रागादिक्रमेण केसरेषु पूज्याः ॥ प्रति पत्रंचकेसरत्रयम् । ताश्च । विष्णुमाया १ चेतना २ बुद्धि ३ निद्रा ४ क्षुधा ५ छाया ६ शक्ति ७ तृष्णा ८ क्षान्ति ९ जाति १० लज्जा ११ क्षान्ति १२ श्रद्धा १३ कान्ति १४ लक्ष्मी १५ धृति १६ वृत्ति १७ स्मृति १८ दया १९ तुष्टि २० पुष्टि २१ मातृ २२ भ्रान्ति २३ चिति २४

* ॐ नमश्चण्डिकायै *

* अथ देव्याःकवचम् प्रारभ्यते *

श्रीमार्कण्डेय ऋषि बोले कि हे ब्रह्माजी ! संसार में जो कवच अत्यन्त गुप्त हो और जो सब प्रकार से मनुष्यों की रक्षा करता हो और जो अब तक किसी को न बताया गया हो वह मुझसे

ॐ नमश्चण्डिकायै । मार्कण्डेय उवाच । ॐ यद्गुह्यं परमं लोके सर्वरक्षाकरं नृणाम् । यन्न कस्यचिदाख्यातं तन्मे ब्रूहि पितामह ॥ १ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ अस्ति गुह्यतमं विप्र सर्वभूतोपकारकम् । देव्यास्तु कवचं पुण्यं तच्छृणुष्व महामुने ॥ २ ॥ प्रथमं शैलपुत्री च द्वितीयं ब्रह्मचारिणी ॥ तृतीयं चन्द्रघण्टेति कूष्मांडेति चतुर्थकम् ॥ ३ ॥ पंचमं स्कन्दमातेति षष्ठं

कहिये ॥ १ ॥ ब्रह्माजी बोले कि हे महामुने विप्र ! जो अत्यन्त गुप्त तथा समस्त प्राणियों का उपकार करने वाला पुण्यकारी देवीजी का कवच है उसे मुझसे तुम सुनो ॥ २ ॥ प्रथम शैलपुत्री, द्वियीय ब्रह्मचारिणी, तृतीय चन्द्र घण्टा, चौथी कूष्माण्डा ॥ ३ ॥ तथा पाँचवी स्कन्दमाता, छठी कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी ॥ ४ ॥ और नवमी सिद्धिदात्री यह नौ दुर्गाएँ महात्मा ब्रह्माजी

ने वर्णन की हैं ॥ ५ ॥ जो मनुष्य अग्नि से जलते समय, शत्रुओं के बीच में, रण में तथा बड़े सङ्कट में भय से पीड़ित होकर देवीजी की शरण में आये हुए इन नामों का स्मरण करते हैं ॥ ६ ॥ उनको रण के सङ्कट में किंचित् मात्र भी अशुभ नहीं होता और उन पर मैं कभी विपत्ति तथा शोक, दुःख और भय

कात्यायनीति च ॥ सप्तमं कालरात्रीति महागौरीति चाष्टमम् ॥ ४ ॥ नवमं सिद्धिदात्री च नवदुर्गाः प्रकीर्तिताः ॥ उक्तान्येतानि नामानि ब्रह्मणैव महात्मना ॥ ५ ॥ अग्निना दह्यमानस्तु शत्रुमध्ये गतो रणे ॥ विषमे दुर्गमे चैव भयार्त्ताः शरणं गताः ॥ ६ ॥ न तेषां जायते किंचिदशुभं रणसङ्कटे ॥ नापदं तस्य पश्यामि शोकदुःखभयं न हि ॥ ७ ॥ यैस्तु भक्त्या स्मृता नूनं तेषां वृद्धिः प्रजायते ॥ ये त्वां स्मरन्ति देवेशि रक्षसे तान्न संशयः ॥ ८ ॥ प्रेतसंस्था तु चामुण्डा वाराही महिषासना । ऐन्द्री गजसमारूढ़ा वैष्णवी गरुड़ासना । ९ । माहेश्वरी वृषारूढ़ा कौमारी शिखि-

नहीं देखता हूँ ॥ ७ ॥ और हे देवेशि ! जो भक्ति सहित तुह्मारा स्मरण करते हैं। उनकी वृद्धि होती है और इसमें सन्देह नहीं कि उनकी तुम अवश्य ही रक्षा करती हो ॥ ८ ॥ चामुण्डा देवी प्रेत पर स्थित है, वाराही भैंसे पर, ऐन्द्री हस्ती पर, वैष्णवी गरुड़ पर ॥ ९ ॥ माहेश्वरी वृष पर, कौमारी मोर पर

और हाथ में कमल लिए हुए विष्णु प्रिया श्रीलक्ष्मीजी कमल पर विराजमान हैं ॥ १० ॥ श्वेतरूप धारण किये हुए ईश्वरी देवी बेल पर तथा सम्पूर्ण आभूषणों से भूषित ब्राह्मी देवी हंस पर आसन लगाये हुए हैं ॥ ११ ॥ इस तरह यह सम्पूर्ण देवियां सब योगों से युक्त और अनेक प्रकार के आभूषणों और रत्नों

वाहना । लक्ष्मीः पद्मासना देवी पद्महस्ता हरिप्रिया ॥ १० ॥ श्वेतरूपधरा देवी ईश्वरी वृषवाहना ॥ ब्राह्मी हंससमारूढ़ा सर्वाभरणभूषिता ॥ ११ ॥ इत्येता मातरः सर्वाः सर्वयोगसमन्विताः ॥ नानाभरणशोभाढ्या नानारत्नोपशोभिताः ॥ १२ ॥ दृश्यंते रथमारूढा देव्यः क्रोधसमाकुलाः ॥ शङ्खं चक्रं गदां शक्तिं हलं च मुसलायुधं ॥ १३ ॥ खेटकं तोमरं चैव परशुं पाशमेव च ॥ कुन्तायुधं त्रिशूलं च शार्ङ्गमायुधमुत्तमं ॥ १४ ॥ दैत्यानां देहनाशाय भक्तानामभयाय च ॥ धारयन्त्यायुधानीत्थं देवानां च हिताय

से सुशोभित हो रही हैं ॥ १२ ॥ ये सब देवियाँ क्रोध में भरी हुई तथा रथ की सवारी में बैठी हुई दीख पड़ती हैं और शङ्ख, चक्र, गदा, शक्ति, हल, मूसल, ॥ १३ ॥ खेटक, तोमर, फर्सा, फांसी, भाला, त्रिशूल और उत्तम आयुध शार्ङ्गधनुष आदि को दैत्यों के देह नाश के लिये, तथा भक्तों के भय निवारणार्थ और देवताओं के हित के लिए इस प्रकार आयुध धारण करती हैं ॥ १४ ॥ १५ ॥ हे महारौद्रे ! हे

महाघोर पराक्रम वाली! तुझको नमस्कार है। हे महाबलवाली! हे महान् उत्साह वाली! हे महाभय विनाशिनी! ॥ १६ ॥ हे कठिनता से दर्शन देने वाली! हे शत्रुओं के भय बढ़ाने वाली! देवी तुम मेरी रक्षा करो। ऐन्द्री देवी मेरी पूर्व दिशा में रक्षा करे ॥ १७ ॥ अग्नि शक्ति अग्निकोण में, वाराही देवी

वै ॥ १५ ॥ नमस्तेऽस्तु महारौद्रे महाघोरपराक्रमे। महाबले महोत्साहे
महाभयविनाशिनि ॥ १६ ॥ त्राहि मां देवि दुष्प्रेक्ष्ये शत्रूणां भयवर्द्धिनि ॥
प्राच्यां रक्षतु मामैन्द्री आग्नेय्यामग्निदेवता ॥ १७ ॥ दक्षिणेऽवतु वाराही
नैर्ऋत्यां खड्गधारिणी ॥ प्रतीच्यां वारुणी रक्षेद्वायव्यां मृगवाहिनी ॥ १८ ॥
उदीच्यां पातु कौमारी ऐशान्यां शूलधारिणी ॥ ऊर्ध्वं ब्रह्माणी मे रक्षेदधस्ताद्वैष्णवी
तथा ॥ १९ ॥ एवं दश दिशो रक्षेच्चामुण्डा शववाहना ॥
जया मे चाग्रतः पातु विजया पातु पृष्ठतः ॥ २० ॥ अजितावामपार्श्वे तु

दक्षिण में, खड्ग धारिणी देवी मेरी नैर्ऋत्यकोण में रक्षा करे और वारुणी देवी पश्चिम में, मृगवाहिनी देवी वायु कोण में रक्षा करे ॥१८॥ कौमारी उत्तर में, शूल धारणी ईशानकोण में, ब्रह्माणी ऊपर की ओर से और वैष्णवी नीचे की ओर से ॥१९॥ तथा इसी प्रकार प्रेत वाहिनी चामुण्डा देवी मेरी दशों दिशाओं में रक्षा करे। जया देवी आगे की तरफ से, विजया पीछे की तरफ से मेरी रक्षा करे ॥ २० ॥ अजिता

बांई ओर से और अपराजिता देवी दाहिनी ओर से रक्षा करे। उद्योतिनी देवी शिखा की रक्षा करे तथा उमा शिर में स्थित होकर रक्षा करे ॥ २१ ॥ मालाधरी ललाट में, यशस्विनी भ्रुकुटियों की रक्षा करे और त्रिनेत्रा देवी भ्रुकुटियों के मध्य में, यम घण्टा दोनों नासिकाओं की रक्षा

दक्षिणे चापराजिता । शिखामुद्योतिनी रक्षेदुमा मूर्ध्नि व्यवस्थिता ॥२१॥ मालाधरी ललाटे च भ्रुवौ रक्षेद्यशस्विनी त्रिनेत्रा च भ्रुवोर्मध्ये यमघण्टा च नासिके ॥ २२ ॥ शङ्खिनी चक्षुषोर्मध्ये श्रोत्रयोर्द्वारवासिनी ॥ कपोलौ कालिका रक्षेत्कर्णमूले तु शांकरी ॥ २३ ॥ नासिकायां सुगन्धा च उत्तरोष्ठे च चर्चिका ॥ अधरे चामृतकला जिह्वायां च सरस्वती ॥ २४ ॥ दन्तान् रक्षतु कौमारी कंठदेशे तु चण्डिका ॥ घण्टिकां चित्रघण्टा च महामाया च तालुके ॥ २५ ॥ कामाक्षी चिबुकं रक्षेद्वाचम् मे सर्वमङ्गला ।

करे ॥ २२ ॥ शंखिनी देवी नेत्रों के मध्य में, द्वारवासिनी कानों में, कालिका कपोलों की, शांकरी कर्णमूलों की रक्षा करे ॥ २३ ॥ सुगन्धा नासिका में और चर्चिका ऊपर के होठ में, अमृत कला नीचे के होठ की, सरस्वती जिह्वा की रक्षा करे ॥ २४ ॥ कौमारी देवी दाँतों की, चण्डिका कण्ठ स्थान की रक्षा करे । चित्रघण्टा घण्टिका की, महामाया तालु की रक्षा करे ॥ २५ ॥ कामाक्षी ठोढ़ी की, सर्व-

मङ्गला मेरी वाणी की रक्षा करे, भद्रकाली ग्रीवा की, धनुष धारिणी पीठ के बांसे की रक्षा करे ॥ २६ ॥ नीलग्रीवा देवी कण्ठ के बाहिर भाग की, नलकूबरी नली की, खड्गिनी दोनों कन्धों की, वज्रधारिणी मेरी दोनों भुजाओं की रक्षा करे ॥ २७ ॥ दण्डिनी दोनों हाथों की और अम्बिका समस्त अंगुलियों

ग्रीवायां भद्रकाली च पृष्ठवंशे धनुर्धरी ॥ २६ ॥ नीलग्रीवा बहिःकंठे नलिकां नलकूबरी ॥ स्कन्धयोः खड्गिनी रक्षेद्बाहू मे वज्रधारिणी ॥ २७ ॥ हस्तयोर्दण्डिनी रक्षेदम्बिका चांगुलीषु च ॥ नखाञ्छूलेश्वरी रक्षेत्कुक्षौ रक्षेत्कुलेश्वरी ॥ २८ ॥ स्तनौ रक्षेन्महादेवी मनः शोकविनाशिनी । हृदये ललिता देवी उदरे शूलधारिणी ॥ २९ ॥ नाभौ च कामिनी रक्षेद्गुह्यं गुह्येश्वरी तथा ॥ पूतना कामिका मेढ्रम् गुदे महिषवाहिनी ॥ ३० ॥ कट्यां भगवती रक्षेज्जानुनी विन्ध्यवासिनी ॥ जंघे महाबला रक्षेत्सर्वकाम-

की रक्षा करे । शूलेश्वरी सम्पूर्ण नखों की, कुलेश्वरी कुक्षि की रक्षा करे ॥ २८ ॥ महादेवी दोनों स्तनों की, शोकविनाशिनी मेरे मन की रक्षा करे, ललिता देवी हृदय की, शूल धारिणी उदर की रक्षा करे ॥ २९ ॥ कामिनी नाभि की, गुह्येश्वरी गुह्यस्थान की, पूतना कामिका लिंग की, तथा महिषवाहिनी गुदा की रक्षा करे ॥ ३० ॥ भगवती कटि भाग की और विन्ध्यवासिनी देवी दोनों घुटनों की रक्षा

करे। सर्वकाम प्रदायिनी महाबला देवी जंघाओं की रक्षा करे ॥ ३१ ॥ नारसिंही टकुनों की, तेजसी पाँवों के पृष्ठ भाग की, श्रीधरी पैरों की अँगुलियों की, स्थलवासिनी तलुवों की ॥ ३२ ॥ दंष्ट्राकरालिनी नखों की, ऊर्ध्वकेशिनी केशों की, कौमारी रोम कूपों की, वागीश्वरी त्वचा की रक्षा करे ॥ ३३ ॥

प्रदायिनी ॥ ३१ ॥ गुल्फयोर्नारसिंही च पादपृष्ठे तु तैजसी ॥ पादाङ्गुलीषु श्री रक्षेत्पादाधस्थलवासिनी ॥ ३२ ॥ नखान्दंष्ट्राकराली च केशांश्चैवोर्ध्वकेशिनी ॥ रोमकूपेषु कौवेरी त्वचं बागीश्वरी तथा ॥ ३३ ॥ रक्तमज्जावसामांसान्यस्थिमेदांसि पार्वती । अन्त्राणि कालरात्रिश्च पित्तं च मुकुटेश्वरी ॥ ३४ ॥ पद्मावती पद्मकोशे कफे चूड़ामणिस्तथा ॥ ज्वालामुखी नसाजालमभेद्या सर्वसन्धिषु ॥ ३५ ॥ शुक्रं ब्रह्माणी मे रक्षेच्छायां छत्रेश्वरी तथा ॥ अहङ्कारं मनो बुद्धिं रक्षेन्मे धर्मधारिणी ॥ ३६ ॥

पार्वती रक्त, मज्जा, वसा, मांस, हड्डियाँ और मेद की रक्षा करे । कालरात्रि आंतों की, मुकुटेश्वरी देवी पित्त की रक्षा करे ॥ ३४ ॥ पद्मावती पद्मकोष की, चूड़ामणि कफ की रक्षा करे। ज्वालामुखी नसों के जल की, अभेद्या समस्त जोड़ों की रक्षा करे ॥ ३५ ॥ ब्रह्माणी मेरे वीर्य की, छत्रेश्वरी छाया की रक्षा करे और धर्मधारिणी मेरे अहङ्कार मन तथा बुद्धि की रक्षा करे ॥ ३६ ॥ प्राण, अपान, समान, उदान

और व्यान की वज्रहस्ता रक्षा करे। मेरे प्राण की कल्याण शोभना देवी रक्षा करे ॥ ३७ ॥ योगिनी देवी रस, रूप, गन्ध, शब्द और स्पर्श की तथा नारायणी सर्वदा सत्व, रज और तम की रक्षा करे ॥ ३८ ॥ वाराही देवी आयु की तथा वैष्णवी धर्म की रक्षा करे। यश, कीर्ति, लक्ष्मी, धन और विद्या

प्राणापानौ तथा व्यानमुदानञ्च समानकम् ॥ वज्रहस्ता च मे रक्षेत्प्राणं
कल्याणशोभना ॥ ३७ ॥ रसे रूपे च गन्धे च शब्दे स्पर्शे च योगिनी ॥
सत्वं रजस्तमश्चैव रक्षेन्नारायणी सदा । ३८ । आयू रक्षतु वाराही धर्मं रक्षतु
वैष्णवी। यशः कीर्तिं च लक्ष्मीं च धनं विद्यां च चक्रिणी ।३९। गोत्रमिन्द्राणी
मे रक्षेत्पशून्मे रक्ष चण्डिके ॥ पुत्रान्रक्षेन्महालक्ष्मीर्भार्यां रक्षतु भैरवी ॥४०॥
पन्थानं सुपथा रक्षेन्मार्ग क्षेमकरी तथा । राजद्वारे महालक्ष्मीर्विजया
सर्वतः स्थिता ॥ ४१ ॥ रक्षाहीनं तु यत्स्थानं वर्जितम् कवचेन तु ॥

की चक्रिणी देवी रक्षा करे ॥ ३९ ॥ इन्द्राणी मेरे देह की रक्षा करे और हे चण्डिके ! आप मेरे समस्त पशुओं की रक्षा करिये। श्री महालक्ष्मी देवी पुत्रों की तथा भैरवी देवी मेरी भार्या की सर्वदा रक्षा करे ॥ ४० ॥ मार्ग में कुशल रखने वाली सुपथा देवी यात्रा में रक्षा करे और क्षेमकरी देवी आपत्तियों से बचावे। महालक्ष्मी राजद्वार में और विजया देवी चारों ओर से मेरी रक्षा करे ॥ ४१ ॥ जो स्थान

रक्षा से रहित हो और कवच में रह गया हो, उन स्थानों की पापों को नाश करने वाली जयन्ती देवी रक्षा करे ॥ ४२ ॥ अपने शुभ की इच्छा चाहने वाले मनुष्य को तो कवच के बिना एक पैंड़ भी कहीं न जाना चाहिये, क्योंकि सदा कवच रखने वाला मनुष्य जहाँ जहाँ भी जाता है ॥ ४३ ॥ वहाँ वहाँ धन

तत्सर्वँ रक्ष मे देवि जयन्ती पापनाशिनी ॥ ४२ ॥ पदमेकन्न गच्छेत्तु
यदीच्छेच्छुभमात्मनः कवचेनावृत्तो नित्यं यत्र यत्रैव गच्छति ॥ ४३ ॥
तत्र तत्रार्थलाभश्च विजयः सार्वकामिकः । यं यं चिन्तयते कामं तं तं
प्राप्नोति निश्चितम् ॥ ४४ ॥ परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यते भूतले पुमान् ॥
निर्भयो जायते मर्त्यः संग्रामेष्वपराजितः ॥ ४५ ॥ त्रैलोक्ये तु भवेत्पू-
ज्यः कवचेनावृतः पुमान् ॥ इदं तु देव्याः कवचं देवानामपि दुर्लभम्

लाभ और समस्त कामनाओं की सिद्धि के साथ साथ विजय प्राप्त करता है और मनुष्य जिन जिन कामनाओं की इच्छा करता है वह देवी कवच के प्रताप से निश्चय उसको मिलती हैं और पृथ्वी पर अतुल परम ऐश्वर्य पाता है ॥ ४४ ॥ और कवच धारण किया हुआ मनुष्य युद्ध में निर्भय होता हुआ विजय प्राप्त करता है ॥ ४५ ॥ और वह मनुष्य कवच से आवृत हुआ त्रैलोक्य में पूजनीय होता है । यह देवी का कवच तो स्वर्ग वासी देवताओं को भी दुर्लभ है । श्रद्धायुक्त जो मनुष्य पवित्र होकर नित्य

तीनों सन्ध्याओं में इस देवी कवच का पाठ करता है ॥ ४६ ॥ उस मनुष्य को दैवी-कला मिलती है और वह तीनों लोकों को भी जीत सकता है तथा अकाल मृत्यु से रहित होकर सौ वर्षों से अधिक जीवित रहता है ॥ ४७ ॥ उसकी लूता, विस्फोटक आदि समस्त आधि-व्याधियाँ समूल नष्ट हो जाती

॥४६॥ यः पठेत्प्रयतो नित्यं त्रिसंध्यं श्रद्धयान्वितः ॥ दैवी कला भवेत्तस्य त्रैलोक्येष्वपराजितः ॥४७॥ जीवेद्वर्षशतं साग्रमपमृत्युविवर्जितः । नश्यन्ति व्याधयः सर्वे लूताविस्फोटकादयः ॥४८॥ स्थावरञ्जंगमञ्चैव कृत्रिमञ्चापि यद्विषम् ॥ अभिचाराणि सर्वाणि मन्त्रयन्त्राणि भूतले ॥४९॥ भूचराः खेचराश्चैव जलजाश्चोपदेशिकाः ॥ सहजा कुलजा माला डाकिनी शाकिनी तथा ॥५०॥ अन्तरिक्षचरा घोरा डाकिन्यश्च महाबलाः । ग्रहभूतपिशाचाश्च यक्षगन्धर्वराक्षसाः ॥५१॥ ब्रह्मराक्षसवेतालाः

हैं और स्थावर जङ्गम और कृत्रिम विषादि ॥ ४८ ॥ तथा समस्त अभिचार एवम् मन्त्र, यन्त्र, तन्त्र, जो पृथ्वी पर हैं और भूचर प्राणी, नभचर प्राणी, जलचर प्राणी और उपदेशिक ॥ ४९ ॥ साथ उत्पन्न हुए तथा कुल में प्रकट हुए रोग और गण्डमाला तथा डाकिनी, शाकिनी, अन्तरिक्षचर प्राणी और महापौरुष वाली भयङ्कर डाकिनियाँ ॥ ५० ॥ ग्रह, त, पिशाच, यक्ष, गन्धर्व और राक्षस

ब्रह्म-राक्षस, बेताल, कूष्माण्ड और भैरवादि ॥ ५१ ॥ इस देवी कवच को हृदय में धारण करने वाले मनुष्य के दर्शन मात्र से ये सब दूर हो जाते हैं और इस कवच से मान की उन्नति होती है और यह कवच राजा के प्रकाश को बढ़ाने वाला है ।' ५२ ।। प्रथम इस कवच का पाठ करके जो मनुष्य सप्तशती

कूष्माण्डा भैरवादयः ॥ नश्यन्ति दर्शनात्तस्य कवचे हृदि संस्थिते ॥५२॥
मानोन्नतिर्भवेद्राज्यं तेजोवृद्धिकरं परम् ॥ यशसा वर्द्धते सोऽपि कीर्तिम-
ण्डितभूतले ॥५३॥ जपेत्सप्तशतीं चण्डीं कृत्वा तु कवचम् पुरा ॥ या-
वद्भूमण्डलं धत्ते सशैलवनकाननम् ॥५४॥ तावत्तिष्ठति मेदिन्यां संततिः
पुत्रपौत्रिकी ॥ देहान्ते परमं स्थानं यत्सुरैरपि दुर्लभम् ॥५५॥ प्राप्नोति
पुरुषो नित्यं महामायाप्रसादतः । लभते परमं रूपं शिवेनसह मोदते ।५६।

चण्डी का पाठ करता है उसकी कीर्ति जगत में विख्यात होती है ।। ५३ ॥ और भूमण्डल पर जब तक पर्वत वन वृक्षादि स्थित हैं तब तक इस कवच के पाठ करने वाले मनुष्य की पुत्र पौत्रादि संतति पृथ्वी पर स्थित बनी रहती है ॥ ५४ ॥ और महामाया देवी की परम अनुकम्पा से यह मनुष्य देहान्त होने पर परम धाम को प्राप्त करता है जो देवताओं का भी दुर्लभ है ॥ ५५ ॥ और अन्त में परम स्वरूप को प्राप्त हुआ शिवजी के संग आनन्द भोगता है ॥ ५६ ॥ इति श्री देव्याः कवचम् समाप्तम् ।

* * *

* अथ अर्गलास्तोत्र-प्रारम्भ *

* ॐ नमश्चण्डिकाय *

ओ३म् जयन्ती मङ्गला काली भद्रकाली कपालिनी ॥ दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तु ते ॥ १ ॥ जय त्वं देवि चामुण्डे जयभूतार्तिहारिणि ॥ जय सर्वगते देवि कालरात्रि नमोऽस्तु ते ॥ २ ॥ मधुकैटभविद्राविविधातृवरदे नमः । रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ३ ॥ महिषासुरनिर्णाशि भक्तानां सुखदे नमः ॥ रूपं देहि जयं

जयन्ती, मङ्गला, काली, भद्रकाली, कपालिनी, दुर्गा, क्षमा, शिवा, धात्री, स्वाहा, स्वधा आदि स्वरूपों वाली देवी तुम्हें नमस्कार है ॥ १ ॥ हे देवि ! हे चामुण्डे ! हे जीवों के कष्ट दूर करने वाली हे सर्व व्यापिनी ! हे कालरात्रि ! तुम को नमस्कार है ॥ २ ॥ हे मधुकैटभ दैत्य का संहार करने वाली ! हे ब्रह्मा को वर देने वाली ! हे देवि तुमको नमस्कार है । हे देवि ! मेरे लिये सुन्दर रूप दो, विजय दो, यश दो और मेरे शत्रुओं का संहार करो ॥ ३ ॥ हे महिषासुर दैत्य को संहारने वाली ! हे भक्तों को

आनन्द देने वाली ! तुमको नमस्कार है । मुझे स्वरूप दो, विजय दो और वैरियों को नष्ट करो ।। ४ ।। हे रक्त बीज का बध करने वाली ! हे चण्ड मुण्डों को नाश करने वाली ! मुझको स्वरूप, विजय तथा संसार में यश दो और मेरे वैरियों को नष्ट करो ।। ५ ।। हे शुम्भ निशुम्भ और धूम्राक्ष ,राक्षस का मर्दन

देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।४।। रक्तबीजवधे देवि चण्डमुण्डविनाशिनि रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।५।। शुम्भस्यैव निशुम्भस्य धूम्राक्षस्य च मर्दिनि ।। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।६।। वन्दितांघ्रियुगे देवि सर्वसौभाग्यदायिनि ।। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।७।। अचिन्त्यरूपचरिते सर्वशत्रुविनाशिनि ।। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।८।। नतेभ्यः सर्वदा भक्त्या चण्डिके दुरितापहे ।। रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ।।९।। स्तुवद्भ्यो भक्ति-

करने वाली देवि ! मुझको स्वरूप दो तथा विजय दो और मेरे शत्रुओं का नाश करो ।। ६ ।। हे पूजित-चरण युगलों वाली ! हे सर्व सौभाग्यदायिनी ! मुझको स्वरूप दो, जय दो, दिव्य कीर्ति दो तथा शत्रुओं का मर्दन करो ।। ७ ।। हे अचिन्तनीय रूप और चरित्रों वाली ! हे समस्त शत्रुनाशिनी देवि ! मुझको सुरूप दो यश दो और मेरे समस्त शत्रुओं का नाश करो । हे चण्डिके ! दुख विनाशिनी

देवि भक्ति से सर्वदा प्रणाम करने वालों को आप रूप दीजिये, विजय दीजिये, तथा यश दीजिये और उनके शत्रुओं का विनाश करिये ॥ ९ ॥ हे चण्डिके ! हे समस्त रोगनाशिनी ! भक्ति पूर्वक आपकी स्तुति करने वाले भक्तों को आप सुरूप दीजिये और यश दीजिये और उनके शत्रुओं का नाश करिये ॥ १० ॥ हे चण्डिके ! इस संसार में जो भक्ति से निरन्तर तुम्हारा पूजन किया करते हैं उनका आप रूप

पूर्वं त्वां चण्डिके व्याधिनाशिनि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १० ॥ चण्डिके सततं ये त्वामर्चयन्तीह भक्तितः ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ ११ ॥ देहि सौभाग्यमारोग्यं देहि मे परमं सुखम् ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १२ ॥ विधेहि द्विषतां नाशं विधेहि बलमुच्चकैः ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १३ ॥ विधेहि देवि कल्याणं विधेहि परमां श्रियम् ॥ रूपं देहि

तथा विजय और यश दो तथा शत्रुओं का नाश करो ॥ ११ ॥ हे देवि ! मुझे सौभाग्य दो, आरोग्य तथा पूर्ण सुख और रूप दो, यश दो, और मेरे शत्रुओं को नष्ट करो ॥ १२ ॥ हे देवि ! वैरियों का संहार करो और अधिक बल प्रदान करो और रूप, जय, यश दो और शत्रुओं का विनाश करो ॥ १३ ॥ हे देवि ! मेरा कल्याण करिये और मुझे सर्व सम्पत्ति दीजिये और मुझको रूप, विजय, तथा यश दो और मेरे

सब वैरियों का विनाश करो ॥ १४ ॥ हे सुर असुरों के मुकुट रत्नों से स्पर्श किये हुए चरणों वाली ! हे अम्बिके ! मुझे स्वरूप दो, विजय दो तथा यश दो और मेरे शत्रुओं का नाश करो ॥ १५ ॥ और हे देवि ! अपने भक्तों को विद्यावान्, कीर्तिवान और लक्ष्मीवान् करिये और रूप दीजिये, जय दीजिये तथा

यं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १४ ॥ सुरासुरशिरोरत्ननिघृष्टचरणेऽम्बिके ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १५ ॥ विद्यावन्तम् यशस्वन्तं लक्ष्मीवन्तं जनं कुरु ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १६ ॥ प्रचण्डदैत्यदर्पघ्ने चण्डिके प्रणताय मे ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १७ ॥ चतुर्भुजे चतुर्वक्त्रसंस्तुते परमेश्वरि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ १८ ॥ कृष्णेन संस्तुते देवि शश्वद्भक्त्या सदाम्बिके ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि

यश दीजिये और शत्रुओं को नष्ट करिये ॥ १६ ॥ हे प्रचण्ड असुरों के अभिमान को विनाशने वाली ! हे चण्डिके ! मुझ नम्र हुए को रूप दो, विजय दो, यश दो और मेरे वैरियों को नष्ट करो ॥ १७ ॥ हे चार भुजाओं वाली ! हे ब्रह्मा से स्तुति की हुई परमेश्वरी ! मुझको रूप, जय, यश दो और मेरे वैरी का नाश करो ॥ १८ ॥ निरन्तर भक्ति से कृष्ण से सदा स्तुति की हुई हे अम्बिके ! रूप, जय, यश दो

और वैरियों का नाश करो ॥ १९ ॥ हे हिमाचल की पुत्री के नाथ [शिवजी] से स्तुति की हुई ! हे परिमेश्वरि ! मुझे रूप, जय, यश दो और मेरे वैरियों का नाश करो ॥ २० ॥ इन्द्राणी के पति [इन्द्र] द्वारा सद्भाव से पूजित की हुई हे परमेश्वरि ! मुझे रूप, जय, यश दो और मेरे वैरियों का नाश करो

द्विषो जहि ॥ १९ ॥ हिमाचलसुतानाथसंस्तुते परमेश्वरि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २० ॥ इन्द्राणीपतिसद्भावपूजिते परमेश्वरि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २१ ॥ देवि प्रचण्डदोर्दण्डदैत्यदर्पविनाशिनि ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २२ ॥ देवि भक्तजनोद्दामदत्तानन्दोदयेऽम्बिके ॥ रूपं देहि जयं देहि यशो देहि द्विषो जहि ॥ २३ ॥ पत्नीं मनोरमां देहि मनोवृत्तानुसारिणीं ॥ तारिणीं दुर्गसंसारसागरस्य कुलोद्भवाम् ॥ २४ ॥ इदं स्तोत्रम्

॥ २१ ॥ हे देवि ! हे प्रचण्ड भुजदण्ड से दैत्यों के दर्प को दलन करने वाली ! मुझे रूप, जय, यश दो और मेरे वैरियों का नाश करो ॥ २२ ॥ हे देवि ! हे भक्तजनों के लिये अत्यन्त दिये हुए आनन्द के उदय करने वाली अम्बिके । मुझे रूप, जय, यश दो और मेरे वैरियों का नाश करो ॥ २३ ॥ और हे देवि ! हे सुन्दरि ! मन के वृत्तांत के अनुसार चलने वाली तथा दुस्तर संसार सागर से तारने वाली श्रेष्ठ

ें वाली ! और

पठित्वा तु महास्तोत्रम् पठेन्नरः ॥ स तु सप्तशतीसंख्यावरमाप्नोति सम्पदाम् २५

कुल में उत्पन्न होने वाली ऐसी सुन्दर पत्नी मुझे दो ॥ २४ ॥ जो नर प्रथम इस स्तोत्र का पाठ करके पश्चात् महास्तोत्र अर्थात् कीलक का पाठ करता है, वह सप्तशती संख्या के वर के समान सम्पत्ति को प्राप्त करता है ॥ २५ ॥

❀ इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे अर्गलास्तोत्रं समाप्तम् ❀

अथ कीलकस्तोत्रम्

मार्कण्डेय ऋषि कहने लगे। निर्मल ज्ञान रूपी शरीर धारण करने वाले वेदत्रयी रूप, दिव्य तीन नेत्र वाले अर्धचन्द्र धारण करने वाले ऐसे श्री शिवजी को कल्याण प्राप्ति के निमित्तनमस्कार

मार्कण्डेय उवाच ॐ विशुद्धज्ञानदेहाय त्रिवेदीदिव्यचक्षुषे ॥ श्रेयः प्राप्तिनिमित्ताय नमः सोमार्द्धधारिणे ॥ १ ॥ सर्वमेतद्विजानीयान्मन्त्राणामभि कीलकम् ॥ सोऽपिक्षेममवाप्नोति सततं जाप्यतत्परः ॥ २ ॥

है ॥ १ ॥ जो पुरुष जप में तत्पर रहता हुआ मन्त्रों के इस कीलक को जानता है वही पुरुष कल्याण को प्राप्त करता है ॥ २ ॥ इस कीलक से उच्चाटन आदि सम्पूर्ण वस्तुयें भी सिद्ध हो जाती हैं और इस

कीलक स्तोत्र मात्र से ही स्तुति की हुई देवी भी सिद्ध होजाती है ॥ ३ ॥ जिसके जप किये बिना उच्चाटन आदि सब सिद्ध होजांय ऐसा न तो कोई मन्त्र है न औषध न तन्त्र है ॥ सम्पूर्ण वस्तुयें ही सिद्ध हो जायेंगी, इस लोक शङ्का को समझ कर महादेवजी ने इस सम्पूर्ण ही शुभ को अर्थात् मन्त्र तन्त्र

सिद्ध्यन्त्युच्चाटनादीनि वस्तूनि सकलान्यपि ॥ एतेन स्तुवतां देवी स्तोत्रमात्रेण सिद्ध्यति ॥ ३ ॥ न मन्त्रो नौषधं तन्त्रं न किंचिदपि विद्यते ॥ बिना जाप्येन सिद्ध्येत् सर्वमुच्चाटनादिकम् ॥ ४ ॥ समग्राण्यपि सिद्ध्यन्ति लोकशङ्कामिमां हरः ॥ कृत्वा निमन्त्रयामास सर्वमेवमिदं शुभं ॥ ५ ॥ स्तोत्रं वै चण्डिकायास्तु तच्च गुप्तञ्चकार सः ॥ समाप्नोति सुपुण्येन तां यथावन्नियन्त्रणाम् ॥ ६ ॥ सोऽपि क्षेममवाप्नोति सर्वमेव न संशयः ॥ कृष्णायां वा चतुर्दश्यामष्टम्यां वा समाहितः ॥ ७ ॥ ददाति प्रतिगृह्णाति

आदिकों को कील दिया है। इसीलिये उन महादेवजी ने चण्डिका के इस स्तोत्र को भी गुप्त कर दिया है। इसीलिये मनुष्य इस चण्डिका स्तोत्र की यथावत् नियन्त्रणा (कीलक) को सत्पुण्य से ही प्राप्त करता है ॥ ४ ॥ ५ ॥ ६ ॥ इसमें सन्देह नहीं कि वह सम्पूर्ण कल्याण को प्राप्त करता है जो मनुष्य इसमें सावधान होकर कृष्णपक्ष की चतुर्दशी अथवा अष्टमी को ॥ ७ ॥ प्रथम देवीजी को वस्तु [पूजा

द्रव्य] देता है और फिर उसे प्रसाद रूप में लेता है उसी को यह दुर्गा सिद्ध होती है अन्यथा नहीं होती है ऐसे कीलक से यह स्तोत्र महादेवजी ने कीलित किया है ॥ ८ ॥ जो पुरुष इस दुर्गा सप्तशती को निष्कीलन करके नित्य पाठ करता है वह सिद्ध वा गण अथवा गन्धर्व हो जाता है ॥ ६ ॥

नान्यथैषा प्रसिद्धयति ॥ इत्थंरूपेण कीलेन महादेवेन कीलितम् ॥ ८ ॥ यो निष्कीलां विधायैनां नित्यं जपति संस्फुटम् ॥ स सिद्धः स गणः सोऽपि गन्धर्वो जायते नरः ॥ ६ ॥ न चैवाप्यटतस्तस्य भयं क्वापि हि जायते ॥ नाऽपमृत्युवशं याति मृतो मोक्षमवाप्नुयात् ॥ १० ॥ ज्ञात्वा प्रारभ्य कुर्वीत न कुर्वाणो विनश्यति ॥ ततो ज्ञात्वैव सम्पन्नमिदम् प्रारभ्यते बुधैः ॥ ११ ॥ सौभाग्यादि च यत्किञ्चिद् दृश्यते ललनाजने ॥ तत्सर्वं त्वत्प्रसादेन तेन जाप्यमिदम् शुभम् ॥ १२ ॥ शनैस्तु जप्यमाने-

विचरते हुए उस पुरुष को कहीं भी भय नहीं होता है और न अपमृत्यु होती है तथा वह मनुष्य मरकर मोक्ष प्राप्त करता है ॥ १० ॥ किन्तु इसकी विधि को अच्छी तरह से जानकर ही इसके पाठ का प्रारम्भ करे और विधि को न जानकर पाठ करता हुआ तो नष्ट हो जाता है इससे पण्डितजन इसको सांगोपांग जानकर ही पाठ करने का आरम्भ करते हैं ॥ ११ ॥ हे देवि ! स्त्री जनों में जो कुछ भी सौभाग्य

आदि दीख पड़ते हैं वह सब आप की ही कृपा से हैं इसलिये यह जपने योग्य है ॥ १२ ॥ और जो मनुष्य इस स्तोत्र का शनैः शनैः स्पष्टतया पाठ करते हैं उनको समस्त संपत्ति प्राप्त होती हैं अतः प्रारम्भ इसका करना ही चाहिये ॥ १३ ॥ जिस भगवती की कृपा से मनुष्यों को ऐश्वर्य, सौभाग्य, आरोग्य

ऽस्मिन् स्तोत्रे सम्पत्तिरुच्चकैः ॥ भवत्येव समग्रापि ततः प्रारभ्यमेव तत् ॥१३॥ ऐश्वर्यं यत्प्रसादेन सौभाग्यारोग्यसम्पदः ॥ शत्रुहानिः परो मोक्षः स्तूयते सा न किंजनैः ॥ १४ ॥ इति कीलकस्तोत्रं समाप्तम् ॥

और सम्पदाएँ प्राप्त होती हैं तथा शत्रुओं की हानि और श्रेष्ठ मोक्ष की प्राप्ति होती है उस देवीकी मनुष्यों को क्यों नहीं स्तुति करनी चाहिए अर्थात् अवश्य ही करनी चाहिये ॥ १४ ॥

इति भगवत्याः कीलकं स्तोत्रम् समाप्तम् ।

* अथ नवार्णमन्त्रजपविधिः *

ॐ अस्य श्रीनवार्णमन्त्रस्य ब्रह्मविष्णुमहेश्वरा ऋषयः । गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छन्दांसि । श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः । नन्दाशाकम्भरीभीमाः शक्तयः । रक्तदन्तिकादुर्गाभ्रामयो वीजानि । अग्निर्वायुः सूर्यस्तत्त्वानि । ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥

अथ ऋष्यादिन्यासः ॥ ॐ ब्रह्मविष्णुमहेश्वरऋषिभ्यो नमःशिरसि । ॐ गायत्र्युष्णिगनुष्टुप्छ-

न्दोभ्योनमः मुखे । श्री महाकाली-महालक्ष्मी-महासरस्वती-देवताभ्योनमःहृदि । नन्दाशाकम्भरी-भीमाशक्तिभ्यो नमः दक्षिणस्तने । रक्तदन्तिकाभीमाभ्रामरीबीजेभ्यो नमः वामस्तने । अग्निर्वायुः सूर्यस्तत्त्वेभ्यो नमः हृदये । ततः ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे इति मूलेन करौ संशोध्य । ॐ ऐं अंगुष्ठाभ्यां नमः ॐ ह्रीं तर्जनीभ्यां नमः ॐ क्लीं मध्यमाभ्यां नमः । ॐ चामुण्डायै अनामिकाभ्यां नमः ॐ विच्चे कनिष्ठिकाभ्यां नमः । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे करतलकरपृष्ठाभ्यांनमः । अथ हृदयादिषडङ्गन्यासः । ॐ ऐं हृदयाय नमः ॐ ह्रीं शिरसे स्वाहा । ॐ क्लीं शिखायै वषट् । ॐ चामुण्डायै कवचाय हुम् । ॐ विच्चे नेत्रत्रयाय वौषट् । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे अस्त्राय फट् । अथबीजन्यासः ॐ ऐं नमः शिखायाम् ॐ ह्रीं नमः दक्षिण नेत्रे । ॐ क्लीं नमः वामनेत्रे । ॐ चां नमः दक्षिणकर्णे । ॐ मुं नमः वाम कर्णे ॐ डां नमः दक्षिणनासारन्ध्रे । ॐ यैं नमः वामनासारन्ध्रे । ॐ विं नमः मुखे । ॐ च्चें नमः गुह्ये ॥ अथ व्यापकन्यासः ॥ ॐ ऐं प्राच्यै नमः । ॐ ऐं आग्नेय्यै नमः । ॐ ह्रीं दक्षिणायै नमः । ॐ ह्रीं नैर्ऋत्यै नमः । ॐ क्लीं प्रतीच्यै नमः । ॐ विच्चे वायव्यै नमः । ॐ चामुण्डायै उदीच्यै नमः । ॐ विच्चे ईशान्यै नमः । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे ऊर्ध्वायै नमः । ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चे भूम्यै नमः ॥ अथ ध्यानम् ॥ ॐ शङ्खम्

चक्रम् गदां बाणाँश्चापम् परिघशूलके ॥ भुशुण्डीं च शिरः खड्गम् दधतीं दशवक्त्रकाम् ॥ १ ॥
तामसीं श्यामलां नौमि महाकालीं दशाङ्घ्रिकाम् ॥ मालाञ्च परशुं बाणान् गदां कुलिशमेव
च ॥ २ ॥ पद्मम् धनुः कुण्डिकाञ्च दंडं शक्तिमसिं तथा ॥ खेटकम् जलजम् घण्टां सुरापात्रं
च शूलकम् ॥ ३ ॥ पाशं सुदर्शनम् चैव दधतीं लोहितप्रभाम् ॥ पद्मे स्थितां महालक्ष्मीं भजे
महिषमर्दिनीम् ॥ ४ ॥ घण्टां शूलं हलं शंखम् मुशलारिधनुः शरान् ॥ दधतीमुज्ज्वलां नौमि
देवीं गौरीसमुद्भवाम् ॥ ५ ॥ इति ध्यानम् ॥

॥ अथ तन्त्रोक्तम् रात्री सूक्तम् ॥

ॐ विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीं ॥ निद्रां भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसः
प्रभुः ॥ १ ॥ ब्रह्मोवाच ॥ त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारः स्वरात्मिका ॥ सुधा त्वमक्षरे
नित्ये त्रिधा मात्रात्मिका स्थिता ॥ २ ॥ अर्धमात्रा स्थिता नित्या याऽनुचार्याविशेषतः । त्वमेव
संध्या सावित्री त्वं देवि जननी परा ॥ ३ ॥ त्वयैतद् धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् ॥
त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा ॥४॥ विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने ॥
तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये ॥ ५ ॥ महाविद्या महामाया महामेधा महास्मृतिः ।
महामोहा च भवती महादेवी महासुरी ॥ ६ ॥ प्रकृतिस्त्वं च सर्वस्य गुणत्रयविभाविनी ॥ काल-

रात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च दारुणा ॥ ७ ॥ त्वं श्रीस्त्वमीश्वरी त्वं ह्रींस्त्वं बुद्धिर्बोधलक्षणा। लज्जा पुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षांतिरेव च ॥ ८ ॥ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा ॥ शंखिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघायुधा ॥ ९ ॥ सौम्यासौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी ॥ परापराणां परमा त्वमेव परमेश्वरी ॥ १० ॥ यच्च किञ्चित्क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके ॥ तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं किं स्तूयसे तदा ॥ ११ ॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत् ॥ सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः ॥ १२ ॥ विष्णुः शरीरग्रहणमहमीशान एव च ॥ कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुं शक्तिमान्भवेत् ॥ १३ ॥ सा त्वमित्थं प्रभावैः स्वैरुदारैर्देवि संस्तुता ॥ मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ ॥ १४ ॥ प्रबोधञ्च जगत्स्वामी नीयतामच्युतो लघु ॥ बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ ॥ १५ ॥ इति ॥

॥ अथ सप्तशतीन्यासः ॥

ॐ अस्य श्रीसप्तशतिकास्तवनमालामन्त्रस्य मेधामार्कण्डेय ऋषिः। गायत्र्यादिनानाविधानि छन्दांसि महाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वत्यो देवताः ऐं ह्रीं क्लीं बीजानि। क्ष्मलवरयूं चामुण्डा शक्तिः। परमशैवलिंगम्। अग्निर्वायुः सूर्यस्तत्त्वम्। ममाभीष्टसिद्ध्यर्थे जपे विनियोगः ॥ अथ ऋष्यादिन्यासः ॥ मेधामार्कण्डेय ऋषये नमः शिरसि। गायत्र्यादिनानाछन्दोभ्यो

Srinagar

नमः मुखे ॥ श्रीमहाकालीमहालक्ष्मीमहासरस्वतीभ्यो नमः हृदि । ऐं ह्रीं क्लीं बीजेभ्यो नमः नाभौ । ह्समलवरयूं चामुण्डाशक्त्यै नमः गुह्ये । अग्निर्वायुः सूर्यस्तत्त्वेभ्यो नमः सर्वाङ्गे ॥ ॥ अथ करन्यासः ॥ ॐ खड्गिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा । शंखिनी चापिनी बाण। भुशुण्डीपरिघायुधा इति अंगुष्ठाभ्यां नमः॥ ॐ शूलेन पाहि नो देवि पाहि खड्गेन चाम्बिके। घण्टास्वेनन नःपाहि चापज्यानिः स्वनेन चेति तर्जनीभ्यां नमः। ॐ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यां च चण्डिके रक्ष दक्षिणे । भ्रामणेनात्मशूलस्य। उत्तरस्यां तथेश्वरीति मध्यमाभ्यां नमः । ॐ सौम्यानि यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते । यानि चात्यर्थघोराणि तै रक्षास्मांस्तथा भुवमित्यनामिकाभ्यां नमः। ॐ खड्गशूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके। करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वत इति कनिष्ठिकाभ्यां नमः। ॐ सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते । भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तुते । इति करतलकरपृष्ठाभ्यां नमः अथाङ्गन्यासः ॥ ॐ खड्गिनी शूलिनीत्यादि हृदयाय नमः। ॐ शूलेन पाहीति शिरसे स्वाहा । ॐ प्राच्यां रक्षेति शिखायै वषट् । ॐ सौम्यानि यानीति कवचाय हुम्। ॐ खड्गशूलगदादीनीति नेत्रत्रयाय वौषट् ॥ ॐ सर्वस्वरूपे इत्यस्त्राय फट् ॥ अथ ध्यानम् ॥ खड्गं चक्रगदेषुचापपरिघाञ् शूलं भुशुण्डीं शिरःशङ्खं संदधतीं करैस्त्रिनयनां सर्वांगभूषाभृताम्। नीलाश्मद्युतिमास्यपाद-

दशकां सेवे महाकालिकां यामस्तौच्छयिते हरौ कमलजो हन्तुं मधुं कैटभम् ॥ १ ॥ अक्षस्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुः कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिं च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम् ॥ शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रवालप्रभां सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम् ॥ २ ॥ घण्टाशूलहलानि शङ्खमुशले चक्रम् धनुः सायकम् हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम् । गौरीदेहसमुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महापूर्वामत्रसरस्वतीमनुभजेच्छुम्भादिदैत्यार्दनीम् ॥ ३ ॥ इति ध्यानम् । इति सप्तशतीन्यासः समाप्तः ॥

* * *

अथ दुर्गा सप्तशती प्रारभ्यते

❁ प्रथम अध्याय ❁

इस श्री प्रथम चरित्र का ब्रह्मा ऋषि है, महाकाली देवता है, गायत्री छन्द है, नन्दा शक्ति है, रक्तदन्तिका बीज है, अग्नि तत्व है और ऋग्वेद की मूर्ति है, श्री महाकाली की प्रीति के लिये इसका प्रथम चरित्र के पाठ में विनियोग है।

प्रथम चरित्रस्य ब्रह्माऋषिः, महाकाली देवता, गायत्री छन्दः नन्दा शक्तिः, रक्तदन्तिका बीजं, अग्निस्तत्त्वं, ऋग्वेदः स्वरूपम्, श्रीमहाकालीप्रीत्यर्थे प्रथमचरित्रजपेविनियोगः ॥ॐ ऐं॥ मार्कण्डेय उवाच ।१। ॐ सावर्णिः सूर्यतनयो यो

महर्षि -मार्कण्डेय जी बोले ॥ १ ॥ मैं सूय के पुत्र सावर्णि की उत्पत्ति विस्तार से कहता हूँ जो कि वे आठवें मनु कहे जाते हैं, आप ध्यान देकर सुनिये ॥ २ ॥ सूर्य पुत्र भाग्यशाली सावर्णि महामाया की कृपा से जिस तरह से मन्वन्तर का अधिपति बना वह कथा भी

मनुः कथ्यतेऽष्टमः ॥ निशामय तदुत्पत्तिं विस्तराद्गदतो मम ॥२॥ महामायानुभावेन यथा मन्वन्तराधिपः । स बभूव महाभागः सावर्णिस्तनयो रवेः ॥ ३ ॥ स्वारोचिषेऽन्तरे पूर्वं चैत्रवंशसमुद्भवः। सुरथो नाम राजाऽभूत्समस्ते क्षितिमण्डले ॥४॥ तस्य पालयतः सम्यक् प्रजाःपुत्रानिवौरसान्। बभूवुःशत्रवो भूपाः कोलाविध्वंसिनस्तदा ।५। तस्य तैरभ-

सुनिये ॥ ३ ॥ पहले स्वारोचिषनामक मन्वन्तर में समस्त भूमण्डल पर चैत्रवंशी राजा सुरथ राज्य करते थे ॥ ४ ॥ उस समय अपने पुत्र की भाँति प्रजा का पालन करते हुए राजा सुरथ से कोलाविध्वंसी (सूअरों को न मारने वाले) राजाओं की शत्रुता होगई ॥ ५ ॥ दुष्टों को

दण्ड देने वाले राजा सुरथ से उनका घोर संग्राम हुआ और थोड़ी सेना होते हुए भी उन कोलाविध्वंसियों ने राजा सुरथ को जीत लिया ॥ ६ ॥ फिर राजा सुरथ अपने नगर में आकर केवल स्वदेश का ही राज्य शासन करने लगा । तब भी अन्य शत्रुओं ने इस दीन दयालु महाभाग

वद्युद्धमतिप्रबलदण्डिनः । न्यूनैरपि स तैर्युद्धे कोलाविध्वंसिभिर्जितः ।६। ततः स्वपुरमायातो निजदेशाधिपोऽभवत् । आक्रान्तः स महाभागस्तैस्तदाप्रबलारिभिः ।७। अमात्यैर्बलिभिर्दुष्टैर्दुर्बलस्य दुरात्मभिः । कोशो बलं चापहृतं तत्रापि स्वपुरे ततः ।८। ततो मृगयाव्याजेन हृतस्वाम्यःस भूपतिः । एकाकी हयमारुह्य जगाम गहनम् वनम् ।९।

राजा सुरथ पर आक्रमण किया ॥ ७ ॥ और दुष्ट मन्त्रियों ने उस राजा का धन कोश तथा सेना अपने अधीन करली ॥ ८ ॥ तब राजा सुरथ अपने राज्याधिकार को हार कर अकेला घोड़े पर सवार होकर भयङ्कर वन में शिकार खेलने के बहाने से चला गया

॥ ९ ॥ उसी वन में महर्षि मेधा का दिव्य आश्रम था, वहाँ वे शान्त चित्त हुए सिंह हिरण आदिकों से व्याप्त, निज शिष्यों तथा मुनियों से सुशोभित हुए बैठे हुए थे ॥ १० ॥ उन मेधा मुनि को राजा सुरथ ने प्रणाम किया और उन मुनि द्वारा उचित सत्कार किया गया वह

स तत्राश्रममद्राक्षीद् द्विजवर्यस्य मेधसः। प्रशान्तश्वापदाकीर्णं मुनिशिष्योपशोभितम्।१०। तस्थौ कंचित्स कालं च मुनिना तेन सत्कृतः। इतश्चेतश्च विचरंस्तस्मिन्मुनिवराश्रमे।११। सोऽचिन्तयत्तदा तत्र ममत्वाकृष्टचेतनः। मत्पूर्वैः पालितं पूर्वं मया हीनं पुरं हि तत्।१२। मद्भृत्यैस्तैरसद्वृ-

राजा सुरथ कुछ समय तक उसी आश्रम में स्थिर रहा, फिर उस मेधा मुनि के पवित्र आश्रम में विचरण करता हुआ वह राजा सुरथ निज पुर की ममता से आकर्षित बुद्धि युक्त होता हुआ विचार करने लगा कि जिस नगर का मेरे पूर्वजों ने आज तक पालन पोषण किया था सो वह आज मुझसे चला गया ॥ ११ ॥ १२ ॥ वे मेरे दुराचारी नौकर मेरे पुर की सब

धर्म से रक्षा कर रहे होंगे या नहीं । तथा सदा मदोन्मत्त रहने वाला प्रधान मेरा वीर हाथी मेरे वैरियों के वश में हुआ न जाने क्या दुःख भोगता होगा ? मुझे यह प्रतीत होता है कि मेरे जो आज्ञाकारी नौकर थे, जो धन तथा भोजन आदि पाकर सदैव पलते थे ॥१३॥१४॥ वे अवश्य

त्तैर्धर्मतः पाल्यते न वा । न जाने स प्रधानो मे शूरहस्ती सदामदः ।१३। मम वैरिवशं यातः कान् भोगानुपलप्स्यते । ये ममानुगता नित्यं प्रसादधनभोजनैः ॥१४॥ अनुवृत्तिं ध्रुवं तेऽद्य कुर्वन्त्यन्यमहीभृताम् । असम्यग्व्ययशीलैस्तैः कुर्वद्भिः सततं व्ययम् ।१५। संचितः सोऽतिदुःखेन क्षयं कोशो गमिष्यति । एतच्चान्यच्च सततं चिन्तयामास पा-

ही इस समय उन दुष्ट राजाओं के आश्रित हुए दुःख भोगते होंगे तथा मेरे दुष्ट मन्त्री कुमार्ग में व्यर्थ ही धन खर्च करते हुए अत्यन्त कष्ट से इकट्ठे किये मेरे धनकोश को नष्ट कर रहे होंगे ? और इस प्रकार से वह खजाना एक दिन अवश्य नष्ट होजायगा । इसी चिंता में वह राजा

निरन्तर दुःखी होने लगा ॥१५॥१६॥ इसके अनन्तर एक दिन महर्षि मेधा के आश्रम के निकट उस राजा ने एक वैश्य को आश्रम की ओर आते देखा और फिर उससे राजा पूछने लगा कि भाई ! तुम कौन हो और यहाँ इस भयङ्कर वन में तुम्हारा आने का क्या प्रयोजन

र्थिवः ।१६। तत्र विप्राश्रमाभ्याशे वैश्यमेकम् ददर्श सः ॥ स पृष्टस्तेन कस्त्वं भो हेतुश्चागमनेऽत्र कः ।१७। सशोक इव कस्मात्त्वं दुर्मना इव लक्ष्यसे । इत्याकर्ण्य वचस्तस्य भूपतेः प्रणयोदितम् १८।प्रत्युवाच स तं वैश्यः प्रश्रयावनतो नृपम् ।१९। वैश्य उवाच ।२०। समाधिर्नाम वैश्योऽहमुत्पन्नो

है ॥१७॥ और तुम इस समय मलिन मुख होते हुए शोकग्रस्त से मुझे दिखाई देते हो, इसका क्या कारण है ? मुझसे कहो। राजा सुरथ के ऐसे विनम्र वचन सुनकर ॥१८॥ वह वैश्य प्रणाम करता हुआ, राजा को प्रश्न का उत्तर देने लगा ॥१९॥ वैश्य बोला ॥ २०॥ हे नृपेन्द्र । धनियों के वंश में उत्पन्न हुआ मैं समाधि नाम का वैश्य हूँ ॥२१॥ मेरे स्त्री पुत्रा-

दिकों ने धन के लोभ में मेरा सब धन छीन लिया है और मुझे घर से बाहर निकाल दिया है ॥२२॥ इसी कारण स्वजनों से त्यागा हुआ मैं दुःखी होकर इस वन में आगया हूँ और यहाँ मैं अपने पुत्रादिकों की कुशलता एवं अकुशलता का समाचार कुछ भी नहीं जानता कि वे घर

धनिनां कुले ।२१।पुत्रदारैर्निरस्तश्च धनलोभादसाधुभिः ।
विहीनश्च धनैर्दारैःपुत्रैरादाय मे धनम् ।२२।वनमभ्यागतो
दुःखी निरस्तश्चाप्तबन्धुभिःसोऽहं न वेद्मि पुत्राणां कुशला-
कुशलात्मिकाम् । २३ । प्रवृत्तिस्वजनानाञ्च दाराणाञ्चात्र
संस्थितः।किं नु तेषां गृहे क्षेममक्षेमं किं नु साम्प्रतम् ।२४।
कथं ते किं नु सद्वृत्तादुर्वृत्ताःकिं नु मे सुताः२५राजोवाच

पर इस समय क्षेम पूर्वक होंगे अथवा नहीं ॥२३॥२४॥ मैं अपने पुत्रों के अच्छे बुरे वृत्तान्त को भी नहीं जानता कि अब उनकी कैसी दशा है ॥ २५ ॥ राजा बोला ॥ २६ ॥ जिन लोभी पुत्रदारादिकों ने तुमको धन के लोभ के कारण घर से निकाल दिया ॥ २७ ॥ फिर भी तुह्मारा

चित्त उनसे क्यों प्रेम कर रहा है ॥ २८ ॥ वैश्य बोला ॥ २९ ॥ मेरे विषय में ऐसा आपका कहना यथार्थ है, इसमें कोई भी सन्देह नहीं ॥ ३० ॥ किन्तु मेरा चित्त कठोर नहीं है यद्यपि उन लोभी पुत्रों ने पितृ-स्नेह त्याग कर मुझको घर से निकाला, तब भी मेरी स्त्री ने तथा अन्य

॥२६॥ यैर्निरस्तो भवाँल्लुब्धैः पुत्रदारादिभिर्धनैः ॥२७॥ तेषु किं भवतःस्नेहमनुबध्नाति मानसम्।२८।वैश्य उवाच ॥२९॥ एवमेतद्यथा प्राह भवानस्मद्गतं वचः ॥ ३० ॥ किं करोमि न बध्नाति ममनिष्ठुरतां मनः। यैः सन्त्यज्य पितृस्नेहं धनलुब्धैर्निराकृतः ॥ ३१ ॥ पतिस्वजनहार्दं च हार्दि तेष्वेव मे मनः। किमेतन्नाभिजानामिजानन्नपि महामते ३२

बन्धुजनों ने ऐसा करने से उन्हें न रोका और वे भी स्वयं मोह त्याग कर मुझे घर से निकाल देते भये। हे महामते ! मेरा मन फिर भी उन्हीं में क्यों फँस रहा है और इसका कारण क्या है, इस रहस्य का मैं जानकार होता हुआ भी अनजान हो रहा हूँ ॥ ३१ ॥ ३२ ॥ मेरा चित्त उन

दुर्गुणी स्वजनों की ओर खिंच रहा है और उनके प्रति मुझे दुःख है और मेरा चित्त भी खिन्न होता है ॥ ३३ ॥ किन्तु क्या करूँ ? ऐसे भी निःस्नेहियों से मेरा हृदय (मन) निष्ठुर नहीं होता ॥३४॥ महर्षि मार्कण्डेयजी कहने लगे ॥३५॥ हे विप्रवर । इसके पश्चात् वह वैश्य

यत्प्रेमप्रवणं चित्तं विगुणेष्वपि बन्धुषु। तेषां कृते मे निःश्वासो दौर्मनस्यं च जायते ॥३३॥ करोमि किं यन्न मनस्तेष्वप्रीतिषु निष्ठुरम् ॥ ३४ ॥ मार्कण्डेय उवाच ॥ ३५ ॥ ततस्तौ सहितौ विप्र तं मुनिं समुपस्थितौ ॥३६॥ समाधिर्नाम वैश्योऽसौ स च पार्थिवसत्तमः।कृत्वा तु तौ यथान्यायं यथार्हं तेन संविदम्३७उपविष्टौ कथाः काश्चिच्चक्रतुर्वै-

और नृपेन्द्र सुरथ दोनों ही उस मेधा मुनि के समीप गये, वहाँ दोनों ने मुनिवर को प्रणाम किया, पुनः ॥३६॥३७॥ वहाँ बैठ कर यथा योग्य भाषण करते हुए पार्थिव (राजा सुरथ) मुनिराज

से कहने लगे ॥ ३८ ॥ राजा बोला ॥३९॥ हे भगवन् ! मैं एक बात आपसे पूछना चाहता हूँ सो आप कृपया उत्तर दें ॥ ४० ॥ मेरा ही मन मेरे अधीन नहीं है, इसका मुझे कष्ट है । गये हुये राज्य धनादिक की चिन्ता मुझे अभी तक बनी है ॥ ४१ ॥ मेरी ममता अज्ञानियों की

श्यपार्थिवौ ३८ राजोवाच ३९ भगवंस्त्वामहम्प्रष्टु मिच्छाम्येकं वदस्व तत् ॥४०॥ दुःखाय यन्मे मनसः स्वचित्तायत्ततां बिना । ममत्वं गतराज्यस्य राज्याङ्गेष्वखिलेष्वपि ४१ जानतोऽपि यथाज्ञस्य किमेतन्मुनिसत्तम । अयश्च निष्कृतः पुत्रैर्दारैर्भृत्यैस्तथोज्झितः ४२ स्वजनेन च सन्त्यक्तस्तेषु हार्दी तथाप्यति । एवमेष तथाहश्च द्वावप्यत्यन्त-

तरह विशेष बढ़ रही है और यह समाधि नामक वैश्य भी पुत्रादिकों से त्यागा हुआ घर से निकल आया है ॥ ४२ ॥ स्वजनों से त्यागा हुआ भी यह उन्हीं में अत्यन्त स्नेह करता है इस प्रकार हम दोनों अत्यन्त दुखी हैं ॥ ४३ ॥ हे महाभाग ! उनके अवगुणों को देखते हुए भी हम

दोनों के मन उस विषय में ममता रूपी पाप से आकृष्ट हो रहे हैं, हम जैसे विवेकियों को भी इस प्रकार के मोह होने को क्या हेतु है ॥ ४४ ॥ अज्ञानी पुरुषों जैसी वह मूढ़ता मुझे और इस वैश्य को क्यों प्रकट हो रही है ॥ ४५ ॥ तब मेधा ऋषि कहने लगे ॥ ४६ ॥ समस्त जन्तुओं

दुःखितौ ४३ दृष्टदोषेऽपि विषये ममत्वाकृष्टमानसौ । तत्किमेतन्महाभाग यन्मोहो ज्ञानिनोरपि ।४४। ममास्य च भवत्येषा विवेकान्धस्य मूढ़ता ।४५। ऋषिरुवाच ।४६। ज्ञानमस्ति समस्तस्य जन्तोर्विषयगोचरे ।४७। विषयश्च महाभाग याति चैवं पृथक पृथक् । दिवान्धाः प्राणिनः केचिद्रात्रावन्धास्तथापरे ४८ । केचिद्दिवा तथा रात्रौ प्राणिनस्तुल्यदृ-

को जैसे विषय सामने आते हैं उन्हें वैसा ही विवेक प्रकट होता है ॥४७॥ यथा हे महाभाग ! सबों के लिए विषय पृथक् पृथक् होते हैं, कोई प्राणी तो दिन में अन्धे होते हैं और कोई रात्रि में ॥ ४८ ॥ कोई दिन तथा रात्रि में तुल्य दृष्टि वाले भी होते हैं । यह सत्य है कि मनुष्यों में ज्ञान

प्रधान है किन्तु केवल उनमें ही नहीं ॥ ४९ ॥ सभी पशु, पक्षी, मृगादिक भी ज्ञान रखते हैं, जैसा मनुष्यों में ज्ञान होता है वैसा इन सबों में भी स्थूल रूप से बना रहता है ॥ ५० ॥ जो मनुष्यों के आहार विहारादिक धर्म हैं, उन्हीं के तुल्य पशु आदिकों में है अर्थात्

ष्टयः।ज्ञानिनो मनुजाः सत्यं किंनु ते न हि केवलम्४९ यतो हि ज्ञानिनः सर्वे पशुपक्षिमृगादयः ज्ञानञ्च तन्मनुष्याणां यत्तेषां मृगपक्षिणाम्५० मनुष्याणां च यत्तेषां तुल्यमन्यत्तथोभयोः। ज्ञानेऽपि सति पश्यैतान्पतङ्गाञ्छावचञ्चुषु५१ कणमोक्षादृतान्मोहात्पीड्यमानानपि क्षुधा।मानुषा मनुजव्याघ्र साभिलाषाः सुतान्प्रति५२ लोभात्प्रत्युपकाराय नन्वेता-

मनुष्यों के तुल्य ही पशु पक्षियों में भी होती है। इसलिए प्रत्येक बात दोनों में एक सी होती हैं। ज्ञान होने पर भी इन पक्षियों की ओर देखो, यह भूख से पीड़ित होने पर भी मोह के कारण अपने बच्चों की चोंचों में किस प्रकार प्रेम से चुगा दे रहे हैं। हे तेजस्वी नृप ! मनुष्य

भी अभिलाषा सहित अपने पुत्रों के साथ ऐसा ही वर्ताव करते हैं ॥ ५१ ॥ ५२ ॥ लोभ के कारण प्रत्युपकार में लगे हुए इनको क्यों नहीं देखते हो अर्थात् पुत्र आदि प्रत्युपकार न भी करें । तब भी माता पिता तो करते ही हैं कारण, वे संसार को स्थित रखने वाली भगवती महामाया के

न् कि न पश्यसि । तथापि ममतावर्त्ते मोहगर्ते निपातिताः ५३ महामायाप्रभावेण संसारस्थितिकारिणा । तन्नात्र विस्मयः कार्यो योगनिद्रा जगत्पतेः ५४ महामाया हरेश्चैषा तया संमोह्यते जगत् । ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा ५५ बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति । तया विसृज्यते विश्वं जगदेतच्चराचरम् ५६ सैषा प्रसन्ना वरदा नृ-

प्रभाव से ममता रूपी भँवर से युक्त मोह की गहरी खाड़ी में डाले गये हैं । इसमें आश्चर्य करने की कोई बात नहीं है, क्योंकि यह भगवान विष्णु की योग निद्रा है ॥ ५३ ॥ ५४ ॥ यह हरि भगवान् की महामाया है जिसके कारण संसार मोह में ग्रसित है, यही महामाया भगवती

देवी ज्ञानियों के चित्त को बल पूर्वक खींच कर मोह में फँसा देती है तथा इस सम्पूर्ण चर व अचर जगत की उत्पत्ति इसी के द्वारा होती है ॥ ५५ ॥ ५६ ॥ प्रसन्न होने पर यही देवी मुक्ति का वरदान देती है । और यही मनुष्योंकी मुक्ति का हेतु कारण स्वरूप सनातनी परम विद्या है

णाम्भवति मुक्तये। सा विद्या परमा मुक्तेर्हेतुभूता सनातनी ५७ संसारबन्धहेतुश्च सैव सर्वेश्वरेश्वरी।५८। राजोवाच ।५९। भगवन्का हि सा देवी महामायेति याम्भवान् ।६०। ब्रवीति कथमुत्पन्ना सा कर्मास्याश्च किं द्विज। यत्प्रभावा च सा देवी यत्स्वरूपा यदुद्भवा ।६१। तत्सर्वं श्रोतुमिच्छामि-त्वत्तो ब्रह्मविदां वर ॥६२॥ ऋषिरुवाच ॥६३॥ नित्यैव सा

॥ ५७ ॥ संसार के बन्धन का यही कारण है तथा सम्पूर्ण ईश्वरों की स्वामिनी है ॥ ५८ ॥ राजा बोला ॥ ५९ ॥ हे भगवन् ! वह देवी जिसे आप महामाया कहते हैं कौनसी है ॥ ६० ॥ हे द्विज ! वह कैसे उत्पन्न हुई और उसका क्या कार्य है, उसका स्वभाव, रूप, उत्पत्ति आदि

सबके बारे में मैं आपसे सुनना चाहता हूँ ॥ ६१ ॥ ६२ ॥ ऋषि बोले ॥ ६३ ॥ वह भगवती जगत की आधार रूप, नित्य है उसी से यह संसार रचा गया है ॥ ६४ ॥ तब भी उसकी अनेक प्रकार से उत्पत्ति होती है वह तुम मुझ से सुनो, देवताओं का कार्य सिद्ध करने को जब प्रकट

जगन्मूर्तिस्तया सर्वमिदं ततं ।६४। तथापि तत्समुत्पत्तिर्बहुधा श्रूयताम्मम। देवानां कार्यसिद्ध्यर्थमाविर्भवति सा। यदा ।६५। उत्पन्नेति तदा लोके सा नित्याप्यभिधीयते । योगनिद्रां यदा विष्णुर्जगत्येकार्णवीकृते ६६ आस्तीर्य शेषमभजत्कल्पान्ते भगवान् प्रभुःतदा द्वावसुरौ घोरौ विख्यातौ मधुकैटभौ ।६७। विष्णुकर्ण मलोद्भूतौ हन्तुं ब्रह्माण-

होती है ॥ ६५ ॥ तब वह अजन्मा होने पर भी उत्पन्न हुई कहलाती है, संसार को जलमय कर जब भगवान् विष्णु योग निद्रा में मग्न होकर शेष शय्या पर आराम कर रहे थे, तब मधुकैटभ नाम के दो घोर असुर ॥६६॥६७॥ भगवान् विष्णु के कान के मैल में से उत्पन्न होकर ब्रह्मा

जी के वध करने को तत्पर हुए, वे प्रजापति ब्रह्मा जो कि विष्णु के नाभि कमल में विराजमान थे ।। ६८ ।। उन दोनों घोर असुरों को अपने वध करने को तैयार देखकर और भगवान् विष्णु को निद्रा में देखकर एकाग्रमन से योग निद्रा को सन्तुष्ट करने के लिये स्तुति करने लगे

मुद्यतौ। स नाभिकमले विष्णोःस्थितो ब्रह्माप्रजापतिः६८
दृष्ट्वा तावसुरौ चोग्रौ प्रसुप्तश्च जनार्दनम् । तुष्टाव योग-
निद्रां तामेकाग्रहृदयस्थितः ६९ विबोधनार्थाय हरेर्हरिने-
त्रकृतालयाम् विश्वेश्वरीं जगद्धात्रीं स्थितिसंहारकारिणीं-
७०निद्राम्भगवतीं विष्णोरतुलां तेजसःप्रभुः७१ब्रह्मोवाच
७२ त्वं स्वाहा त्वं स्वधा त्वं हि वषट्कारःस्वरात्मिका ७३

।।६९।। ताकि योगमाया भगवान् के नेत्रों से अपना प्रभाव हटाले और वे जग जाँय, ब्रह्माजी विश्वेश्वरी जगत् माता, स्थिति तथा संहार करने वाली ।।७०।। तथा तेज स्वरूप भगवान विष्णु की अनुपम शक्ति निद्रारूपी भगवती की इस प्रकार स्तुति करने लगे ।। ७१ ।। ब्रह्माजी बोले

॥ ७२ ॥ हे देवि ! तुम स्वाहा, तुम स्वधा और तुम्हीं वषट्कार हो और स्वर स्वरूप हो ॥ ७३ ॥ तुम्हीं अमृत हो, तुम्हीं नित्य अक्षरों में अकार, उकार, मकार, इन तीन मात्राओं के रूप में स्थित हो तथा नित्य अर्धमात्रा में भी तुम्हीं हो जिनका विशेष कर उच्चारण नहीं हो सकता

सुधा त्वमक्षरे नित्ये त्रिधा मात्रात्मिका स्थिता । अर्द्धमात्रास्थिता नित्या यानुच्चार्या विशेषतः ।७४। त्वमेव संध्या सावित्री त्वं देवि जननी परा । त्वयैतद्धार्यते विश्वं त्वयैतत्सृज्यते जगत् ७५ त्वयैतत्पाल्यते देवि त्वमत्स्यन्ते च सर्वदा। विसृष्टौ सृष्टिरूपा त्वं स्थितिरूपा च पालने ७६ तथा संहृतिरूपान्ते जगतोऽस्य जगन्मये। महाविद्या महामाया

॥ ७४ ॥ हे भगवती ! आपही सावित्री संध्या और सर्वोपरि माता हैं आपही इस अखिल विश्व को धारण करने वाली एवं सृष्टि करने वाली हैं आपही इसका पालन करने वाली तथा अन्त में संहार करने वाली हैं रचना के समय सृष्टि स्वरूप तथा पालनकाल में स्थिति रूप हो ॥७५॥७६॥

सुन्दर हैं॥ ८०॥ ८१॥ पर अपरों में आप श्रेष्ठ हैं और परमेश्वरी भी आप ही हैं, हे अखिलात्मके! जहाँ कहीं भी कोई सत् और असत् वस्तु हैं॥ ८२॥ उन सबकी शक्ति आपही हैं इस कारण आपकी स्तुति किस प्रकार करें जगत की सृष्टि, पालन तथा संहार करने वाले जो

युधा सौम्य। सौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी।८१। परापराणाम्परमा त्वमेव परमेश्वरी। यच्च किञ्चत्क्वचिद्वस्तु सदसद्वाखिलात्मिके।८२।तस्य सर्वस्य या शक्तिः सात्वं किं स्तूयसे तदा॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो जगत्।८३।सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः। विष्णुःशरीरग्रहणमहमीशान एव च।८४।कारितास्ते यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुम् शक्तिमान् भवेत। सात्वमित्थं

भगवान् हैं वे भी आपके द्वारा निद्रा के वश हो गये, आपकी स्तुति करने में कौन समर्थ है आपने ही मुझको (ब्रह्मा) विष्णु को, शङ्करजी को भी शरीर धारण करा दिया॥ ८३॥ ८४॥

हे जगन्मये ! अंत में इस संसार का आपही संहार कर देती हैं, आप महाविद्या, महामाया, महामेधा, महास्मृति, महामोहा, महादेवी, महासुरी हो, एवं सत्य, रज, तम तीनों गुणों को उत्पन्न करने वाली प्रकृति हो ॥ ७७ ॥ ७८ ॥ भीषण कालरात्रि,महारात्रि, मोहरात्रि आपही हैं;

महामेधा महास्मृतिः।७७।महामोहा च भवती महादेवी महासुरी। प्रकृतिस्त्वञ्च सर्वस्यगुणत्रयविभाविनी७८कालरात्रिर्महारात्रिर्मोहरात्रिश्च दारुणा। त्वं श्रीस्त्वमीश्वरीत्वं ह्रीस्त्वम् बुद्धिर्बोधलक्षणा।७९। लज्जा पुष्टिस्तथा तुष्टिस्त्वं शान्तिः क्षान्तिरेव च। खंगिनी शूलिनी घोरा गदिनी चक्रिणी तथा।८०।शंखिनी चापिनी बाणभुशुण्डीपरिघा-

आप श्री, ईश्वरी, ह्री, ज्ञान स्वरूप बुद्धि हो ॥ ७९ ॥ लज्जा, पुष्टि, तुष्टि, शांति, क्षमा तथा खङ्ग, शूल, घोर गदा, चक्र, शङ्ख, धनुष,बाण, भुशुण्डी परिघ धारण करने वाली आपही हो आपही सौम्या और सौम्यतर हो तथा सभी सौम्य और सुन्दर पदार्थों में आपही अधिक

सुन्दर हैं ॥ ८० ॥ ८१ ॥ पर अपरों में आप श्रेष्ठ हैं और परमेश्वरी भी आप ही हैं, हे अखिलात्मके ! जहाँ कहीं भी कोई सत् और असत् वस्तु हैं ॥ ८२ ॥ उन सबकी शक्ति आपही हैं इस कारण आपकी स्तुति किस प्रकार करें जगत की सृष्टि, पालन तथा संहार करने वाले जो

युधा सौम्या सौम्यतराशेषसौम्येभ्यस्त्वतिसुन्दरी ।८१।
परापराणाम्परमा त्वमेव परमेश्वरी। यच्च किञ्चित्क्वचिद्वस्तु
सदसद्वाखिलात्मिके ।८२।तस्य सर्वस्य या शक्तिः सा त्वं
किं स्तूयसे तदा ॥ यया त्वया जगत्स्रष्टा जगत्पात्यत्ति यो
जगत् ।८३। सोऽपि निद्रावशं नीतः कस्त्वां स्तोतुमिहेश्वरः।
विष्णुःशरीरग्रहणमहमीशान एव च ।८४। कारितास्ते
यतोऽतस्त्वां कः स्तोतुम् शक्तिमान् भवेत। सा त्वमित्थं

भगवान् हैं वे भी आपके द्वारा निद्रा के वश हो गये, आपकी स्तुति करने में कौन समर्थ है आपने ही मुझको (ब्रह्मा) विष्णु को, शङ्करजी को भी शरीर धारण करा दिया ॥ ८३ ॥ ८४ ॥

इस कारण आपकी स्तुति करने में कौन समर्थ है, आपतो अपनी महानता से स्वयं ही प्रशंसित हो ॥८५॥ अब आप मधु और कैटभ नामक घोर असुरों को मोह लो, और जगत के स्वामी विष्णु जी को जगादो और इन महाअसुरों का संहार करने के लिये उन्हें बुद्धि दीजिये

प्रभावैःस्वैरुदारैर्दे वि संस्तुता ।८५। मोहयैतौ दुराधर्षावसुरौ मधुकैटभौ। प्रबोधञ्च जगत्स्वामी नीयतामच्युतोलघु ८६ बोधश्च क्रियतामस्य हन्तुमेतौ महासुरौ ८७ ऋषिरुवाच।८८।एवंस्तुता तदा देवी तामसी तत्र वेधसा।८९।विष्णोः प्रबोधनार्थाय निहन्तुं मधुकैटभौ। नेत्रास्यनासिकाबाहुहृदयेभ्यस्तथोरसः।९०।निर्गम्य दर्शने तस्थौ ब्रह्मणो-

॥ ८६ ॥ ८७ ॥ ऋषि बोले ॥ ८८ ॥ जब ब्रह्माजी ने मधुकैटभ का संहार करने के कारण से और भगवान विष्णु को जगाने के लिये तामसी देवी की इस प्रकार स्तुति की, तब वे भगवान के नेत्र, मुख, नासिका, बाहु, हृदय और वक्षःस्थल से ॥ ८९ ॥ ९० ॥ निकल कर अजन्मा ब्रह्माजी

के सम्मुख खड़ी हो गई और योग निद्रा से छूटकर भगवान विष्णु भी जग गये ॥६१॥ और शेष शय्या पर बैठे हुए ही उन घोर पराक्रमी वीर्यवान मधुकैटभ दैत्यों को देखा ॥६२॥ ब्रह्माजी के भक्षण करने के लिये जिनके नेत्र क्रोध से लाल हो रहे थे। तब भगवान विष्णु

ऽव्यक्तजन्मनः। उत्तस्थौ च जगन्नाथस्तया मुक्तो जनार्दनः ॥६१॥ एकार्णवेऽहिशयनात्ततः स ददृशे च तौ। मधुकैटभौ दुरात्मानावतिवीर्यपराक्रमौ।६२।क्रोधरक्तेक्षणावत्तुं ब्रह्माणं जनितोद्यमौ। समुत्थाय ततस्ताभ्यां युयुधे भगवान् हरिः।६३। पञ्चवर्षसहस्राणि बाहुप्रहरणो विभुः। तावप्यतिबलोन्मत्तौ महामायाविमोहितौ ६४ उक्तवन्तौ

ने उठकर पाँच हजार वर्ष पर्यन्त उनसे बाहु युद्ध किया। अत्यन्त बल से उन्मत्त उनको महामाया ने मोह में डाल रखा था ॥६३॥६४॥ वे केशव भगवान कहने लगे कि आप हम से वर माँगिये ॥६५॥ श्रीभगवान कहने लगे ॥६६॥ जो तुम दोनों मुझसे सन्तुष्ट हो तो मेरे हाथ से

मर जाओ ॥९७॥ अन्य वर से मुझे कोई मतलब नहीं है, मुझे तो केवल यही वर चाहिये ॥९८॥ ऋषि बोले ॥९९॥ इस प्रकार वचन बद्ध होने पर जब उन्होंने सारे संसार को जलमय देखा तो कमल नेत्र भगवान् से कहने लगे कि भगवन् ! हमारा वध वहाँ कीजिये जहाँ पृथ्वी पर जल न

वरोऽस्मत्तो ब्रियतामिति केशवम् ।९५। श्रीभगवानुवाच ।९६। भवेतामद्य मे तुष्टौ मम वध्यावुभावपि ।९७। किमन्येन वरेणात्र एतावद्धि वृतं मम ।९८। ऋषिरुवाच ।९९। वंचिताभ्यामिति तदा सर्वमापोमयं जगत् ।१००। विलोक्यताभ्यां गदितो भगवान्कमलेक्षणः । आवांजहि न यत्रोर्वी सलिलेन परिप्लुता ॥१०१॥ ऋषिरुवाच ॥१०२॥ तथेत्युक्त्वा भगवता शंख चक्रगदाभृता ! कृत्वा चक्रेण वै छिन्ने जघने

हो ॥१००॥१०१॥ ऋषि बोले ॥१०२॥ तब शङ्ख, चक्र गदाधारी भगवान् ने 'तथास्तु' कहकर उन दैत्यों को अपनी जङ्घाओं पर लिटाकर उनके शिर चक्र से काट डाले ॥१०३॥ इस प्रकार ब्रह्मा के

शिरसी तयोः।१०३। एवमेषा समुत्पन्ना ब्रह्मणा संस्तुता-
स्वयम्। प्रभावमस्या देव्यास्तु भूयः शृणु वदामि ते ॥१०४।

स्तुति करने पर यह देवी स्वयं ही प्रकट हुई है इसके और प्रभाव का वर्णन मैं करता हूँ सो सुनो।१०४॥

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्येमधुकैटभवधो नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥
उवाच १४, अर्द्धश्लोकाः २४, श्लोकाः ॥ ६६ ॥ एवं ॥ १०४ ॥

* अथ द्वितीयोऽध्याय *

ॐ अस्य श्रीमध्यमचरित्रस्य विष्णुर्ऋषिर्महालक्ष्मीर्देवता उष्णिकछन्दः शाकम्भरी शक्तिःदुर्गाबीजं वायुस्तत्त्वं यजुर्वेदः स्वरूपं महालक्ष्मीप्रीत्यर्थंमध्यम चरित्रजपे विनियोगः

इस श्री मध्यम चरित्र के ऋषि विष्णु, देवता महालक्ष्मी जी, उष्णिक् छन्द, शक्ति शाकम्भरी, दुर्गा बीज, वायु तत्व, एवं यजुर्वेद मूर्ति है। इस मध्यम चरित्र के पाठ में महालक्ष्मी

ी की प्रीति के हेतु विनियोग है ॥

५ (इस प्रकार कहकर जल छोड़ना) फिर कमलासन पर विराजमान, प्रसन्न मुखवाली, महिषा-

६ अथ ध्यानम् ॥ ॐ अक्षस्रक्परशुं गदेषुकुलिशं पद्मं धनुष्कुण्डिकां दण्डं शक्तिमसिञ्च चर्म जलजं घण्टां सुराभाजनम्। शूलं पाशसुदर्शने च दधतीं हस्तैः प्रसन्नाननां सेवे सैरिभमर्दिनीमिह महालक्ष्मीं सरोजस्थिताम्। इति ध्यानम्

ऋषिरुवाच ॥१॥ देवासुरमभूद्युद्धं पूर्णमब्दशतं पुरा। महिषेऽसुराणामधिपे देवानां च पुरन्दरे॥२॥ तत्रासुरैर्महावीर्यैर्देवसैन्यं पराजितम्। जित्वा च सकलान्देवानिन्द्रोऽभून्म-

सुर मर्दिनी महालक्ष्मी देवी का ध्यान करना चाहिये, जो कि रुद्राक्ष की माला, फरसा, गदा, बाण, वज्र, पद्म, धनुष, कुण्डिका, दण्ड, शक्ति, ढाल, घण्टा, सुरापात्र, शूल, चक्र धारण किये हुए हैं।

ऋषि बोले ॥१॥ प्राचीन काल में देवताओं के राजा इन्द्र और असुरों के राजा महिषासुर में पूरे सौ वर्ष तक घोर संग्राम हुआ ॥ २ ॥ इस संग्राम में पराक्रमी असुरों ने देवताओं की सेना को परास्त कर दिया और सारे देवताओं को विजय करके महिषासुर इन्द्र होगया ॥ ३ ॥ तब

हिषासुरः ।३। ततः पराजिता देवाः पद्मयोनिं प्रजापतिम् । रस्कृत्य गतास्तत्र यत्रेशगरुडध्वजौ ४ यथावृत्तं तयोस्तद्वन्महिषासुरचेष्टितम् । त्रिदशाःकथयामासुर्देवाभिभवविस्तरम् ।५। सूर्येन्द्राग्यनिलेन्दूनां यमस्य वरुणस्य च । अन्येषां चाधिकारान् स स्वयमेवाधितिष्ठति ६ स्वर्गान्निराकृताः सर्वे तेन देवगणा भुवि । विचरन्ति यथा मर्त्या महिषे-

पराजित देवता प्रजापति ब्रह्मा को आगे करके भगवान विष्णु और शङ्कर के पास गये ।४। और अपनी पराजय तथा महिषासुर के बल का पूरा वृत्तान्त विस्तार सहित सुनाया ॥ ५ ॥ सूर्य इन्द्र, अग्नि, वायु, चन्द्रमा, धर्मराज वरुण आदि सब देवताओं के अधिकार छीन कर स्वयम् ही सबका

स्वामी बन बैठा है ॥६॥ उस दुरात्मा महिष ने सम्पूर्ण देवताओं को स्वर्ग से निकाल दिया है इस कारण वे मनुष्य की तरह अब पृथ्वी पर विचर रहे हैं ॥ ७ ॥ देवताओं के शत्रु असुर का सब हाल हमने आपसे कहा, हम आपकी शरण हैं उसके वध करने का शीघ्र ही विचार कीजिये ॥८॥

ण दुरात्मना ।७। एतद्वः कथितं सर्वममरारिविचेष्टितम् । शरणं वः प्रपन्नाः स्मो वधस्तस्य विचिन्त्यताम् ।८। इत्थं निशम्य देवानां वचांसि मधुसूदनः । चकार कोपं शम्भुश्च भ्रुकुटीकुटिलाननौ ९ ततोऽतिकोपपूर्णस्य चक्रिणो वदनात्ततः । निश्चक्राम महत्तेजो ब्रह्मणः शङ्करस्य च ।१०। अन्येषां चैव देवानां शक्रादीनां शरीरतः । निर्गतं सुमहत्तेज-

देवताओं के समस्त वचन सुनकर भगवान (मधुसूदन) और शङ्करजी अत्यन्त क्रुद्ध हुए, भौंहें तन गईं, मुख लाल होगया ।९। पूर्ण क्रोध के कारण ब्रह्मा, विष्णु महादेव के मुख से एक बड़ा तेज प्रकट हुआ ॥१०॥ अन्य इन्द्रादिक देवताओं के अङ्गों से भी तेज प्रकट होकर एक जगह इकट्ठा

होगया ॥११॥ जिसकी ज्वाला से सम्पूर्ण दिशायें व्याप्त होगईं और उस तेज के पुञ्ज को जलते हुए पर्वत के समान देवताओं ने देखा ॥१२॥ सब देवताओं के शरीर से निकला हुआ वह एकत्रित अतुल तेज अपनी कान्ति से तीनों लोकों को प्रकाशमान करके एक स्त्री के रूप में बदल गया

स्त च्चैक्यं समगच्छत।११।अतीव तेजसःकूटं ज्वलन्तमिव पर्वतम्। ददृशुस्ते सुरास्तत्रज्वालाव्याप्तदिगन्तरम् ।१२। अतुलं तत्र तत्तेजः सर्वदेव शरीरजम्। एकस्थं तदभून्नारी व्याप्तलोकत्रयंत्विषा।१३।यदभूच्छाम्भवं तेजस्तेनाजायत तन्मुखम्।याम्येन चाभवन्केशा बाहवो विष्णुतेजसा १४ सौम्येन स्तनयोर्युग्मं मध्यं चैन्द्रेण चाभवत्। वा-

॥१३॥ शिवजी के तेज से उस स्त्री का मुख, धर्मराज के तेज से बाल, विष्णु के तेज से भुजायें, चन्द्रमा के तेज से दोनों कुच, इन्द्र के तेज से कटिभाग, वरुण के तेज से जंघाएं, पृथ्वी से तेज से दोनों नितम्ब, ब्रह्मा के तेज से दोनों पैर, सूर्य के तेज से पाँवों की अंगुलियाँ, वसुओं के तेज से

हाथों की अंगुलियाँ, कुवेर के तेज से नासिका, प्रजापति के तेज से दाँत, अग्नि के तेज से तीनों नेत्र, सन्ध्याओं के तेज से भ्रुकुटी, वायु के तेज से दोनों कर्ण, तथा इसी प्रकार अन्य सब देवताओं

रुणेन च जङ्घोरू नितंबस्तेजसा भुवः ।१५। ब्रह्मणस्तेजसा पादौ तदंगुल्योऽर्कतेजसा । वसूनां च करांगुल्यः कौबेरेण च नासिका १६ तस्यास्तु दन्ताःसंभूताःप्राजापत्येन तेजसा । नयनत्रितयं जज्ञे तथा पावक तेजसा।१७।भ्रुवौ च सन्ध्ययोस्तेजःश्रवणावनिलस्य च अन्येषां चैव देवानां सम्भवस्तेजसां शिवा।१८।ततःसमस्तदेवानां तेजोराशिसमुद्भवाम् । तां विलोक्य मुदं प्रापुरमरा महिषार्दिता१९

के तेज से शिवा (दुर्गाजी) प्रकट हुईं ॥१४—१८॥ इस प्रकार समस्त देवताओं के तेज से उत्पन्न हुई उस देवी को देखकर महिषासुर से सताये हुए सब देवता प्रसन्न हो गये ॥१९॥ फिर शिवजी

ने अपने त्रिशूल में से एक त्रिशूल निकाल कर और भगवान कृष्ण ने अपने चक्र में से एक चक्र निकाल कर उस दुर्गा को दिया ।।२०।। वरुण ने शंख, अग्नि ने शक्ति, वायु ने धनुष और वाणों से भरे हुए दोनों तरकस भेंट किये ।।२१।। देवराज इन्द्र ने अपने वज्र में से वज्र निकाल कर तथा

शूलं शूलाद्विनिष्कृष्य ददौ तस्यै पिनाकधृक् । चक्रञ्च दत्तवान् कृष्णः समुत्पाद्य स्वचक्रतः ।२०। शङ्खञ्च वरुणः शक्तिं ददौ तस्यै हुताशनः। मारुतो दत्तवांश्चापं वाणपूर्णे तथेषुधी ।२१। वज्रमिन्द्रः समुत्पाद्य कुलिशादमराधिपः ददौ तस्यै सहस्राक्षो घण्टामैरावताद् गजात् ।२२। कालदंडाद्यमो दंडं पाशं चाम्बुपतिर्ददौ । प्रजापतिश्चाक्षमालां ददौ ब्रह्मा कमंडलुम् ।२३। समस्तरोमकूपेषु निजरश्मीन् दिवा-

अपने ऐरावत हाथी का घण्टा निकाल कर दिया ।।२२।। धर्मराज ने अपने काल दण्ड में से दंड, वरुण ने पाश, प्रजापति ने रुद्राक्ष की माला तथा ब्रह्माजी ने कमण्डल दिया ।।२३।। सूर्य ने अपनी

किरणों देवी के तमाम रोम कूपों में भरदीं, काल ने खड्ग और सुन्दर ढाल अर्पण की ॥२४॥ क्षीर सागर ने सुन्दर हार तथा नवीन वस्त्र, दिव्य चूड़ामणि, कुण्डल कड़े, शुभ्र, अर्द्ध चन्द्र, सब भुजाओं के लिये बाजूबन्द, पैरों के लिये सुन्दर नूपुर और गले के लिये उत्तम कण्ठा, अंगुलियों के लिये

करः। कालश्च दत्तवान् खड्गं तस्याश्चर्म च निर्मलम् २४ क्षीरोदश्चामलं हारमजरे च तथाम्बरे। चूडामणिं तथा दिव्यं कुण्डले कटकानि च २५ अर्धचंद्रं तथा शुभ्रम् केयूरांसर्वबाहुषु। नूपुरौ विमलौ तद्वद् ग्रैवेयकमनुत्तमम् २६ अंगुलीयकरत्नानि समस्तास्वंगुलीषु च। विश्वकर्मा ददौ तस्यै परशुञ्चातिनिर्मलम् २७ अस्त्राण्यनेकरूपाणि तथाभेद्यं च

रत्न जड़ित अंगूठियाँ प्रदान कीं। विश्वकर्मा ने अति निर्मल फरसा भेंट किया ॥२५–२७॥ तथा अनेक तरह के अस्त्र और अभेद्य कवच दिया एवं सुन्दर खिले हुए कमल की दो माला शिर और गले में धारण करने के लिए और कमल का सुन्दर फूल समुद्र ने भेंट किये। और हिमालय ने

सिंह सवारी के लिये तथा नाना प्रकार के रत्न दिये ॥२८-२९॥ कुवेर ने मदिरा से भरा हुआ पात्र दिया और इस पृथ्वी को धारण करने वाले सम्पूर्ण नागों के स्वामी शेष नाग ने महामणियों

दंशनं। अम्लानपंकजां मालां शिरस्युरसि चापराम्॥२८।
अददज्जलधिस्तस्यै पंकजञ्चातिशोभनम्। हिमवान्वाहनं
सिंहं रत्नानि विविधानि च२९ददावशून्य सुरया पानपात्रं
धनाधिपः। शेषश्च सर्वनागेशो महामणिविभूषितम् ३०
नागहारं ददौ तस्यै धत्ते यः पृथिवीमिमाम्। अन्यैरपि सुरैर्देवी
भूषणैरायुधैस्तथा ।३१। सम्मानिता ननादोच्चैः साट्टहासं
मुहुर्मुहुः। तस्या नादेन घोरेण कृत्स्नमापूरितम् नभः

से शोभित ॥३०॥ एक नाग हार दिया। इसी प्रकार अन्य देवताओं ने भी आभूषण और आयुध देकर देवी का सम्मान किया, तदुपरान्त देवी ने जोर से बार बार अट्टहास किया। जिसकी घोर

गर्जना से आकाश मण्डल गूंज उठा ॥ ३१–३२ ॥ देवी की इस प्रकार से की हुई सिंह गर्जना कहीं न समा सकी और उसकी ऐसी प्रतिध्वनि हुई कि उससे सारे लोक तथा समुद्र कम्पायमान होगये ॥ ३३ ॥ सारी पृथ्वी तथा पर्वत चलायमान होगये, तब सम्पूर्ण देवता प्रसन्न होकर उस सिंह

।३२।अमायतातिमहता प्रतिशब्दो महानभूत्। चुक्षुभुः सकला लोकाः समुद्राश्च चकम्पिरे ३३ चचाल वसुधा चेलुः सकलाश्च महीधराः। जयेति देवाश्च मुदा तामूचुः सिंहवाहिनीम् ।३४। तुष्टुवुर्मुनयश्चैनां भक्तिनम्रात्ममूर्तयः। दृष्ट्वा समस्तं संक्षुब्धं त्रैलोक्यममरारयः ३५ सन्नद्धाखिलसैन्यास्ते समुत्तस्थुरुदायुधाः। आः किमेतदिति क्रोधादाभाष्य

पर बैठी हुई देवी की जय जयकार करने लगे ॥ ३४ ॥ मुनियों ने भी भक्ति भाव से नत मस्तक होकर देवी की स्तुति की, दैत्यों ने सारी त्रिलोकी को क्षुब्ध देखकर ॥ ३५ ॥ अपनी संपूर्ण सेना तैयार की और शस्त्र लेकर उठे। उस समय महिषासुर क्रोध में भरकर बोला यह क्या हो

रहा है ।३६। इस प्रकार कहकर सम्पूर्ण असुरों के साथ उस घोर शब्द की तरफ दौड़ा और उसने उस देवी को देखा जो तीनों लोकों में व्याप्त थी जिसके पैरों के दबाव से पृथ्वी दब रही थी, मुकुट जिसके आकाश को छू रहे थे, जिसके धनुष की टङ्कोर से सम्पूर्ण पाताल काँप रहे थे ॥३७–३८॥

महिषासुरः। ३६। अभ्यधावत तं शब्दमशेषैरसुरैर्वृतः। स ददर्श ततो देवीं व्याप्तलोकत्रयान्त्विषा ॥३७॥ पादाक्रान्त्या नतभुवं किरीटोल्लिखिताम्बराम्। क्षोभिताशेषपातालां धनुर्ज्यानिःस्वनेन ताम्॥ ३८॥ दिशो भुजसहस्रेण समन्ताद् व्याप्य संस्थिताम्। ततः प्रववृते युद्धं तया देव्या सुरद्विषाम्। ३९। शस्त्रास्त्रैर्बहुधा मुक्तैरादीपितदिग-

जिसकी सहस्र भुजाओं से सारी दिशायें व्याप्त हो रही थीं। तदनन्तर ऐसी देवी के साथ उन असुरों ने युद्ध छेड़ दिया ॥ ३९ ॥ तरह २ के शस्त्रास्त्र के प्रहार से दशों दिशाऐं देदीप्यमान हो गईं, फिर महिषासुर का चिक्षुर नामक सेना नायक ॥४०॥ संग्राम करने लगा और चामर नाम का दैत्य

बलवान चतुरंगिणी सेना लेकर और उदग्र नाम का दैत्य साठ हजार रथों को लेकर युद्ध करने लगा ॥४१॥ एक करोड़ रथ के साथ महाहनु और पांच करोड़ रथ की सेना लेकर असिलोमा

न्तरम्। महिषासुरसेनानीश्चिक्षुराख्यो महासुरः४० युयुधे चामरश्चान्यैश्चतुरङ्ग बलान्वितः। रथानामयुतैःषड्भिरुदग्राख्यो महासुरः४१ अयुध्यतायुतानाञ्च सहस्रेण महाहनुः । पञ्चाशद्भिश्च नियुतैरसिलोमामहासुरः ४२ अयुतानां शतैःषडभिर्वाष्कलो युयुधे रणे। गजवाजिसहस्रौघैरनेकैःपरिवारितः।४३। वृतो रथानाङ्कोट्याच युद्धे तस्मिन्नयुध्यत। विडालाख्योऽयुतानाञ्चपञ्चाशद्भि-

नामक दैत्य और साठ लाख रथों की सेना तथा हजारों हाथी घोड़ाओं की नाना प्रकार की सेना लेकर वाष्कल नाम का दैत्य युद्ध करने लगा ॥४२—४३॥ विडाल नाम के दैत्य ने एक करोड़

पचास लाख सेना सहित युद्ध किया ॥४४॥अन्य भी बहुत से असुर, रथ, हाथी और घोड़ा लेकर देवी के साथ संग्राम में जुट गये, फिर महिषासुर भी करोड़ों रथ हाथी तथा घोड़ों की सेना के साथ युद्धस्थल में आ पहुँचा,वे दैत्य तोमर, भिन्दपाल, शक्ति, मुशल, खड्ग, फरसा, पट्टिश आदि

रथायुतैः।४४। युयुधेसंयुगे तत्र रथानां परिवारितः। अन्ये च तत्रायुतशो रथनागहयैर्वृताः।४५। युयुधुः संयुगे देव्या सह तत्र महासुराः। कोटिकोटिसहस्रैस्तु रथानां दन्तिनां तथा ४६ हयानाञ्च वृतो युद्धे तत्राभून्महिषासुरः। तोमरैर्भिन्दिपालैश्च शक्तिभिर्मुसलैस्तथा ४७ युयुधुःसंयुगे देव्या खड्गैःपरशुपट्टिशैः। केचिच्च चिक्षिपुःशक्तीःकेचित्पाशांस्तथापरे४८ देवीं खड्गप्रहारैस्तु ते तां हन्तुम् प्रच-

अस्त्र शस्त्रों से देवी के साथ युद्ध करने लगे। कोई शक्ति से तथा कोई पाशादि से प्रहार करते थे ॥४५-४८॥ बहुत से असुर देवी को तलवार से मारने को दौड़े तब उस चण्डिका देवी ने अपने

शस्त्रास्त्र बरषा कर उन दैत्यों के शस्त्र खेल ही में काट डाले । देवर्षियों द्वारा स्तुति की हुई प्रसन्न ॥४९–५०॥ देवी दैत्यों के शरीरों पर अस्त्र शस्त्र बरषाने लगी और देवी का वाहन सिंह भी क्रोधित होकर अपनी गर्दन के बाल हिलाता हुआ दैत्य सेना में वन में लगी हुई अग्नि के समान

क्रमुः। सापि देवि ततस्तानि शस्त्राण्यस्त्राणि चंडिका।४९
लीलयैव प्रचिच्छेद निजशस्त्रास्त्रवर्षिणी। अनायस्तानना देवी स्तूयमाना सुरर्षिभिः ५० मुमोचासुरदेहेषु शस्त्राण्यस्त्राणि चेश्वरी। सोपि क्रुद्धो धुतसटो देव्या वाहनकेसरी ५१ चचारासुरसैन्येषु वनेष्विव हुताशनः। निःश्वासान्मुमुचे यांश्च युध्यमाना रणेऽम्बिका ५२ त एवसद्यः सम्भूता गणाःशतसहस्रशः। युयुधुस्ते परशुभिर्भिन्दिपालासिपट्टि-

घूमने लगा और संग्राम में लड़ती हुई अम्बिका देवी ने जितने श्वास छोड़े ॥ ५१–५२ ॥ वे श्वास शीघ्र ही सैकड़ों हजारों गण बन गये और भिन्दपाल, फरसा, पट्टिश आदि शस्त्रों से युद्ध करने

लगे ॥ ५३ ॥ देवी की शक्ति को पाकर वे गण असुरों का संहार करने लगे। और उस युद्ध
उत्सव में ढोल, शङ्ख, मृदङ्ग बजाने लगे फिर देवी ने त्रिशूल, गदा और शक्ति की बरषा से तथा
खड्ग आदि से सैंकड़ों दैत्यों को मार डाला तथा अन्य असुरों को घण्टों की आवाज से विमोहित

शः५३ नाशयन्तोऽसुरगणान्देवीशक्त्युपबृंहिताः। अवा-
दयन्त पटहान् गणाः शंखांस्तथापरे५४मृदङ्गाश्च तथैवा-
न्ये तस्मिन्युद्धमहोत्सवे। ततो देवी त्रिशूलेन गदया श-
क्तिवृष्टिभिः५५ खड्गादिभिश्च शतशो निजघान महासुरा-
न्। पातयामास चैवान्यान् घण्टास्वनविमोहितान्॥५६॥
असुरान्भुवि पाशेन बद्ध्वा चान्यानकर्षयत्। केचिद्द्वि-
धाकृतास्तीक्ष्णैः खड्गपातैस्तथापरे५७विपोथिता निपा-

कर दिया ॥५४॥५५॥५६॥ कितने ही असुरों को पाश से बाँधकर पृथ्वी पर खैंच लिया तथा कितने
ही असुरों के खड्ग के प्रहार से टुकड़े कर दिये ॥५७॥ कितने ही गदा की मार से पृथ्वी पर लोटने

लगे। कितने ही मूसल की चोट खाकर मुख से रुधिर बहाने लगे ॥५८॥ कितने ही हृदय में शूल लगने के कारण आहत होकर पृथ्वी पर गिर पड़े और कितने ही युद्ध भूमि में बाणों से मर गये ॥५९॥ देवताओं को कष्ट देने वाले वे कितने ही असुर मरने लगे, कितने ही की बाहु और गर्दन

तेन गदया भुवि शेरते। वेमुश्च केचिद्रुधिरं मुसलेन भृशं हताः५८ केचिन्निपतिता भूमौ भिन्नाः शूलेन वक्षसि। निरन्तराः शरौघेण कृताः केचिद्रणाजिरे५९ सेनानुकारिणः प्राणान्मुमुचुस्त्रिदशार्दनाः। केषाञ्चिद्बाहवश्छिन्नाश्छिन्नग्रीवास्तथापरे ६० शिरांसि पेतुरन्येषामन्ये मध्ये विदारिताः विच्छिन्नजंघास्त्वपरे पेतुरुर्व्यां महासुराः।६१।एकबाह्वक्षि-

कटकर छिन्न भिन्न होगईं ॥६०॥ कोई के शिर कट गये, कोई बीच में से काट डाले गये, कितने ही महाअसुर जंघा कट जाने से पृथ्वी पर गिर पड़े ॥६१॥ देवी ने कितने ही को एक भुजा, एक आँख, एक पांव, काट कर दो दो टुकड़े कर दिये, कितने ही असुर मस्तक कट जाने से पृथ्वी पर

गिर पड़ते थे और फिर उठ बैठते थे ॥६२॥ रुण्डों ने हाथ में अस्त्र लेकर युद्ध किया। बहुत से असुर बाजों की लय के साथ नाचते थे।६३। कितने ही असुरों के रुण्ड जिनके हाथ में खड्ग, शक्ति और ऋष्टि हैं देवी से ठहर ठहर! पुकार रहे थे ॥६४। वह युद्धस्थल हाथी घोड़ों के गिर

चरणाःकेचिद्देव्या द्विधाकृताः। छिन्नेऽपि चान्ये शिरसि पतिताःपुनरुत्थिताः६२ कबन्धा युयुधुर्देव्या गृहीतपरमायुधाः। ननृतुश्चापरे तत्र युद्धे तूर्यलयाश्रिताः६३ कबन्धाश्छिन्नशिरसः खड्गशक्त्यृष्टिपाणयः। तिष्ठतिष्ठेति भाषन्तो देवीमन्ये महासुराः६४पातितै रथनागाश्वैरसुरैश्च वसुन्धरा। अगम्या साभवत्तत्र यत्राभूत्स महारणः६५ शोणितौघा महानद्यःसद्यस्तत्र प्रसुस्रुवुः। मध्ये चासुरसै-

जाने से ऐसा पट गया था कि रास्ता बन्द हो गया ॥६५॥ असुर सेना के बीच में पड़े हुए हाथी घोड़ों और असुरों के शरीर से खून की नदियाँ बहने लगीं। ६६॥ अम्बिका देवी ने उस महाअसुर

सेना का क्षणभर में ऐसे नाश कर दिया जैसे तृण और काष्ठ के ढेर में लगी हुई अग्नि उसे जला डालती है ॥६७॥ वह सिंह भी महा नाद करता हुआ गर्दन के बाल हिलाता हुआ ऐसा मालूम होता

न्यस्य वारणासुरवाजिनाम् ६६ क्षणेन तन्महासैन्यमसुराणान्तथाम्बिका। निन्ये क्षयं यथावह्निस्तृणदारुमहाचयम् ६७ स च सिंहो महानादमुत्सृजन्धुतकेसरः। शरीरेभ्योऽमरारीणामसूनिव विचिन्वति ६८ देव्या गणैश्च तैस्तत्रकृतं युद्धंमहासुरैः। यथैषां तुतुषुर्देवाःपुष्पवृष्टिमुचो दिवि ६९

था मानो शत्रु के प्राणों को खोज रहा है। उन असुरों के साथ युद्ध करने वाले देवी के गणों पर देवता प्रसन्न होकर आकाश में से पुष्प बरषाने लगे ॥ ६८ ॥ ६९ ॥

इति श्री मार्कण्डेय पुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवी माहात्म्ये महिषासुर सैन्यवधो नाम द्वितीयोऽध्यायः ।२।

* अथ तृतीयोऽध्याय *

अथ ध्यानम् ॐ उद्यद्भानुसहस्रकांतिमरुणक्षौमां शिरोमालिकां रक्तालिप्तपयोधरां जपवटीं विद्यामभीतिं वरम्। हस्ताब्जैर्दधतीं त्रिनेत्रविलसद्वक्त्रारविंदश्रियं देवीं बद्धहिमांशुरत्नमुकुटां वंदेऽरविंदस्थिताम् ॥

ऋषिरुवाच १ निहन्यमानं तत्सैन्यमवलोक्य महासुरः। सेनानीश्चिक्षुरः कोपाद्ययौ योद्धु मथाम्बिकाम् ।२। स देवीं शरवर्षेण ववर्ष समरेऽसुरः। यथा मेरुगिरेः शृङ्गं तोयवर्षेण

ऋषि बोले ॥१॥ सेनापति चिक्षुर अपनी सेना को इस प्रकार नष्ट होती हुई देखकर क्रोधित होकर देवी के साथ युद्ध करने को गया ॥२॥ वह असुर युद्ध में देवी के ऊपर बाणों की इस प्रकार

वर्षा करने लगा, जिस प्रकार मेरु पर्वत की चोटी पर बादल जल वर्षाते हैं ॥३॥ तब देवी ने लीला से ही अपने शरों से चिक्षुर के शरों को काट दिया और उसके सारथी तथा घोड़ों को मार दिया ॥४॥ और तुरन्त ही उसके धनुष को और ऊँची ध्वजा को काट दिया। उसके धनुष के कटते ही

तोयदः ।३। तस्यच्छित्त्वा ततो देवी लीलयैव शरोत्करान्। जघान तुरगान्बाणैर्यन्तारञ्चैव वाजिनाम् ।४। चिच्छेद च धनुःसद्यो ध्वजञ्चातिसमुच्छ्रितम्। विव्याध चैव गात्रेषु छिन्नधन्वान् माशुगैः।५। सच्छिन्नधन्वा विरथो हताश्वो हतसारथिः। अभ्यधावत तां देवीं खड्गचर्मधरोऽसुरः ॥६॥ सिंहमाहत्य खड्गेन तीक्ष्णधारेण मूर्द्धनि। आजघान भुजे सव्ये

उसके अङ्गों को बाणों से बेध दिया ॥५॥ पश्चात् धनुष, रथ, घोड़े, तथा सारथी के नष्ट हो जाने पर वह असुर ढाल तलवार लेकर उस देवी के सम्मुख दौड़ा ॥६॥ और तेज धार वाले अपने खड्ग से सिंह के मस्तक पर आघात करके देवी की बाँई भुजा पर बड़े वेग से तलवार मारी ॥ ७ ॥ हे

राजन् ! देवी की भुजा पर लगने से तलवार टूट गई, फिर उसने क्रोध से लाल नेत्र करके त्रिशूल उठाया ॥८॥ और उस महा असुर ने उसे भद्रकाली देवी की ओर फेंका, आकाश से आते हुए सूर्य के समान उस अत्यन्त प्रकाशमान् शूल को देखकर देवी ने अपना त्रिशूल छोड़ा, जिससे उस

देवीमप्यतिवेगवान् ॥७॥ तस्या:खड्गो भुजम्प्राप्य पफाल नृपनंदन। ततो जग्राह शूलं स कोपादरुणलोचनः।८। चिक्षेप च ततस्तत्तु भद्रकाल्यांमहासुरः। जाज्वल्यमानं तेजोभी रविबिम्बमिवाम्बरात्।९। दृष्ट्वा तदापतच्छूलं देवीशूलममुञ्चत। तच्छूलं शतधा तेन नीतं स च महासुरः१० हते तस्मिन्महावीर्ये महिषस्य चमूपतौ। आजगाम गजा-

असुर के त्रिशूल के सैकड़ों टुकड़े कर दिये और उस असुर को भी मार दिया ॥ ९–१० ॥ जब महिषासुर का सेनापति चिक्षुर मर गया, तब देवताओं को काट देने वाला असुर चामर हाथी पर चढ़कर आया ॥११॥ उसने देवी पर शक्ति छोड़ी, उसे अम्बिका ने शीघ्र ही हुङ्कार शब्द से

निस्तेज करके पृथ्वी पर पटक दिया ॥१२॥ शक्ति के टूट कर गिर जाने पर चामर ने अत्यन्त क्रुद्ध होकर अपना त्रिशूल चलाया, भगवती ने उसको भी बाणों से छेद डाला ॥१३॥ इसके बाद भगवती का सिंह उछल कर हाथी पर बैठ गया और उस असुर के साथ युद्ध करने लगा ॥१४॥ फिर

रूढश्चामरस्त्रिदशार्दनः ११सोऽपि शक्तिंमुमोचाथ देव्यास्तामम्बिका द्रुतम् । हुङ्काराभिहतांभूमौ पातयामास निष्प्रभाम् ।१२। भग्नां शक्तिं निपतितां दृष्ट्वा क्रोधसमन्वितः । चिक्षेप चामरः शूलं बाणैस्तदपि साच्छिनत् १३ ततः सिंहः समुत्पत्य गजकुंभान्तरे स्थितः । बाहुयुद्धेन युयुधे तेनोच्चैस्त्रिदशारिणा १४ युद्ध्यमानौ ततस्तौ तु तस्मान्नागान्म-

वे दोनों युद्ध करते करते हाथी के ऊपर से नीचे पृथ्वी पर गिर पड़े और अत्यन्त क्रोधित होकर एक दूसरे पर प्रहार करने लगे । फिर सिंह बड़े वेग से आकाश की तरफ उछला और पृथ्वी

पर गिरते समय उसने अपने पंजों की मार से चामर का सिर अलग कर दिया ।१६। देवी ने उदग्र को शिला, वृक्ष आदि से मार डाला तथा कराल के दाँत, घूंसा और लात आदि से प्राण ले लिये ॥१७॥ फिर देवी ने क्रोधित होकर गदा की मार से उद्धत को मार दिया, वाष्कल को भिन्दिपाल

होऽन्ततो। युयुधातेऽतिसंरब्धौ प्रहारैरतिदारुणैः।१५।ततो वेगात्खमुत्पत्य निपत्य च मृगारिणा। करप्रहारेण शिरश्चामरस्य पृथक्कृतम् १६ उदग्रश्च रणे देव्या शिलावृक्षादिभिर्हतः। दन्तमुष्टितलैश्चैव करालश्च निपातितः।१७। देवी क्रुद्धा गदापातैश्चूर्णयामास चोद्धतम्। वाष्कलं भिन्दिपालेन बाणैस्ताम्रम् तथान्धकम् १८ उग्रास्यमुग्रवीर्यञ्च तथैव च महाहनुम्। त्रिनेत्रा च त्रिशूलेन जघान परमे-

से, ताम्र और अन्धक को बाणों से ॥१८॥ और त्रिनेत्र वाली देवी ने त्रिशूल से उग्रास्य उग्रवीर्य महाहनु का संहार कर दिया ॥१९॥ खड्ग से विडाल का सिर काट दिया, दुर्धर व दुर्मुख दोनों

को वाणों की मार से यमपुर पहुँचा दिया ॥२०॥ इस प्रकार अपनी सेना के हार जाने पर महिषासुर भैंसे का रूप धारण करके देवी के गणों को डरपाने लगा २१ कितने ही गणों को मुख के प्रहार से, कितने ही को खुरों से, कितने ही को पूंछकी फटकार से, कितने ही को सींगों की चोटों से

श्वरी॥१६॥विडालस्यासिना कायात्पातयामास वै शिरः। दुर्धरं दुर्मुखञ्चोभौ शरैर्निन्ये यमक्षयम् २० एवं संक्षीयमाणे तु स्वसैन्ये महिषासुरः। माहिषेण स्वरूपेण त्रासयामासतान्गणान् २१ कांश्चित्तुण्डप्रहारेण खुरक्षेपैस्तथापरान्। लांगूलताडितांश्चान्याञ्छृङ्गाभ्यां च विदारितान्।२२। वेगेन कांश्चिदपरान्नादेन भ्रमणेन च। निःश्वासपवनेनान्यान्पातयामास भूतले।२३ निपात्य प्रमथानीकमभ्यधावत सो-

कितने ही को तेज दौड़ने से, कितने ही को मुख की गर्जना से, कितने ही को चक्कर देकर, कितने ही को श्वास की वायु से, महिषासुर ने भूमि पर गिरा दिया ॥ २२–२३ ॥ इस प्रकार गणों की

सेना के गिरजाने पर वह असुर महादेवी के सिंह को मारने को दौड़ा,इस पर अम्बिका कोपित हो गई ॥ २४ ॥ फिर बलशाली असुर भी क्रोधित होकर खुरों से पृथ्वी को खोदने तथा ऊँचे ऊँचे पर्वतों को सींगों से फेंकने लगा और गर्जना करने लगा ॥२५॥ उसके तीव्र भ्रमण से पृथ्वी फटने लगी और पूंछ के झकोरने से समुद्र का पानी चारों तरफ फैलने लगा॥२६॥सींगों के आघात से मेघों के टुकड़े २ होगये और श्वास की वायु से आकाश में उड़े हुए सैकड़ों पर्वत नीचे गिरने लगे ॥२७॥ इस प्रकार क्रोधाग्नि में भर कर हमला करने वाले असुर को वह चण्डिका देवी देखकर

ऽसुरः। सिंहं हन्तुं महादेव्याःकोपञ्चक्रे ततोऽम्बिका।२४। सोऽपि कोपान्महावीर्यःखुरक्षुण्णमहीतलः। शृङ्गाभ्यांपर्वतानुच्चांश्चिक्षेप च ननाद च २५ वेगभ्रमणविक्षुण्णामही तस्य व्यशीर्यत। लांगूलेनाहतश्चाब्धिः प्लावयामास सर्वतः२६। धुतशृङ्ग विभिन्नाश्च खण्डं खण्डं ययुर्घनाः। श्वासानिलास्ताःशतशो निपेतुर्नभसोऽचलाः।२७।इति क्रो-

उसके संहार करने के लिये क्रोधित होगई ॥२८॥ देवी ने पाश फेंककर उस असुर को बाँध लिया, बँधजाने पर असुर ने भैंसे का रूप त्याग दिया ।२९। और शीघ्र ही सिंह का रूप बनाकर प्रकट हुआ, जैसे ही अम्बिका उसका शिर काटने को तैयार हुई तैसे ही वह तलवार लेकर मनुष्य के रूप

घसमाध्मातमापतन्तं महासुरम्। दृष्ट्वा स चंडिका कोपंतद्वधाय तदाकरोत्॥२८॥सा क्षिप्त्वा तस्य वै पाशं तं बबंध महासुरम्॥ तत्याज माहिषं रूपं सोऽपि बद्धो महामृधे २९॥ततः सिंहोऽभवत्सद्यो यावत्तस्याम्बिका शिरः। छिनत्ति तावत्पुरुषः खड्गपाणिरदृश्यत॥३०॥तत एवाशु पुरुषं देवी चिच्छेद सायकैः। तं खड्गं चर्मणा सार्धं ततः सोऽभून्म-

में दिखाई देने लगा ॥ ३० ॥ फिर देवी ने बाण बरसा कर ढाल तलवार सहित उस मनुष्य को काट दिया, वह तत्काल ही फिर हाथी के रूप में प्रकट हुआ ॥३१॥ और अपनी सूंड़ से भगवती के महान् सिंह को खींचने लगा, तब देवी ने अपने खड्ग से उसकी सूंड़ को काट डाली ॥३२॥ इसके

बाद महा असुर ने फिर भैंसे का रूप बना लिया और सब चराचर जीवों सहित त्रिलोकी के मनुष्यों को पहिले की भाँति कष्ट पहुँचाने लगा ॥३३॥ तब क्रोधित हुई जगन्माता उत्तम मदिरा का पान करने लगी तथा लाल लाल नेत्र करके बार बार हँसने लगी ॥३४॥ शक्ति से मदोन्मत्त हुआ असुर

हागजः ३१ करेण च महासिंहं तञ्चकर्ष जगर्ज च। कर्षतस्तु करं देवी खड्गेन निरकृंतत ।३२। ततो महासुरो भूयो माहिषं वपुरास्थितः। तथैव क्षोभयामास त्रैलोक्यं सचराचरम् ३३। ततः क्रुद्धा जगन्माता चंडिका पानमुत्तमम्। पपौ पुनः पुनश्चैव जहासारुणलोचना ३४ ननर्द चासुरः सोऽपि बलवीर्यमदोद्धतः। विषाणाभ्यां च चिक्षेप चंडिकां प्रति भूधरान् ३५ सा च तान् प्रहितांस्तेन चूर्णयन्ती शरोत्करैः। उवाच तं

भी घोर गर्जना करने लगा और अपने सींगों से चंडिकाजी की तरफ पर्वतों को फेंकना शुरू किया ॥३५॥ फिर उस देवी ने अपने बाण समूहों से उन पर्वतों को चूर्ण कर दिया और लड़खड़ाते हुए

वचनों से मद के पीने से रक्त मुख वाली देवी कहने लगी ॥३६॥ देवी बोली ॥३७॥ अरे मूर्ख ! मैं जब तक सुरापान करती हूँ तब तक पल भर के लिये तू गर्जले । फिर मैं तुझे इसी जगह पर मार दूंगी, फिर यहाँ शीघ्र देवता ही गर्जना करेंगे ॥३८॥ ऋषि बोले ॥३९॥ इस प्रकार कहकर

मदोद्धूतमुखरागाकुलाक्षरम् ३६ देव्युवाच ३७ गर्ज गर्ज क्षणंमूढ मधु यावत्पिबाम्यहम् । मया त्वयि हतेऽत्रैव गर्जिष्यंत्याशु देवताः ३८ ऋषिरुवाच ३९ एवमुक्त्वा समुत्पत्य साऽऽरूढा तं महासुरम् । पादेनाक्रम्य कण्ठे च शूलेनैनमताडयत् ४० ततः सोऽपि पदाऽऽक्रांतस्तया निजमुखात्ततः । अर्धनिष्क्रान्त एवासीद् देव्या वीर्येण संवृतः ।४१।

देवी उछल कर उस असुर के ऊपर चढ़ गई और अपने पैरों से उसे दबाकर त्रिशूल से उसके कंठ को काटने लगी ॥४०॥ फिर वह देवी के पैरों से दबा हुआ असुर भी अपने मुख की तरफ से आधा बाहर निकलने लगा, किन्तु देवी ने अपने बल से उसे रोक दिया ॥ ४१ ॥ आधा निकला

हुआ महाअसुर जब देवी से संग्राम करने लगा तो देवी ने उसका सिर अपनी तलवार से काट दिया ।४२। अनन्तर हा हा करती हुई, संपूर्ण दैत्यों की सेना के नष्ट हो जाने पर सम्पूर्ण देवता

अर्धनिष्क्रांत एवासौ युध्यमानो महासुरः। तया महासिना-देव्या शिरश्छित्त्वा निपातितः ४२ ततो हाहाकृतं सर्वं दैत्यसैन्यं ननाश तत्। प्रहर्षञ्च परं जग्मुःसकला देवतागणाः ४३ तुष्टुवुस्तां सुरा देवीं सह दिव्यैर्महर्षिभिः। जगुर्गन्धर्वपतयो ननृतुश्चाप्सरोगणाः॥४४॥

बड़े प्रसन्न हुए ॥४३॥ उस समय दिव्य महर्षियों के साथ सब देवता देवी की स्तुति करने लगे। गन्धर्वपति गाने लगे तथा अप्सरायें नाच करने लगीं ॥४४॥

* अथ चतुर्थोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॐकालाभ्रामां कटाक्षैररिकुलभयदां मौ-

लिबद्धेन्दुरेखां शंखं चक्रं कृपाणं त्रिशिखमपि करैरुद्वहन्तीं त्रिनेत्राम्। सिंहस्कन्धाधिरूढ़ां त्रिभुवनमखिलं तेजसा पूरयन्तीं ध्यायेद् दुर्गां जयाख्यां त्रिदशपरिवृतां सेवितां सिद्धिकामैः। ऋषिरुवाच॥१॥ ॐ शक्रादयः सुरगणा निहतेऽतिवीर्ये तस्मिन् दुरात्मनि सुरारिबले च देव्या। तां तुष्टुवुः प्रणति नम्रशिरोधरां सा वाग्भिः प्रहर्षपुलकोद्गमचारुदेहाः॥२॥ देव्या यया ततमिदं जगदात्मशक्त्या निश्शे-

ऋषि बोले ॥१॥ देवी द्वारा अत्यन्त पराक्रमी उस अधम महिषासुर तथा उसकी सेना के मारे जाने पर इन्द्रादि सब देवता प्रसन्न होकर शिर कण्ठ और मस्तक झुकाकर अनेक प्रकार की वाणियों से देवी की स्तुति करने लगे ॥२॥ जिस देवी की शक्ति से यह सारा संसार उत्पन्न हुआ है जो सब देवताओं की शक्ति की मूर्ति है जो समस्त देवता तथा महर्षियों से पूजी जाती है, उन

अम्बिका देवी को हम भक्ति क नमस्कार पूर्व करतेहैं वह हमारा कल्याण करें ॥३॥ जिसके अतुल प्रभाव और शक्ति को ब्रह्मा विष्णु और महादेव भी वर्णन नहीं कर सकते हैं वह चंडिका देवी जगत का पालन करे तथा अशुभ भय का नाश करने के लिये तत्पर हो ॥४॥ पुण्यवानों के गृह

षद्देवगणशक्तिसमूहमूर्त्या। तामम्बिकामखिलदेवमहर्षिपूज्यां भक्त्या नताःस्म विदधातु शुभानि सा नः।३। यस्याः प्रभावमतुलं भगवाननन्तो ब्रह्मा हरश्च न हि वक्तुमलं बलंच। सा चण्डिकाखिलजगत्परिपालनाय नाशाय चाशुभभयस्य मतिङ्करोतु।४। या श्रीः स्वयं सुकृतिनां भवनेष्वलक्ष्मीः पापात्मनां कृतधियां हृदयेषु बुद्धिः। श्रद्धा सतां कुलजनप्रभवस्य लज्जा तां त्वां नताःस्म परिपालय देवि

में आप लक्ष्मी रत्न हो, पापात्माओं के लिये विपत्ति रूप, बुद्धिमानों के हृदय में बुद्धिरूप, श्रेष्ठ पुरुषों में श्रद्धा रूप, और सत्कुल में पैदा होने वालों के लिये आप लज्जा स्वरूप हो। हे देवी!

हम आपको प्रणाम करते हैं, इस संसार का पालन करिये ।।५।। हे देवि ! आपके इस अचिन्त्य रूप का, दैत्यों के नाश करने वाली शक्ति का, असुरों के साथ युद्ध में आपके चरित्रों का हम किस प्रकार वर्णन कर सकते हैं ।।६।। त्रिगुणमयी होने पर भी सारे जगत की कारण हो, दोष आपमें ज्ञात

विश्वम् ।५। किं वर्णयाम तव रूपमचिन्त्यमेतत् किं चातिवीर्यमसुरक्षयकारि भूरि । किं चाहवेषु चरितानि तवाद्भुतानि सर्वेषु देव्यसुरदेवगणादिकेषु ।६। हेतुः समस्तजगतां त्रिगुणापि दोषैर्न ज्ञायसे हरिहरादिभिरप्यपारा । सर्वाश्रयाखिलमिदं जगदंशभूतमव्याकृता हि परमा प्रकृतिस्त्वमाद्या ।७। यस्याः समस्तसुरता समुदीरणेन तृप्तिं प्रयाति

नहीं होते, ब्रह्मा विष्णु, महेश भी आपका पार नहीं पाते हैं सबको आपका ही आश्रय है यह सारा संसार आपका ही अंश मात्र है, आप सबकी आदि शक्ति अव्याकृता, तथा परम प्रकृति हो ।।७।। हे देवि ! वह स्वाहा आप ही हैं जिसके उच्चारण से सम्पूर्ण यज्ञों में सब देवता तृप्त होते हैं और

वह स्वधा भी आपही हैं जिसके कारण पितृगणों की तृप्ति होजाती है।८। हे भगवती देवी! आप मुक्ति का कारण, अचिन्त्य ब्रह्मज्ञान रूपी महाव्रता हो, राग, द्वेष, रहित, तत्ववेत्ता, जितेन्द्रिय तथा मोक्ष की चाहना करने वाले मुनि आपका अभ्यास करते हैं, इस कारण आप सर्वोपरि हैं।९।

सकलेषु मखेषु देवि । स्वाहासि वै पितृगणस्य च तृप्तिहेतुरुच्चार्यसे त्वमत एव जनैः स्वधा च ।८। या मुक्तिहेतुरविचिन्त्यमहाव्रता च अभ्यस्यसे सुनियतेन्द्रियतत्त्वसारैः । मोक्षार्थिभिर्मुनिभिरस्तसमस्तदोषैर्विद्यासि सा भगवती परमा हि देवि । ९ । शब्दात्मिका सुविमलर्ग्यजुषां निधानमुद्गीथरम्यपदपाठवतां च साम्नाम् । देवी त्रयी भगवती भ-

शब्द रूप से आप पवित्र ऋग्वेद, यजुर्वेद तथा ओंकार युक्त सुन्दर पदों के पाठ वाले सामवेद की आश्रय हो, देवी, वेदत्रयी तथा भगवती आपही हो, प्राणी मात्र की आजीविका आप हो, तथा संसार का कष्ट दूर करने वाली आपही ।१०। हे देवि! सारे शास्त्रों का ज्ञान कराने वाली मेधा शक्ति

आपही हैं कठिन संसार सागर से पार लगाने वाली नौका रूपी दुर्गा देवी भी आप ही हैं, कैटभ के संहारक भगवान विष्णु के हृदय में निवास करने वाली लक्ष्मी एवं शिवजी से सम्मान पाने वाली गौरी रूप आपही हैं ।११। आपके मन्द मन्द मुस्कराते हुए, पूर्ण चन्द्र के सदृश निर्मल तथा

वभावनाय वार्त्ता च सर्वजगतां परमार्त्तिहन्त्री ।१०। मेधासि देवि विदिताखिलशास्त्रसारा दुर्गासि दुर्गभवसागरनौरसंगा । श्रीः कैटभारिहृदयैककृताधिवासा गौरी त्वमेव शशिमौलिकृतप्रतिष्ठा ।११। ईषत्सहासममलं परिपूर्णचन्द्रबिम्बानुकारिकनकोत्तमकान्तिकान्तम् । अत्यद्भुतंप्रहृतमात्तरुषा तथापि वक्त्रं विलोक्य सहसा महिषासुरेण ।१२। दृष्ट्वा तु देवि कुपितं भ्रुकुटीकरालमुद्यच्छशां-

स्वर्ण के समान कान्तिमान मुख को देखकर भी क्रोधित हो महिषासुर ने सहसा आपके ऊपर प्रहार किया, यह कैसे आश्चर्य की बात है ।१२। हे देवि ! जब यही मुख क्रोधयुक्त होने के कारण,

उदय चन्द्र के समान लाल और टेढ़ी भ्रुकुटी के कारण भयंकर प्रतीत हुआ तो भी उसे देखकर महिषासुर तुरन्त नहीं मरा। यह उससे भी अधिक आश्चर्य की बात है क्योंकि क्रोधित यमराज को देखकर कोई जीवित नहीं रह सकता है ॥१३॥ हे देवि ! संसार का कल्याण करने के लिये

कसदृशच्छवि यन्न सद्यः। प्राणान्मुमोच महिषस्तदतीव चित्रं कैर्जीव्यते हि कुपितान्तकदर्शनेन ॥१३॥ देवि प्रसीद परमा भवती भवाय सद्यो विनाशयसि कोपवती कुलानि। विज्ञातमेतदधुनैव यदस्तमेतन्नीतं बलं सुविपुलं महिषासुरस्य १४ ते सम्मता जनपदेषु धनानि तेषां तेषां यशांसि न च सीदति धर्मवर्गः। धन्यास्त एव निभृतात्मजभृत्यदारा

आप प्रसन्न हूजिये, क्योंकि आपके कुपति होने पर तो शीघ्र ही कुलों का नाश हो जाता है आपने महिषासुर की विशाल सेना को तत्काल नष्ट कर दिया, इस कारण यह अनुभव हुआ है ॥१४॥ सदा कल्याण करने वाली देवि ! जिनपर आप प्रसन्न रहती हैं, संसार में वे ही सम्मान, धन और

यश के भागी हैं,वे ही धर्म वीर हैं,वे ही धन्य हैं तथा वे ही स्त्री, पुत्र, नौकर आदिसे परिपूर्ण रहते हैं ॥१५॥ हे देवि! ऐसे ही सज्जन पुरुष आदर सहित सम्पूर्ण धार्मिक कृत्य सदा करते रहते हैं आपकी कृपा से ही उनको स्वर्ग की प्राप्ति होती है इसलिये हे देवि! तीनों लोकों में उत्तम फल

येषां सदाभ्युदयदा भवती प्रसन्ना १५ धर्म्याणि देवि सकलानि सदैव कर्माण्यत्याहृतः प्रतिदिनं सुकृती करोति। स्वर्गं प्रयाति च ततो भवतीप्रसादाल्लोकत्रयेऽपि फलदा ननु देवि तेन १६। दुर्गे स्मृता हरसि भीतिमशेषजन्तोः स्वस्थैः स्मृता मतिमतीव शुभां ददासि। दारिद्र्यदुःखभयहारिणि का त्वदन्या सर्वोपकारकरणाय सदाऽऽर्द्र चित्ता

देने वाली भी आपही हैं ॥ १६ ॥ हे देवि! जो आपका ध्यान करते हैं उनके सम्पूर्ण भय नष्ट हो जाते हैं और जो स्वस्थ पुरुष आपका स्मरण करते हैं उनकी बुद्धि तीव्र हो जाती है। दरिद्रों के दुःख और भय को दूर करने वाला आपके सिवाय और कौन है,सब प्राणियों की भलाई करने

के लिये निश्चय ही आप दया से पूर्ण रहती हैं ॥ १७ ॥ हे देवि ! असुरों के वध करने से संसार सुखी हो, तथा नरक में वास करने के लिये ये राक्षस बहुत समय तक भले ही पाप करते रहें, किन्तु युद्ध में मरने पर इनको स्वर्ग की प्राप्ति हो, यही समझ कर आप राक्षसों का हनन करती

॥१७॥ एभिर्हतैर्जगदुपैति सुखं तथैते कुर्वन्तु नाम नरकाय चिराय पापम् संग्राममृत्युमधिगम्य दिवं प्रयान्तु मत्वेति नूनमहितान्विनिहंसि देवि ।१८। दृष्ट्वैव किं न भवती प्रकरोति भस्म सर्वासुरानरिषु यत्प्रहिणोषि शस्त्रम् । लोकान्प्रयान्तु रिपवोऽपि हि शस्त्रपूता इत्थं मतिर्भवति तेष्वपि तेऽतिसाध्वी ॥ १९ ॥ खड्गप्रभानिकरविस्फुरणैस्तथोग्रैः

हैं ॥ १८ ॥ हे देवि ! सम्पूर्ण राक्षस आपकी दृष्टि पात से ही भस्म हो सकते थे, फिर आपने शस्त्र का प्रहार क्यों किया, क्योंकि शस्त्र के प्रहार से उनको स्वर्ग मिलेगा, इस प्रकार शत्रु के प्रति भी आपके विचार कितने उत्तम हैं ॥१९॥ आपके खड्ग की उग्र प्रभा पुञ्ज और त्रिशूल के अग्रभाग

की चमक से भी शत्रुओं के नेत्रों की ज्योति नष्ट नहीं हुई, क्योंकि किरणों से शोभित अर्द्ध चन्द्रमा के सदृश आपके मुख को वे देख रहे थे ।। २० ।। आपके स्वभाव से दुराचारियों का बुरा वर्ताव नष्ट हो जाता है, तथा आपका रूप अचिन्त्य है, आपकी समता दूसरे से नहीं हो सकती, आपका

शूलाग्रकान्तिनिवहेन दृशोऽसुराणाम् । यन्नागता विलयमंशुमदिन्दुखण्डयोग्याननं तव विलोकयतां तदेतत् ।२०। दुर्वृत्तवृत्तशमनं तव देवि शीलं रूपं तथैतदविचिन्त्यमतुल्यमन्यैः । वीर्यं च हन्तृ हृतदेवपराक्रमाणां वैरिष्वपि प्रकटितैव दया त्वयेत्थम् ।२१। केनोपमा भवतु तेऽस्य पराक्रमस्य रूपं च शत्रुभयकार्यतिहारि कुत्र । चित्ते कृपा सम-

बल और पराक्रम उन राक्षसों का नाश करने वाला है, जिनने देवताओं के पौरुष को भी नष्ट कर दिया था। इस प्रकार शत्रुओं पर भी आपकी दया प्रकट होती है ।।२१।। हे वरदे देवि ! आपके इस पराक्रम और शत्रुओं को भयभीत करने वाले एवं मनोहर रूप की तुलना किसी के साथ नहीं

हो सकती है। हृदय में कृपा, किन्तु संग्राम में कठोरता यह बातें तीनों लोकों में आप में ही देखी जाती हैं ॥ २२ ॥ संग्राम में शत्रुओं का हनन करके त्रिलोकी की रक्षा आपने की है। तथा उन मरे हुए शत्रुओं को भी स्वर्ग लोक में स्थान दिया है, तथा उन्मत्त दैत्यों से हमें अभय किया है

रनिष्ठुरता च दृष्टा त्वय्येव देवि वरदे भुवनत्रयेऽपि ॥२२॥
त्रैलोक्यमेतदखिलं रिपुनाशनेन त्रातं त्वया समरमूर्द्धनि
तेऽपि हत्वा। नीता दिवं रिपुगणा भयमप्यपास्तमस्माक-
मुन्मदसुरारिभवं नमस्ते ।२३। शूलेन पाहि नो देवि पाहि
खड्गेन चाम्बिके। घंटास्वनेन नः पाहि चापज्यानिःस्वनेन
च ॥२४॥ प्राच्यां रक्ष प्रतीच्यांश्च चण्डिके रक्ष दक्षिणे।
भ्रामणेनात्मशूलस्य उत्तरस्यां तथेश्वरि ।२५। सौम्यानि

आपको नमस्कार करते हैं ॥ २३ ॥ हे अम्बिके देवि! शूल, खड्ग, घण्टा की ध्वनि तथा धनुष की टङ्कोर से हमारी रक्षा करिये ॥ २४ ॥ हे चण्डिके! पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण चारों दिशाओं में

अपने शूल को फिराकर हमारी रक्षा करिये ॥२५॥ त्रिलोकी में आपके सौम्य तथा भयङ्कर रूप विचरते रहते हैं, उनसे भी हमारी और विश्व को रक्षा करिये ।२६।हे अम्बिके ! आपके कर कमल में खड्ग,शूल गदा आदि जो शस्त्र शोभा पा रहे हैं उनसे आप हमारी रक्षा करें ॥२७॥ ऋषि बोले॥२८

यानि रूपाणि त्रैलोक्ये विचरन्ति ते। यानि चात्यर्थ घोराणि तै रक्षास्मांस्तथा भुवम् ।२६। खड्ग शूलगदादीनि यानि चास्त्राणि तेऽम्बिके। करपल्लवसङ्गीनि तैरस्मान् रक्ष सर्वतः ।२७। ऋषिरुवाच ॥२८॥ एवं स्तुता सुरैर्दिव्यैः कुसुमैर्नन्दनोद्भवैः अर्चिता जगतां धात्री तथा गन्धानुलेपनैः ।२९। भक्त्या समस्तैस्त्रिदशैर्दिव्यैर्धूपैस्तु धूपिता। प्राह

इस प्रकार जब देवताओं ने जगत माता दुर्गा की नन्दन वन के फूलों और गन्ध, चन्दन से पूजन और स्तुति की और भक्ति भाव से दिव्य धूप अर्चन की,तब देवी ने प्रसन्न मुख होकर विनम्र देवताओं से कहा ॥ २९-३० ॥ देवी बोली ॥३१॥ हे देवताओ ! मुझसे मन वांछित वर मांगो ॥३२॥

देवता बोले ॥ ३६ ॥ आपने सब कुछ दिया अब कुछ शेष नहीं है ॥३४॥ क्योंकि आपने हमारे शत्रु महिषासुर का संहार कर दिया, फिर भी हे महेश्वरी ! यदि आप हमें वरदान देना चाहती

प्रसादसुमुखी समस्तान् प्रणतान् सुरान् ॥३०। देव्युवाच ।३१। व्रियतां त्रिदशाः सर्वे यदस्मत्तोऽभिवाञ्छितम् ।३२ देवाऊचुः ।३३। भगवत्या कृतं सर्वं न किंचिदवशिष्यते ३४ यदयं निहतः शत्रुरस्माकं महिषासुरः । यदि चापि वरो देयस्त्वयास्माकं महेश्वरि ।३५। संस्मृता संस्मृता त्वं नो हिंसेथाःपरमापदः। यश्च मर्त्यःस्तवैरेभिस्त्वां स्तोष्यत्यमलानने । ३६ । तस्य वित्तर्धिविभवैर्धनदारादिसंपदां ।

हैं ॥३५॥ तो आप हमारे स्मरण मात्र पर हमें दर्शन देकर हमारे कष्टों को दूर करें एवं जो मनुष्य आपकी स्त्रोतों से स्तुति करे, उसके धन,ऐश्वर्य, स्त्री आदि सम्पति की वृद्धि करें और हे

अम्बिके ! हम पर आप सदैव प्रसन्न रहें ॥३६-३७॥ ऋषि बोले ॥३८॥ हे राजन् ! देवताओं ने जब संसार तथा अपने कल्याण के लिये देवी को इस प्रकार प्रसन्न किया तो भद्रकाली देवी,ऐसा ही होगा'कह कर अन्तर्धान होगई ॥ ३९ ॥ हे भूप ! संसार का कल्लाण करने वाली देवी जिस

वृद्धयेऽसमत्प्रसन्ना त्वं भवेथाः सर्वदाम्बिके।३७। ऋषिरुवाच ३८ इति प्रसादिता देवैर्जगतोऽर्थे तथाऽऽत्मनः। तथेत्युक्त्वा भद्रकाली बभूवान्तर्हिता नृप ॥३९॥ इत्येतत्कथितं भूप सम्भूता सा यथा पुरा। देवी देवशरीरेभ्यो जगत्त्रयहितैषिणी ४० पुनश्च गौरीदेहात्सा समुद्भूता यथाभवत्। वधाय दुष्टदैत्यानां तथा शुम्भनिशुम्भयोः४१ रक्ष-

प्रकार देवताओं के अङ्गोंसे प्रकट हुई थीं वह सब मैंने आपसे कहा॥४०॥ फिर दुष्ट दैत्यों(शुम्भ और निशुम्भ) के मारने के लिये तथा संसार के कल्याण के लिये देवताओं का उपकार करने वाली देवी पार्वती के अङ्ग से जिस प्रकार उत्पन्न हुई थी,वह भी सब कथा कहता हूँ सो सुनिये ॥४१-४२॥

णाय च लोकानां देवानामुपकारिणी। तच्छृणुष्व मयाऽऽख्यातं यथावत्कथयामि ते ॥ ४२ ॥

इति श्री मार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शक्रादिस्तुतिर्नाम चतुर्थोऽध्यायः ॥

* अथ पंचमोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॐ घण्टा शूलहलानि शंखमुसले चक्रं धनुः सायकं हस्ताब्जैर्दधतीं घनान्तविलसच्छीतांशुतुल्यप्रभाम। गौरी देह समुद्भवां त्रिजगतामाधारभूतां महापूर्वामत्र सरस्वतीमनुभजे शुम्भादिदैत्यार्दिनीम् ॥

ॐ अस्य श्री उत्तर चरित्रस्य रुद्रऋषिः, महासरस्वती देवता, अनुष्टुप्छन्दः, भीमा शक्तिः, भ्रमरी बीजं, सूर्य-

स्तत्त्वं सामवेदःस्वरूपं, महासरस्वतीप्रीत्यर्थं उत्तरचरित्रजपे (पाठे) विनियोगः ॥

ऋषि बोले ॥१॥प्राचीन समय में शुम्भ निशुम्भ राक्षसों ने मद बल के अहङ्कार में आकर इन्द्र के तीनों लोकों का राज्य और यज्ञ भाग छीन लिया था ॥ २ ॥ और इसी प्रकार वे दोनों सूर्य

ऋषिरुवाच ।१। पुराशुम्भनिशुंभाभ्यामसुराभ्यां शचीपतेः । त्रैलोक्यं यज्ञभागाश्च हृता मदबलाश्रयात् २ तावेव सूर्यतां तद्वदधिकारं तथैन्दवम् । कौबेरमथ याम्यं च चक्राते वरुणस्य च ।३। तावेव पवनर्द्धिं च चक्रतुर्वह्निकर्म च । ततो देवा विनिर्धूता भ्रष्टराज्याः पराजिताः ।४। हृताधिकारा-

चन्द्रमा, कुवेर,धर्मराज और वरुण के अधिकारों को भी छीनकर आप प्रयोग करने लगे ॥ ३ ॥ पवन और अग्नि के अधिकार भी छीन लिये, तथा सब देवताओं को हरा कर राज्यच्युत कर दिया ॥ ४ ॥ इस प्रकार महा असुरों द्वारा वे देवता अधिकार विहीन होकर अपराजिता देवीको

स्मरण करने लगे ॥ ५ ॥ और सोचा कि देवी ने हमको वरदान दिया है कि सङ्कट कालमें स्म-
रण करने पर सम्पूर्ण संकट तुरन्त नष्ट कर दूंगी ॥ ६ ॥ ऐसा निश्चित करके वे देवता हिमालय

त्रिदशास्ताभ्यां सर्वे निराकृताः । महासुराभ्यां तां देवीं
संस्मरन्त्यपराजिताम् ।५। तयास्माकं वरो दत्तो यथाऽऽ-
पत्सु स्मृताखिलाः । भवतां नाशयिष्यामि तत्क्षणात्पर-
मापदः ॥६॥ इति कृत्वा मति देवा हिमवन्तं नगेश्वरम् ।
जग्मुस्तत्र ततो देवीं विष्णुमायां प्रतुष्टुवुः ।७। देवाऊचुः
।८। नमो देव्यै महादेव्यै शिवायै सततंनमः । नमः प्रकृत्यै
भद्रायै नियताःप्रणताः स्म ताम् ९ रौद्रायै नमो नित्यायै

पर्वत पर गये और विष्णु माया देवी की स्तुति करने लगे ॥ ७ ॥ देवता बोले ॥ ८ ॥देवी, महा-
देवी, शिवा, प्रकृति, भद्रा को हम सब नमस्कार करते हैं ॥ ९ ॥ रौद्रा, नित्या, गौरी, धात्री, ज्यो·

त्स्ना, चन्द्ररूपिणी,सुखरूपा, देवी को हम बारम्बार प्रणाम करते हैं ।।१०।। कल्याणी को प्रणाम
करते हैं । वृद्धरूपा, सिद्ध रूपा,नैर्ऋति, राजाओं की लक्ष्मी, तथा शर्वाणी देवी को हमारी सतत
नमस्कार है ।।११।। दुर्गा, दुर्गपारा, सारा, सर्व कारिणी, ख्याति, कृष्णा, धूम्र देवी को सतत

गौर्यै धात्र्यै नमोनमः। ज्योत्स्नायै चेन्दुरूपिण्यै सुखायै
सततं नमः १० कल्याण्यै प्रणतां वृद्ध्यै सिद्ध्यै कुर्मो नमो
नमः। नैर्ऋत्यै भूभृतां लक्ष्म्यै शर्वाण्यै ते नमोनमः॥११॥
दुर्गायै दुर्गपारायै सारायै सर्वकारिण्यै। ख्यात्यै तथैव
कृष्णायै धूम्रायै सततं नमः॥१२॥ अति सौम्यातिरौद्रायै
नतास्तस्यै नमोनमः। नमो जगत् प्रतिष्ठायै देव्यै कृत्यै
नमो नमः।१३। यादेवी सर्व भूतेषु विष्णुमायेति शब्दिता।

नमस्कार करते हैं ।। १ ।।२ अत्यन्त सौम्य तथा अति रौद्र स्वरूपा को नत मस्तक नमस्कार करते
हैं, जगत में प्रतिष्ठित कृत देवी को नमस्कार करते हैं ।।१३।। जो देवी सब भूतों में विष्णु माया

नाम से कही जाती है उसको नमस्कार है ।।१४।। उसको नमस्कार है ।।१५।। उसको बारम्बार नमस्कार है ।।१६।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में चेतना नाम से कही जाती है उसको नमस्कार है ।। १७ ।। उसको नमस्कार है ।। १८ ।। उसको नमस्कार है ।।१९।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों

नमस्तस्य १४ नमस्तस्यै १५ नमस्तस्यै नमो नमः १६ या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते। नमस्तस्यै १७ नमस्तस्यै १८ नमस्तस्यै नमो नमः १९ या देवी सर्वभूतेषु बुद्धिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्य २० नमस्तस्यै २१ नमस्तस्यै नमोनमः २२ या देवी सर्वभूतेषु निद्रारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ।२३। नमस्तस्यै ।२४। नमस्तस्यै नमो नमः ।२५। या देवी

में बुद्धिरूप से स्थित है उसको नमस्कार है ।।२०।। उसको नमस्कार है ।।२१।। उसको नमस्कार है ।।२२।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में निद्रा रूप से स्थित है उसको नमस्कार है ।। २३ ।। उसको नमस्कार है ।।२४ ।। उसको नमस्कार है ।। २५ ।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में क्षुधा रूप

से रहती है उसको नमस्कार है ॥२६॥उसको नमस्कार है ॥ २७ ॥ उसको नमस्कार है ॥ २८॥ जो देवी संपूर्ण प्राणियों में छाया रूप से स्थित है उसको नमस्कार है ॥ २९ ॥ उमको नमस्कार है ॥ ३० ॥ उसको नमस्कार है ॥ ३१ ॥ जो देवी संपूर्ण प्राणियों में शक्ति रूप से विराजमान है

सर्वभूतेषु क्षुधारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ॥२६॥ नमस्तस्यै ।२७। नमस्तस्यै नमो नमः ॥२८॥ या देवी सर्वभूतेषुच्छायारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ।२९। नमस्तस्यै। ३०। नमस्तस्यै नमो नमः। ३१। या देवी सर्वभूतेषु शक्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ।३२। नमस्तस्यै ।३३।नमस्तस्यै नमो नमः ॥३४॥ या देवी सर्वभूतेषु तृष्णारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ।३५।नमस्तस्यै ।३६ नमस्तस्यै नमोनमः ॥३७॥

उसको नमस्कार है ॥३२ ॥ उसको नमस्कार है ॥३३॥ उसको नमस्कार है ॥३४॥जो देवी संपूर्ण प्राणियों में तृष्णा रूप से विराजमान है उसको बारम्बार प्रणाम है ॥ ३५-३६ ॥ जो देवी संपूर्ण

प्राणियों में क्षमा रूप से स्थित है उसको बारम्बार प्रणाम है ।।३८-४०।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में जोतिरूपी से रहती है उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ४१-४२ ।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में

या देवी सर्वभूतेषु क्षांतिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।३८। नमस्तस्यै ।३९। नमस्तस्यै नमोनमः ।४०। या देवी सर्वभूतेषु जातिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।।४१।। नमस्तस्यै ।४२ नमस्तस्यै नमोनमः ।४३। या देवी सर्वभूतेषु लज्जारूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै ।४४। नमस्तस्यै ।४५। नमस्तस्यै नमोनमः ।।४६।। या देवी सर्वभूतेषु शान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।४७। नमस्तस्यै ।।४८।। नमस्तस्यै

लज्जा रूप से स्थित है उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ४४-४६ ।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में शान्तिरूप से स्थित है उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ४७-४९ ।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में

श्रद्धारूप से स्थित है उसको बार बार नमस्कार है ।। ५०-५२ ।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में काँति रूप से विराजमान है उसको बारम्बार नमस्कार है ।।५३-५५।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में लक्ष्मी

नमो नमः ।४९। या देवी सर्वभूतेषु श्रद्धा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै । ५० । नमस्तस्यै । ५१ । नमस्तस्यै नमो नमः ।५२। या देवी सर्वभूतेषु कान्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।५३। नमस्तस्यै ।५४। नमस्तस्यै नमो नमः ।५५। या देवी सर्वभूतेषु लक्ष्मीरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै । ५६ । नमस्तस्यै ।५७। नमस्तस्यै नमो नमः ।५८। या देवी सर्वभूतेषु वृत्तिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।५९। नमस्तस्यै

रूप से स्थित है उसको बार बार प्रणाम है ।।५६-५८ ।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में वृत्तिरूप से स्थित है उसको बार बार नमस्कार है ।। ५९-६१ ।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में स्मृति रूप में

रहती है उसको बारम्बार नमस्कार है।। ६२-६४ ।। जो देवी सम्पूर्ण प्राणियों में दयारूप से स्थित है,उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ६५-६७।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में तुष्टि रूप से स्थित है

।६०। नमस्तस्यै नमो नमः।६१। या देवी सर्वभूतेषु स्मृतिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।६२। नमस्तस्यै ।६३। नमस्तस्यै नमो नमः।६४ या देवी सर्वभूतेषु दयारूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।६५। नमस्तस्यै।६६। नमस्तस्यै नमो नमः ।६७।या देवी सर्वभूतेषु तुष्टिरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।६८। नमस्तस्यै ।६९। नमस्तस्यै नमो नमः ।७०। या देवी सर्वभूतेषु मातृरूपेण संस्थिता । नमस्तस्यै ।७१। नमस्तस्यै ।।७२।।

उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ६८-७० ।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में माता रूप से स्थित है उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ७१-७३ ।। जो देवी संपूर्ण प्राणियों में भ्रान्ति रूप से स्थित है

उसको बारम्बार नमस्कार है ।।७४-७६।। जो देवी संपूर्ण इन्द्रिय व प्राणियों की अधिष्ठात्री है और सब प्राणियों में सदा व्याप्त रहती है उसको बारम्बार नमस्कार है ।।७७।। जो देवी संपूर्ण जगत

नमस्तस्यै नमो नमः।७३। या देवी सर्वभूतेषु भ्रान्तिरूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै।७४। नमस्तस्यै ।। ७५ । नमस्तस्यै नमो नमः ।७६। इन्द्रियाणामधिष्ठात्री भूतानां चाखिलेषु या। भूतेषु सततं तस्यै व्याप्तिदेव्यै नमो नमः।७७। चितिरूपेण या कृत्स्नमेतद् व्याप्य स्थिता जगत्। नमस्तस्यै ।७८। नमस्तस्यै ।७९। नमस्तस्यै नमो नमः ।८०। स्तुता सुरैःपूर्वमभीष्टसंश्रयात्तथा सुरेन्द्रेण दिनेषु सेविता। करोतु

में चेतन्य रूप से विराजमान है उसको बारम्बार नमस्कार है ।। ७८-८० ।। अभीष्ट फल की प्राप्ति के लिये प्राचीन समय में देवताओंने जिसकी स्तुति की तथा सुरराज इन्द्रने बहुत दिन तक जिसकी

सेवा की वह कल्याणकारी ईश्वरी सब विपत्तियों को नष्टकर मङ्गल करे ॥८१॥ उद्दण्ड दैत्यों से सन्तोष हुए हम देवगण जिस ईश्वर को इस समय प्रणाम करते हैं और जो भक्ति से नत मस्तक हुए हम विनम्र देवों से स्मरण किये जाने पर हमारी सब विपत्तियों को तत्काल हर लेती है वह

सा नःशुभहेतुरीश्वरी शुभानि भद्राण्यभिहन्तु चापदः ८१ या साम्प्रतं चोद्धतदैत्यतापितैरस्माभिरीशा च सुरैर्नमस्यते । या च स्मृता तत्क्षणमेव हन्ति नः सर्वापदो भक्ति विनम्रमूर्तिभिः ८२ ऋषिरुवाच ८३ एवं स्तवादियुक्तानां देवानां तत्र पार्वती । स्नातुमभ्याययौ तोये जाह्नव्या नृपनन्दन ८४ साब्रवीत्तान् सुरान् सुभ्रूर्भवद्भिः स्तूयतेऽत्र

भगवती हमारा सङ्कट दूर करे ॥ ८२ ॥ ऋषि बोले ॥८३॥ हे राजन् ! इस प्रकार देवताओं के स्तुति करते समय पार्वतीजी गङ्गा जल में स्नान करने के लिये आईं ॥ ८४ ॥ और देवताओं से बोलीं आप लोग यहाँ किसकी स्तुति कर रहे हैं, इतना कहते ही पार्वती के अंश में से शिवा

उत्पन्न होकर बोली ॥८५॥ संग्राम में शुम्भ और निशुम्भ से अपमानित होनेके कारण यह संपूर्ण देवता मेरी स्तुति कर रहे हैं। पार्वती के शरीर कोश से प्रगट हुई अम्बिका देवी सब लोकों में

का। शरीरकोशतश्चास्याः समुद्भूताब्रवीच्छिवा। ८५।
स्तोत्रं ममैतत् क्रियते शुम्भदैत्यनिराकृतैः। देवैःसमस्तैः
समरे निशुम्भेन पराजितैः। ८६। शरीर कोशाद्यत्तस्याः
पार्वत्या निःसृताम्बिका। कौशिकीति समस्तेषु ततो
लोकेषु गीयते ८७ तस्यां विनिर्गतायां तु कृष्णाभूत्सापि
पार्वती। कालिकेति समाख्याता हिमाचलकृताश्रया।८८।
ततोऽम्बिकां परं रूपं बिभ्राणां सुमनोहरम्। ददर्श चण्डो

कौशिकी नाम से पुकारी जाती है॥ ८७ ॥ कौशिकी के निकल जाने पर पार्वती का रंग काला हो गया तब से उसका नाम कालिका हो गया, और वह हिमालय पर्वत पर रहने लगी ॥ ८८ ॥ इसके अनन्तर परम सुन्दर रूप से युक्त अंबिका देवी को शुंभ और निशुंभ के भृत्य मुण्ड और

चण्डने देखा ॥८९॥ उन्होंने शुंभ से जाकर कहा-हे महाराज ! कोई परम रूपवती स्त्री हिमालय पर्वत को प्रकाशमान कर रही है ॥९०॥ हे असुरेश्वर ! ऐसा सुन्दर रूप कहीं भी किसी के देखने

मुण्डश्च मृत्यौ शुम्भनिशुम्भयोः ।८९। ताभ्यां शुम्भाय
चाख्याता अतीव सुमनोहरा । काप्यास्ते स्त्री महाराज
भासयन्ती हिमाचलम् ।९०। नैव तादृक् क्वचिद्रूपं दृष्टं
केनचिदुत्तमम् । ज्ञायतां काप्यसौ देवी गृह्यतां चासुरेश्वर
।९१। स्त्रीरत्नमतिचार्वङ्गी द्योतयन्ती दिशस्त्विषा । सा
तु तिष्ठति दैत्येन्द्र तां भवान्द्रष्टुमर्हति ।९२। यानि रत्नानि
मणयो गजाश्वादीनि वै प्रभो । त्रैलोक्ये तु समस्तानि

में नहीं आया, वह कौन है यह पता लगाइये, और उसे ग्रहण करिये ॥ ९१ ॥ स्त्रियों में वह रत्न रूप है, उसके प्रत्येक अङ्गसे अनुपम छटा निकल कर चारों तरफ प्रकाश कर रही है । हे दैत्यराज ! वहाँ आप उसको देखिये ॥९२॥ त्रिलोकी में जितने रत्न, मणि, हाथी, घोड़े आदि हैं वे सब

आपके यहाँ शोभायमान हैं ॥ ६३ ॥ श्रेष्ठ ऐरावति हाथी, पारिजात का वृक्ष, उच्चैःश्रवा घोड़ा यह सब आपने इन्द्र से ले लिया है ॥ ६४ ॥ हंस युक्त रत्नों से जड़ा हुआ ब्रह्माजी का अद्भुत विमान भी आपके आँगन की शोभा बढ़ा रहा है ॥ ६५ ॥ कुबेर से महापद्म नामक निधि ले आये हो।

साम्प्रतं भ्रान्ति ते गृहे ।६३। ऐरावतः समानीतो गजरत्नं पुरन्दरात् । पारिजाततरुश्चायं तथैवोच्चैः श्रवा हयः ।६४। विमानं हंससंयुक्तमेतत्तिष्ठति तेऽङ्गणे । रत्नभूतमिहानीतं यदासीद्वेधसोऽद्भुतम् ।६५। निधिरेष महापद्मः समानीतो धनेश्वरात् । किञ्जल्किनीं ददौ चाब्धिर्मालामम्लानपंकजाम् ६६ छत्रं ते वारुणं गेहे काञ्चनस्रावि तिष्ठति । तथायं-

समुद्र ने किञ्जल्किनी नाम की माला आपको दी है जिसके कमल कभी मुरझाते नहीं हैं ॥६६॥ कंचन की वर्षा करने वाला वरुण का छत्र तथा प्रजापति का श्रेष्ठ रथ भी आपके यहाँ मौजूद है ॥ ६७ ॥ हे दैत्यराज ! मृत्यु से उत्क्रान्तिदा नामक शक्ति आपने छीनली है, वरुण का पाश

आपके भाई निशुंभ ने छीनकर अपने पास रक्खा है ॥ ९८ ॥ समुद्रमें से निकलने वाले सब रत्न भी निशुंभ के यहाँ हैं, अग्नि से भी न जलने वाले ऐसे दो वस्त्र अग्नि ने आपको दिये हैं ॥९९॥

स्यन्दनवरो यः पुराऽऽसीत्प्रजापतेः ।९७। मृत्योरुत्क्रान्तिदा नामशक्तिरीश त्वया हृता ।पाशः सलिलराजस्य भ्रातुस्तव परिग्रहे ।९८। निशुम्भस्याब्धिजाताश्च समस्ता रत्नजातयः ।वह्निरपि ददौ तुभ्यमग्निशौचे च वाससी ९९ एवं दैत्येन्द्र रत्नानि समस्तान्याहृतानि ते ।स्त्रीरत्नमेषा कल्याणी त्वया कस्मान्न गृह्यते ।१०० ऋषिरुवाच ।१०१। निशम्येति वचःशुंभःस तदा चण्डमुण्डयोः। प्रेष-

हे दैत्येन्द्र ! इस प्रकार आपने सारे रत्नों को इकट्ठा कर लिया है फिर स्त्रियों में रत्न कल्याणकारी ऐसी देवी को आप क्यों नहीं ग्रहण करते ॥१००॥ ऋषि बोले ॥१०१॥ चंड मुंड के ऐसे वचन

सुनकर शुंभ ने महाअसुर सुग्रीव को दूत बनाकर भेजा ॥१०२॥ और उससे कहा कि मेरी आज्ञा उसको इस प्रकार कहना और ऐसा उपाय करना कि वह राजी खुशी मेरे पास आजाय ॥१०३॥ वह

यामास सुग्रीवं दूतं देव्या महासुरम् ।१०२। इति चेति च वक्तव्या सा गत्वा वचनान्मम । यथा चाभ्येति संप्रीत्या तथा कार्यं त्वया लघु ।१०३। स तत्र गत्वा यत्रास्ते शैलोद्देशेऽतिशोभने । सा देवी तां ततः प्राह श्लक्ष्णं मधुरया गिरा ।१०४। दूत उवाच ।१०५। देवि दैत्येश्वरः शुंभस्त्रैलोक्ये परमेश्वरः । दूतोऽहं प्रेषितस्तेन त्वत्सकाशमिहागतः १०६ अव्याहताज्ञः सर्वासु यः सदा देवयोनिषु । निर्जि-

देवी वहाँ अत्यन्त रमणीक पर्वत पर विराजमान थी, वहाँ जाकर उसने अत्यन्त नम्र तथा मधुर वाणी से कहा ॥ १०४ ॥ दूत बोला ॥१०५॥ हे देवि ! दैत्यराज शुंभ ने जो कि इस समय तीनों लोकों के स्वामी हैं मुझ दूत को आपके पास भेजा है ॥ १०६ ॥ सब देवता उसकी आज्ञा को

बिना उल्लंघन किये मानते हैं,तथा दैत्यों के सब शत्रुओं पर उन्होंने विजय पाई है उनने जो कहा है सो आप सुनो ।। १०७ ।। सारी त्रिलोकी के मालिक हम हैं, देवगण हमारे आधीन हैं,यज्ञ सम्पूर्ण भागों को भी अलग अलग हम ही भोगते हैं ।। १०८ ।। तीनों लोकों के समस्त श्रेष्ठरत्न

ताखिलदैत्यारिः स यदाह शृणुष्व तत् ।१०७। ममत्रैलोक्यमखिलं मम देवा वशानुगाः । यज्ञभागानहं सर्वानुपाश्नामि पृथक् पृथक् ॥ १०८ ॥ त्रैलोक्ये वररत्नानि मम वश्यान्यशेषतः । तथैव गजरत्नं च हृत्वा देवेन्द्रवाहनम् १०९ क्षीरोदमथनोद्भूतमश्वरत्नं ममामरैः । उच्चैःश्रवससंज्ञं तत्प्रणिपत्य समर्पितम् ।११०। यानि चान्यानि देवेषु

हमारे अधिकार में हैं और इन्द्र का ऐरावत हाथी भी हम छीन कर ले आये हैं ।।१०९ ।। समुद्र के मथन करने से जो उच्चैःश्रवा नामक अश्व रत्न मिला है,देवताओं ने नम्रता से वह भेंट किया है ।। ११० ।। हे सुन्दरी ! इनके अतिरिक्त अन्य जितने भी रत्न,देवता, गन्धर्व और नागों के

अधिकार में थे, वे सब हमारे पास आगये हैं ॥ १११ ॥ हे देवि ! तुम्हें हम संसार में स्त्रियों में रत्न समझते हैं, इसलिये तुम भी हमारे पास आ जाओ क्योंकि रत्नों का भोग करने वाले केवल हमही हैं ॥ ११२ ॥ हे चञ्चल नेत्र वाली ! तुम रत्न रूप हो, इसलिये मुझे तथा मेरे बलशाली

गन्धर्वेषूरगेषु च । रत्नभूतानि भूतानि तानि मय्येव शोभने ।१११। स्त्रीरत्नभूतां त्वां देवि लोके मन्यामहे वयम् । सा त्वमस्मानुपागच्छ यतो रत्नभुजो वयम् ।११२। मां वा ममानुजं वापि निशुंभमुरुविक्रमम् । भज त्वं चञ्चलापाङ्गि रत्नभूतासि वै यत:।११३। परमैश्वर्यमतुलं प्राप्स्यसे मत्परिग्रहात् । एतद् बुद्ध्या समालोच्य मत्परिग्रहतां व्रज ।११४। ऋषिरुवाच ।११५। इत्युक्ता सा तदा देवी गम्भीरा-

लघुभाई निशुंभ को पाकर आनन्द भोग प्राप्त करो ॥ ११३ ॥ हमको स्वीकार करने से तुमको अतुलनीय ऐश्वर्य प्राप्त होगा, ऐसा अपनी बुद्धि से विचार कर हमारी पत्नि बन जाओ ॥११४॥

ऋषि बोले ।। ११५ ।। इस प्रकार दूतके कहने पर वह दुर्गा, भगवती श्रद्धा देवी जिसने समस्त संसार धारण कर रक्खा है,हृदय में मुस्कराती हुई गम्भीर वाणी से बोली ।। ११६ ।। देवी बोली ।। ११७ ।। हे दूत ! तूने जो कहा सो सत्य है, इसमें झूंठ बिल्कुल नहीं है, शुंभ त्रिलोकी का

११५ न्तः स्मिता जगौ। दुर्गा भगवती भद्रा ययेदं धार्यते जगत् ।११६। देव्युवाच । ११७। सत्यमुक्तं त्वया नात्र मिथ्या किञ्चत्त्वयोदितम्। त्रैलोक्याधिपतिः शुंभो निशुंभश्चापि तादृशः ।११८। किं त्वत्र यत्प्रतिज्ञातं मिथ्या तत्क्रियते कथम् । श्रूयतामल्पबुद्धित्वात्प्रतिज्ञा या कृता पुरा ।११९। यो मां जयति संग्रामे यो मे दर्पं व्यपोहति ।

राजा है और निशुम्भ भी वैसा ही है ।।११८।। किन्तु इस सम्बंध में मैंने जो प्रतिज्ञा करली है, उसको किस प्रकार झूंठ करूँ, अपनी अल्पबुद्धि के कारण मैं जो प्रतिज्ञा पहिलं कर चुकी हूँ उसे सुन ।। ११९ ।। संग्राम में मुझे जीतकर जो मेरे घमन्ड को तोड़ेगा तथा मेरे समान ही पराक्रमी

होगा, उसे ही मैं अपना पति बनाऊँगी ॥१२०॥ इसलिये शुम्भ व निशुम्भ महाअसुर मेरे पास आकर मुझे जीतलें और शीघ्र हो मेरा पाणिग्रहण करें, इसमें देर करने की क्या आवश्यकता है ॥ १२१ ॥ दूत बोला ॥ १२२ ॥ हे देवि ! घमण्ड में भरकर मेरे सामने ऐसा मत कहो तीनों

यो मे प्रतिबलो लोके स मे भर्ता भविष्यति ।१२०। तदागच्छतु शुम्भोऽत्र निशुम्भो वा महासुरः। मां जित्वा किं चिरेणात्र पाणिं गृह्णातु मे लघु ।१२१। दूत उवाच ।१२२। अवलिप्तासि मैवं त्वं देवि ब्रूहि ममाग्रतः ।त्रैलोक्ये कः पुमांस्तिष्ठेदग्रे शुम्भनिशुम्भयोः ।१२३। अन्येषामपि दैत्यानां सर्वे देवा न वै युधि। तिष्ठन्ति सम्मुखे देवि किं पुनः स्त्री त्वमेकिका ॥१२४॥ इन्द्राद्याः सकला देवास्तस्थुर्येषां न

लोकों में शुम्भ और निशुम्भ के सामने ठहरने वाला कौन है ॥ १२३ ॥ उनके अतिरिक्त अन्य दैत्यों के सामने भी सारे देवता संग्राम में नहीं डट सकते हैं,फिर तुम अकेली स्त्री किस प्रकार

ठहर सकती हो ॥ १२४ ॥ इन्द्रादिक सम्पूर्ण देवता भी जिन शुम्भ आदि दैत्योंके सामने न ठहर सके, उनके सामने तुम स्त्री होकर कैसे पहुँचोगी ॥१२५॥ इसलिये मेरा कहना मानकर तुम शुम्भ निशुम्भ के पास चली चलो,नहीं तो केश पकड़ कर खींचते हुए तुम्हें लेजाना पड़ेगा,इसमें तुह्मारी

संयुगे।शुंभादीनां कथं तेषां स्त्री प्रयास्यसि सम्मुखम्१२५
सा त्वं गच्छ मयैवोक्ता पार्श्वं शुंभनिशुंभयोः। केशाकर्षण-
निर्धूतगौरवा मा गमिष्यसि१२६देव्युवाच१२७एवमेतद्
बली शुंभो निशुंभश्चातिवीर्यवान्।किं करोमि प्रतिज्ञा मे
यदनालोचिता पुरा१२८स त्वं गच्छ मयोक्तं ते यदेतत्स-
र्वमादृतः। तदाचक्ष्वासुरेन्द्राय स च युक्तं करोतु यत्१२९

सब प्रतिष्ठा बिगड़ जायगी ॥१२६॥ देवी बोली ॥१२७॥ तुह्मारा कहना ठीक है,शुम्भ और निशुम्भ ऐसे ही पराक्रमी तथा वीर्यवान है किन्तु क्या करूँ । मैं बिना विचारे प्रतिज्ञा कर चुकी हूँ॥१२८॥अतः तुम जाओ और मेरा सब कथन आदर पूर्वक दैत्यराज से कहदो,फिर वह जैसा उचित समझेंसो करें।१२९

* अथ षष्ठोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॥ ॐ नागाधीश्वरविष्टरां फणिफणोत्तं-
सोरुरत्नावलीभास्वद्देहलतां दिवाकरनिभां नेत्रत्रयो-
द्भासिताम् । मालाकुम्भकपालनीरजकरां चन्द्रार्धचूडां
परां, सर्वज्ञेश्वरभैरवांकनिलयां पद्मावतीं चिन्तये ॥

ऋषि बोले ॥१॥ देवी के ऐसे वचन सुनकर दूत क्रोध से परिपूर्ण होगया और दैत्यराज के

ऋषिरुवाच ।१। ॐ इत्याकर्ण्य वचो देव्याः स दूतोऽम-
र्षपूरितः । समाचष्ट समागम्य दैत्यराजाय विस्तरात् ।२।
तस्य दूतस्य तद्वाक्यमाकर्ण्यासुरराट् ततः । सक्रोधःप्राह

पास आकर सब हाल विस्तार पूर्वक सुनाया ॥२॥ उस दूत के ऐसे बचन सुनकर दैत्यराज अत्यन्त

क्रोधित होकर अपने सेनापति धूम्रलोचन से इस प्रकार कहने लगा ॥ ३ ॥ हे धूम्रलोचन ! तुम अपनी सेना को साथ लेकर वहाँ जाओ और उस दुष्टा को बाल खींचकर बलपूर्वक यहाँ पकड़

दैत्यानामधिपं धूम्रलोचनम् ।३। हे धूम्रलोचनाशु त्वं स्वसैन्यपरिवारितः । तामानय बलाद् दुष्टां केशाकर्षणविह्वलाम् ।४। तत्परित्राणदः कश्चिद्यदि वोत्तिष्ठतेऽपरः । स हन्तव्योऽमरो वापि यक्षो गन्धर्व एव वा ।५। ऋषिरुवाच ।६। तेनाज्ञप्तस्ततः शीघ्रं स दैत्यो धूम्रलोचनः । वृतः षष्ट्या सहस्राणामसुराणां द्रुतं ययौ ।७। स दृष्ट्वा तां ततो देवीं तुहिनाचलसंस्थिताम् । जगादोच्चैः प्रयाहीति मूलं शुम्भ-

लाओ ॥ यदि और कोई उसकी रक्षा करने के लिये आवे तो उसका भी वध कर देना, वह देवता, यक्ष, गन्धर्व कोई भी क्यों न हो ॥ ५ ॥ ऋषि बोले ॥ ६ ॥ इस प्रकार शुम्भ की आज्ञा पाकर वह धूम्रलोचन साठ हजार असुर सैन्य को लेकर शीघ्र ही वहाँ पहुँच गया ॥ ७ ॥ वहाँ पहुँच कर

हिमालय पर्वत पर बैठी हुई देवीको उसने देखकर ललकारा और कहा तू शीघ्र ही शुम्भ निशुम्भ के पास चल, यदि इस समय प्रसन्नता पूर्वक मेरे स्वामीके पास तू नहीं चलेगी तो मैं जबरदस्ती बाल पकड़ कर खींचते हुए तुझे वहाँ ले चलूँगा ॥ ८-९ ॥ देवी बोली ॥ १० ॥ तुझे दैत्येश्वर ने

निशुम्भयोः।८।न चेत्प्रीत्याद्य भवती मद्भर्तारमुपैष्यति। ततो बलान्नयाम्येष केशाकर्षणविह्वलाम् ।९। देव्युवाच १० दैत्येश्वरेण प्रहितो बलवान् बलसंवृतः। बलान्नयसि मामेवं ततः किं ते करोम्यहम्।११। ऋषिरुवाच।१२। इत्युक्तः सोऽभ्यधावत्तामसुरो धूम्रलोचनः। हुङ्कारेणैव तं भस्म सा चकाराम्बिका ततः।१३। अथ क्रुद्धं महासैन्यम-

भेजा है तू स्वयं ही बलवान है, सेना तेरे साथ है, यदि तू बलपूर्वक मुझे ले जायगा तो मैं तेरा क्या कर सकती हूँ ॥ ११ ॥ ऋषि बोले ॥१२॥ देवीके ऐसा कहने पर धूम्रलोचन देवी के सन्मुख दौड़ा, तब अम्बिका देवी ने हुँकारोच्चारण मात्र से ही उसको भस्म कर दिया ॥ १३ ॥ इस पर

वह असुरों की सेना अत्यन्त क्रोधित हो गई, किन्तु अम्बिका के तीक्ष्ण वाणों, शक्ति और फरसाओं की वर्षा कर देने से बिल्कुल शान्त हो गई ।। १४ ।। इतने ही में देवी का सिंह क्रोध से गर-

सुराणां तथाम्बिका । ववर्ष सायकैस्तीक्ष्णैस्तथा शक्तिपरश्वधैः ।१४। ततो धुतसटः कोपात्कृत्वा नादं सुभैरवम् । पपातासुरसेनायां सिंहो देव्याः स्ववाहनः ।१५। कांश्चित् करप्रहारेण दैत्यानास्येन चापरान् । आक्रान्त्या चाधरेणान्यान् स जघान महासुरान् ॥ १६ ॥ केषाञ्चित्पाटयामास नखैः कोष्ठानि केसरी । तथा तलप्रहारेण शिरांसि कृतवान् पृथक् ।१७। विच्छिन्नबाहुशिरसः कृतास्तेन तथापरे । पपौ

जता हुआ, गर्दन के बाल हिलाता हुआ असुरों की सेना पर टूट पड़ा ।। १५ ।। उसने कितने ही दैत्यों को पंजे के प्रहार से, कितने ही मुँह से, कितने ही असुरों को पटक कर दाढ़ों से घायल करके मार डाला ।। १६ ।। कितने ही दैत्यों के पेट अपने नखों से फाड़ दिये और थप्पड़ मारकर

कितने ही दैत्यों के सिर धड़ से जुदा कर दिये ॥१७॥ उस सिंह ने कितने ही असुरों को सुजायें और सिर काट डाले। और गर्दन के बाल हिलाते हुए अन्यों के पेट फाड़कर उनका रक्त पान किया ॥ १८ ॥ इस प्रकार अमित क्रोध में उन्मत्त उस देवी के वाहन बलवान सिंह ने क्षण भर में

च रुधिरं कोष्ठादन्येषां धुतकेसरः।१८। क्षणेन तद्बलं सर्वं क्षयं नीतं महात्मना। तेन केसरिणा देव्या वाहनेनातिकोपिना।१९। श्रुत्वा तमसुरं देव्या निहतं धूम्रलोचनम्। बलं च क्षयितं कृत्स्नं देवीकेसरिणा ततः। २०। चुकोप दैत्याधिपतिः शुंभः प्रस्फुरिताधरः। आज्ञापयामास च तौ चण्डमुण्डौ महासुरौ।२१। हे चण्ड हे मुण्ड बलैर्बहुलैः परि-

असुरों की संपूर्ण सेना का विनाश कर दिया ॥१९॥ देवी के द्वारा धूम्रलोचन का मरण तथा उसके सिंह के द्वारा अपनी संपूर्ण सेना का विनाश सुनकर दैत्यराज बड़ा क्रोधित हुआ। उसके ओठ फड़कने लगे और उसने चण्ड, मुण्ड नामक महादैत्यों को इस प्रकार आज्ञा दी ॥२०-२१॥

हे चण्ड ! हे मुण्ड ! तुम लोग विशाल सेना लेकर उस पर्वत पर जाओ और उस स्त्री के केश पकड़ कर अथवा उसे बाँध कर शीघ्र यहाँ ले आओ, यदि इसमें तुम्हें किसी प्रकार का संशय हो

वारितौ । तत्र गच्छत गत्वा च सा समानीयतां लघु ॥२२॥
केशेष्वाकृष्य बद्ध्वा वा यदि वः संशयो युधि । तदाशेषायुधैः सर्वैरसुरैर्विनिहन्यताम् ॥२३॥ तस्यां हतायां दुष्टायां
सिंहे च विनिपातिते । शीघ्रमागम्यतां बद्ध्वा गृहीत्वा
तामथाम्बिकाम् ॥ २४ ॥

तो संग्राम में सब प्रकार के अस्त्र, शस्त्र तथा दैत्य सेना का प्रयोग करके उसका वध कर डालना ॥ २२-२३ ॥ उस दुष्टा के मर जाने पर तथा सिंह के मर जाने पर उस अम्बिका को पकड़ कर तथा बाँध कर शीघ्र ही वापिस आओ ॥ २४ ॥

इति श्री मार्कण्डेयपुराणे सावर्णिके मन्वन्तरे देवीमाहात्म्ये शुंभनिशुंभ सेनानी
धूम्रलोचन वधो नाम षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

* अथ सप्तमोऽध्याय *

अथ ध्यानम् । ॐ ध्यायेयं रत्नपीठे शुककलपठितं शृण्वतीं श्यामलाङ्गीं न्यस्तैकाङ्घ्रिं सरोजे शशिशकलधरां वल्लकीं वादयन्तीं । कह्लाराबद्धमालां नियमितविलसच्चोलिकां रक्तवस्त्रां मातङ्गीं शङ्खपात्रां मधुरमधुमदां चित्रकोद्भासिभालाम् ।

ऋषि बोले ॥ १ ॥ शुम्भ की आज्ञानुसार चण्ड मुण्ड चतुरङ्गिनी सेना के साथ अस्त्र शस्त्र लेकर चल दिये ॥ २ ॥ फिर हिमालय पर्वत पर पहुँच कर उन्होंने सिंह पर सवार देवी को मुस्क-

ऋषिरुवाच ।१। ॐ आज्ञप्तास्ते ततो दैत्याश्चण्डमुण्डपुरोगमाः। चतुरङ्गबलोपेता ययुरभ्युद्यतायुधाः ।२। ददृशु-

राते हुए देखा ।। ३ ।। देवी को देखकर कितने ही दैत्य धनुष और तलवार लेकर देवी के पास आकर उसको पकड़ने का प्रयत्न करने लगे ।। ४ ।। तब अम्बिका ने शत्रुओं को देखकर इतना क्रोध किया कि उसके मुँह का रङ्ग श्याम हो गया ।। ५ ।। भृकुटी टेढ़ी हो गई और ललाट में से

स्ते ततो देवीमीषद्धासां व्यवस्थिताम् । सिंहस्योपरि शैलेन्द्रशृंगे महति काञ्चने । ३ । ते दृष्ट्वा तां समादातुमुद्यमं चक्रुरुद्यताः । आकृष्टचापासिधरास्तथान्ये तत्समीपगाः ।४। ततः कोपं चकारोच्चैरम्बिका तानरीन्प्रति । कोपेन चास्या वदनं मसीवर्णमभूत्तदा ।।५।। भ्रुकुटीकुटिलात्तस्या ललाटफलकाद्द्रुतम् । काली करालवदना विनिष्क्रान्तासिपाशिनी ।६। विचित्रखट्वाङ्गधरा नरमालाविभूषणा ।

शीघ्र ही भयंकर मुखी काली तलवार और पाश लिये उत्पन्न हुईं ।। ६ ।। वे चीते की खाल की साड़ी और नरमुण्डों की माला पहिने हुए थीं, विचित्र खट्वाङ्ग धारण कर रक्खा था उनका शरीर

गया था केवल हड्डियों का ढाँचा था जिसके कारण वे अत्यन्त भयानक मालूम पड़ती थीं ॥७॥ मुख विशाल था, जीभ के लपलप करने को कारण भयङ्कर नेत्र भीतर को धँसे हुए लाल हो रहे थे, उनका भयंकर शब्द चारों दिशाओं को गुञ्जारित कर रहा था ॥ ८ ॥ वे काली देवी बड़ी तीव्रता

द्वीपिचर्मपरीधाना शुष्कमांसातिभैरवा ।७। अतिविस्तारवदना जिह्वाललनभीषणा । निमग्ना रक्तनयना नादापूरितदिङ्मुखा ।८। सा वेगेनाभिपतिता घातयन्ती महासुरान् । सैन्ये तत्र सुरारीणामभक्षयत तद्बलम् ९ पार्ष्णिग्राहांकुशग्राहियोधघण्टासमन्वितान् । समादायैकहस्तेन मुखे चिक्षेप वारणान् ।१०। तथैव योधं तुरगै रथंसारथिना

के साथ असुरों की सेना में टूट पड़ीं और उनका संहार करती हुई उनका भक्षण करने लगीं ॥९॥ पार्श्वों के रक्षक, अंकुश वाले महावत, योद्धाओं और घण्टा सहित हाथियों को एक ही हाथ से पकड़ कर मुँह में डाल लेती थीं ॥ १० ॥ और इसी प्रकार घोड़ों सहित योद्धाओं, सारथि समेत

रथों को मुँह में डालकर डरावने रूप से चबा लेती थीं ॥ ११ ॥ किसी के बाल पकड़ कर, किसी का गला घोटकर, किसी को पैरों से कुचल कर, किसी को छाती से रिगड़ कर मार रही थीं ।।१२।। और बड़े २ अस्त्र शस्त्र जो कि असुर छोड़ते थे उनको मुँह से पकड़ कर दाँतों से चूर्ण कर देती

सह। निक्षिप्य वक्त्रे दशनैश्चर्वयन्त्यतिभैरवम्।११। एकं जग्राह केशेषु ग्रीवायामथ चापरम्। पादेनाक्रम्य चैवान्यमुरसान्यमपोथयत्१२ तैर्मुक्तानि च शस्त्राणि महास्त्राणि तथासुरैः। मुखेन जग्राह रुषा दशनैर्मथितान्यपि ॥ १३ ॥ बलिनां तद्बलं सर्वमसुराणां दुरात्मनाम्। ममर्दाभक्षयच्चान्यानन्यांश्चाताडयत्तथा१४असिना निहताः केचित्केचित्खट्वाङ्गताडिताः। जग्मुर्विनाशमसुरा दन्ताग्राभिह-

थीं ॥ १३ ॥ इस तरह विशाल शरीर वाले बलवान असुरों की संपूर्ण सेनायें कुछ भक्षण कर डाली और कुछ प्रहारों से मार डालीं ॥ १४ ॥ कितने ही को तलवार से मार दिया, बहुतों को खट्वाङ्ग

से पीड़ित कर दिया और दाँतों से नौंच कर नष्ट कर दिया ॥१५॥ इस तरह पल भर में देवी द्वारा अपनी सेना नष्ट हुई देखकर चण्ड उस भयंकर काली देवी की ओर लपका ॥ १६ ॥ उस महा असुर ने बाणों की भीषण वर्षा करके और मुण्ड ने सहस्रों चक्र चलाकर, उसे डरावनी आँखों वाली

तास्तथा ।१५। क्षणेन तद् बलं सर्वमसुराणांसनिपातितम् ।
दृष्ट्वा चण्डोऽभिदुद्राव तां कालीमतिभीषणाम् ॥ १६ ॥
शरवर्षैर्महाभीमैर्भीमाक्षीं तां महासुरः । छादयामास चक्रै-
श्च मुण्डः क्षिप्तैः सहस्रशः ॥१७ ॥ तानि चक्राण्यनेकानि
विशमानानि तन्मुखम् । बभुर्यथार्कबिम्बानि सुबहूनि
घनोदरम् ।१८। ततो जहासातिरुषा भीमं भैरवनादिनी ।

देवी को ढक दिया ॥ १७ ॥ वे अनेकों चक्र देवी के मुख में प्रवेश करते हुए ऐसी शोभा देते थे मानो सूर्य के अनेक प्रतिबिम्ब मेघों की घटा में प्रवेश कर रहे हों ॥१८॥ तब अत्यन्त क्रोधित होकर देवी ने भयंकर गर्जना करके विकट अट्टहास किया, उस समय उनके भयंकर मुख के भीतर के

दातों की पंक्ति की ज्योति, जो कि कठिनता से देखी जाती थी; बड़ी उज्जल दिखाई देती थी ॥१९॥ फिर हं शब्द उच्चारण करती हुई देवी तलवार लेकर चंड पर झपटी और उसके बाल पकड़ कर उसका सिर काट डाला ॥ २० ॥ चंड को मरा हुआ देखकर मुण्ड देवी की तरफ लपका, देवी

काली करालवक्त्रान्तदुर्दर्शदशनोज्ज्वला ।१९। उत्थाय च महासिं हं देवी चण्डमधावत । गृहीत्वा चास्य केशेषु शिरस्तेनासिनाच्छिनत् २० अथ मुंडोऽभ्यधावत्तां दृष्ट्वा चंडं निपातितम् । तमप्यपातयद्भूमौ सा खड्गाभिहतं रुषा ॥ २१ ॥ हतशेषं ततः सैन्यं दृष्ट्वा चंडं निपातितम् । मुण्डं च सुमहावीर्यं दिशो भेजे भयातुरम् ।२२। शिरश्च-

ने क्रोधित होकर तलवार से उसे भी मारकर पृथ्वी पर पटक दिया ॥२१॥ बाकी बची हुई सेना बलवान चण्ड मुण्ड को मरा हुआ देखकर भयभीत होकर चारों दिशाओं में भाग गई ॥ २२ ॥ काली चण्ड मुण्ड का सिर लेकर चण्डिका के पास गई और प्रचण्ड अट्टहास करती हुई बोली

।। २३ ।। युद्ध में चण्ड मुण्ड नामक महापशु मैंने मार दिये, अब युद्ध स्थल में शुम्भ और निशुम्भ का वध तुम स्वयं करना ।। २४ ।। ऋषि बोले ।। २५।। महाअसुर चण्ड मुण्ड को देखकर कल्याणकारी देवी काली से मीठी वाणी में बोली ।। २६ ।। हे देवि ! क्योंकि तुम चण्ड और

ण्डस्य काली च गृहीत्वा मुणमेव च । प्राहप्रचंडाट्टहासमिश्रमभ्येत्य चंडिकाम् ।२३। मया तवात्रोपहृतौ चंडमुंडौ महापशू । युद्धयज्ञे स्वयं शुंभं निशुंभञ्च हनिष्यसि ।।२४।। ऋषिरुवाच ।२५। तावानीतौ ततो दृष्ट्वा चंडमुण्डौ महासुरौ । उवाच काली कल्याणी ललितं चंडिका वचः ।२६। यस्माच्चण्डं च मुण्डंच गृहीत्वा त्वमुपागता । चामुण्डेति ततो लोके ख्याता देवि भविष्यसि२७इति सप्तमोध्यायः

मुण्ड को मेरे पास लाई हो,इस कारण संसार में तुम चामुण्डा के नाप से विख्यात होओगी।२७।

इति श्रीमार्कण्डेयपुराणे चण्ड मुण्ड वधो नाम सप्तमोऽध्यायः ।। ७ ।।

* अथ अष्टमोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॥ ॐ अरुणां करुणातरङ्गिताक्षीं धृतपाशांकुशबाणचापहस्ताम् । अणिमादिभिरावृतां मयूखैरहमित्येव विभावये भवानीम् ॥ ८ ॥

ऋषि बोले ॥ १ ॥ इस तरह काली भगवती द्वारा जब चण्ड और मुण्ड नामक दैत्यों का संहार होगया और असुरों की विशाल सेना भी नष्ट होगई तब असुरों के अधिपति शुम्भ ने क्रोधित

ऋषिरुवाच ।१। ॐ चण्डे च निहते दैत्ये मुण्डे च विनिपातिते । बहुलेषु च सैन्येषु क्षयितेष्वसुरेश्वरः ॥ २ ॥ ततः कोपपराधीनचेताः शुंभः प्रतापवान् । उद्योगं सर्व सैन्यानां दैत्यानामादिदेश ह ।३। अद्य सर्वबलैर्दैत्याः षडशी-

होकर दैत्यों की सम्पूर्ण सेनाओं को संग्राम करने के लिये तैयार होने का आदेश दिया ॥२-३॥

उसने कहा-कि आज उदायुध नामके ८६ दैत्य सेना नायक और कम्बु नाम के ८४ दैत्य सेना नायक अपनी अपनी सेनाओं के साथ युद्ध के लिये तत्काल कूच करें ॥ ४॥ और कोटि वीर्य नामक दैत्यों के ५० कुल तथा धूम्र नाम वाले दैत्यों के १०० कुल मेरी आज्ञा से इसी समय

तिरुदायुधाः कंबूनां चतुरशीतिर्निर्यान्तु स्वबलवृताः।४।
कोटिवीर्याणि पञ्चाशदसुराणां कुलानि वै। शतं कुलानि
धौम्राणां निर्गच्छन्तु ममाज्ञया।५।कालका दौर्हृदा मौर्याः
कालकेयास्तथासुराः। युद्धाय सज्जा निर्यान्तु आज्ञया
त्वरिता मम।६।इत्याज्ञाप्यासुरपतिः शुम्भो भैरवशासनः।
निर्जगाम महासैन्य सहस्रैर्बहुभिर्वृतः ७आयान्तं चंडिका

जाँय ॥ ५ ॥ कालक, द्रोहृर्द, मौर्य और कालकेय नामक दैत्य भी मेरी आज्ञा से युद्ध के लिये सजकर शीघ्र ही जाँय । ६ । भयानक शासक दैत्यराज शुम्भ इस प्रकार आज्ञा देकर स्वयं भी हजारों बड़ी सेनाओं के साथ युद्ध के लिये चला ॥ ७॥ चंडिका देवी ने उस भयंकर सैन्य

को आती हुई देखकर अपने धनुष की टङ्कार से पृथ्वी और आकाश के मध्य भाग को गुञ्जायमान कर दिया ॥ ८ ॥ हे राजन् ! इसके अनन्तर चंडिका के सिंह ने घोर शब्द किया और अम्बिका ने भी घन्टे का शब्द करके उसको और भी बढ़ा दिया ॥ ९ ॥ धनुष की टङ्कार, सिंह

दृष्ट्वा तत्सैन्यमतिभीषणम् । ज्यास्वनैः पूरयामास
धरणीगगनान्तरम् ॥८॥ ततः सिंहो महानादमतीव कृत-
वान् नृप । घंटास्वनेन तन्नादमम्बिका चोपबृंहयत् ॥९॥
धनुर्ज्यासिंहघंटानां नादापूरितदिङ्मुखा। निनादैर्भीषणैः
काली जिग्येविस्तारितानना । १० । तं निनादमुपश्रुत्य
दैत्यसैन्यैश्चतुर्दिशम् । देवी सिंहस्तथा काली सरोषैः

की गर्जना और घन्टे के शब्द से सब दिशायें गूँज उठी, उस भयानक शब्द से काली ने अपने विकट मुख को और भी विस्तृत किया ॥ १० ॥ उस भयानक शब्द को सुनकर क्रोध युक्त दैत्य

सेना ने चण्डिका देवी, सिंह, तथा काली को चारों ओर से घेर लिया ॥ ११ ॥ हे राजन् ! इसी समय असुरों के विनाश तथा देवताओं के कल्याण के लिये ब्रह्मा, शिव, कार्तिकेय, विष्णु और इन्द्रादि देवों की शक्तियाँ जो कि अत्यन्त पराक्रमी और वलशाली थीं, उनके शरीर से निकल

परिवारिताः ।११। एतस्मिन्नन्तरे भूप विनाशाय सुरद्विषाम् । भवायामरसिंहानामतिवीर्यबलान्विताः ।१२। ब्रह्मेशगुहविष्णूनां तथेन्द्रस्य च शक्तयः । शरीरेभ्यो विनिष्क्रम्य तद्रूपैश्चण्डिकां ययुः ।१३। यस्य देवस्य यद्रूपं यथाभूषणवाहनम् । तद्वदेव हि तच्छक्तिरसुरान्योद्धुमाययौ १४ हंसयुक्तविमानाग्रे साक्षसूत्रकमण्डलुः । आयाता ब्रह्मणः

कर उन्हीं का रूप धारण किये हुए चण्डिका देवी के समीप गईं ॥ १२-१३ ॥ इन देवताओं का जैसा रूप, जैसा आभूषण, और जैसा वाहन था, उन्हीं साधनों से युक्त होकर उनकी शक्तियाँ दैत्यों से युद्ध करने के लिये आईं ॥ १४ ॥ हंसयुक्त विमान में बैठकर, रुद्राक्ष की माला और

कमंडलु धारण करके ब्रह्मा की शक्ति आई, उसका नाम ब्रह्माणी हुआ ॥ १५ ॥ शिवजी की शक्ति बैल पर सवार होकर, त्रिशूल को लिये हुए, महानाग का कंकण तथा चन्द्ररेखा से शोभित होकर वहाँ आई ॥ १६ ॥ स्वामी कार्तिकेय की शक्ति अम्बिका उन्हीं का रूप धारण करके श्रेष्ठ

शक्तिर्ब्रह्माणी साभिधीयते ॥ १५ ॥ माहेश्वरी वृषारूढा त्रिशूलवरधारिणी। महाहिवलया प्राप्ता चन्द्ररेखा विभूषणा ।१६। कौमारीशक्तिहस्ता च मयूरवरवाहना। योद्धुमभ्याययौ दैत्यानम्बिका गुहरूपिणी ॥ १७ ॥ तथैव वैष्णवी शक्तिर्गरुडोपरि संस्थिता। शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गखड्गहस्ताभ्युपाययौ१८यज्ञवाराहमतुलं रूपं या बिभ्रतो

मोर की सवारी पर आरूढ़ होकर शक्ति लिये हुए दैत्यों से संग्राम करने के लिए आई ॥ १७ ॥ इसी प्रकार भगवान् विष्णु की शक्ति गरुड़ पर सवार होकर शंख, चक्र, गदा, शार्ङ्ग धनुष तथा खड्ग हाथ में धारण किये हुए वहाँ आई ॥१८॥ अति सुन्दर वाराह का रूप धारण करने वाले भगवान

हरिकी शक्ति भी वाराह रूप धारण करके वहाँ आई ॥ ९१ ॥ नारसिंही शक्ति भी नृसिंही के सदृश शरीर धारण करके वहाँ आई, जिसके गर्दन के बालों के हिलने से आकाश के नक्षत्र भी बिखरे जाते थे ॥ २० ॥ गजराज ऐरावत पर सवार होकर वज्र हाथ में धारण करके इन्द्र की शक्ति वहाँ

हरेः। शक्तिः साप्याययौ तत्र वाराहीं बिभ्रतीतनुम् । १९
नारसिहीं नृसिहस्य बिभ्रती सदृशं वपुः । प्राप्ता तत्र सटाक्षेपक्षिप्तनक्षत्रसंहतिः ।२०। वज्रहस्ता तथैवैन्द्री गजराजोपरि स्थिता । प्राप्ता सहस्रनयना यथा शक्रस्तथैव सा ।२१। ततः परिवृतस्ताभिरीशानो देवशक्तिभिः । हन्यन्तामसुराः शीघ्रं ममप्रत्याऽऽह चण्डिकाम् ।२२। ततो देवीशरीरात्तु विनिष्क्रांतातिभीषणा । चण्डिकाशक्तिर-

आई । इन्द्र के समान ही उसका रूप था, उसके सहस्रनेत्र थे ॥ २१ ॥ फिर देव शक्तियों से युक्त महादेवजी चण्डिका से कहने लगे कि मेरी प्रसन्नता के लिये तुम शीघ्र ही इन दैत्यों का वध करदो

।।२२।। तब देवि के शरीर से अत्यन्त भयंकर, उग्र रूपवाली चण्डिका शक्ति उत्पन्न हुई, जिसकी आवाज सैंकड़ों गीदड़ियों के समान थी ।। २३ ।। वह अपाराजिता देवि धूम्र वर्ण की जटा वाले शिवजी से बोली कि हे भगवान्! आप मेरी तरफ से दूत बनकर शुम्भ और निशुम्भ के पास जाइये

त्युग्रा शिवाशतनिनादिनी२३ सा चाह धूम्रजटिलमीशानमपराजिता। दूत त्वं गच्छ भगवन् पार्श्वं शुम्भनिशुम्भयोः।२४। ब्रूहि शुम्भं निशुम्भं च दानवावतिगर्वितौ, ये चान्ये दानवास्तत्र युद्धाय समुपस्थिताः।२५। त्रैलोक्यमिन्द्रो लभतां देवाः सन्तु हविर्भुजः। यूयं प्रयात पातालं यदि जीवितुमिच्छथ २६। बलावलेपादथ चेद्भवन्तो युद्ध-

।। २४ ।। और अत्यन्त अभिमानी दैत्य शुम्भ और निशुम्भ से तथा और भी अन्य दैत्य जो वहाँ मौजूद हों उनसे कहिये ।।२५।। हे दैत्या! यदि तुह्मारी जीवित रहने की इच्छा है तो तुम पाताल लोक को चले जाओ। त्रिलोकी का राज्य इन्द्र को मिल जाय और देवता यज्ञ भाग का भोग

करें ॥ २६ ॥ और यदि बल के अभिमान से तुह्मारी युद्ध करने की आकाँक्षा हो तो मेरे सामने आओ, मेरी योगिनियाँ तुह्मारे माँस से तृप्त होंगी ॥ २७ ॥ चूंकि देवी ने शिवजी को दूत कार्य पर नियुक्त किया था, इसलिये वे संसार में शिवदूती के नाम से प्रसिद्ध हुईं ॥२८॥ भगवान् शिव

कांक्षिणः। तदागच्छत तृप्यन्तु मच्छिवाःपिशितेन वः२७
यतो नियुक्तो दौत्येन तया देव्या शिवः स्वयम् । शिवदूतीतिलोकेऽस्मिंस्ततः सा ख्यातिमागता २८ तेऽपि
श्रुत्वा वचो देव्याःशर्वाख्यातं महासुराः । अमर्षापूरिता
जग्मुर्यत्रःकात्यायनी स्थिता२९ततःप्रथममेवाग्रे शरशक्त्यृष्टिवृष्टिभिः। ववर्षु रुद्धतामर्षास्तां देवीममरारयः३०
सा च तान्प्रहितान्बाणाञ्छूलशक्तिपरश्वधान् ।चिच्छेद

जी के मुख से ऐसे वचन सुनकर उन असुरों को भी बड़ा क्रोध हुआ और जहाँ वह कात्यायनी बैठी थी वहाँ गये ॥ २९ ॥ फिर वे दैत्य क्रोध में भरकर उस देवी के ऊपर बाण, शक्ति और

ऋष्टि आदि शस्त्रों की वर्षा करने लगे।३०।उस देवी ने भी अपने धनुष की टङ्कोर की और दैत्यों द्वारा छोड़े हुए बाण,शूल,शक्ति और फरसों को खेल ही खेल में काट डाला ॥३१॥ उस समय काली देवी शत्रुओं के सामने होकर शूल के प्रहार से उनका नाश करती हुई और खटवाङ्ग से उनको

लीलयाऽऽध्मातधनुर्मुक्तैर्महेषुभिः । ३१ । तस्याग्रतस्तथाकाली शूलपातविदारितान् । खट्वाङ्गपोथितांश्चारीन्कुर्वती व्यचरत्तदा ।३२। कमंडलुजलाक्षेपहतवीर्यान्हतौजसः । ब्रह्माणी चाकरोच्छत्रून्येन येन स्म धावति ।३३। माहेश्वरी त्रिशूलेन तथा चक्रेण वैष्णवी । दैत्याञ्जघान कौमारी तथा शक्त्यातिकोपना ।३४। ऐन्द्रीकुलिशपातेन शतशो दैत्यदानवाः । पेतुर्विदारिताःपृथ्व्यां रुधिरौघप्र-

कुचलती हुई रणभूमि में विचरण करने लगी ॥ ३२ ॥ और ब्रह्माणी जिधर भी जाती थीं, उसी ओर कमण्डल का जल छिड़क कर शत्रुओं के वीर्य और पराक्रम को नष्ट कर देती थीं ।।३३।। इस

प्रहार माहेश्वरी त्रिशूल द्वारा और वैष्णवी चक्रद्वारा और अत्यन्त क्रोधित कुमार कार्तिकेय शक्ति द्वारा दैत्यों का संहार करने लगी ।। ३४ ।। और इन्द्र ने भी अपने वज्र के प्रहार से सैकड़ों दैत्यों को उनका रक्त बहाते हुए पृथ्वी पर सुला दिया ।। ३५ ।। बाराही शक्ति ने तुण्ड के प्रहार से

वर्षिणः । ३५ । तुण्डप्रहारविध्वस्ता दंष्ट्राग्रक्षतवक्षसः । वाराहमूर्त्या न्यपतंश्चक्रेण च विदारिताः ।३६। नखैर्विदारितांश्चान्यान्भक्षयन्ती महासुरान् । नारसिंही चचाराजौ नादापूर्णदिगम्बरा ।३७। चण्डाट्टहासैरसुराः शिवदूत्यभिदूषिताः । पेतुःपृथिव्यां पतितांस्तांश्चखादाथ सा तदा ।३८। इति मातृगणं क्रुद्धं मर्दयन्तं महासुरान् । दृष्ट्-

कितनों को ही मार दिया और दाढ़ों के अग्र भाग से कितनों की ही छाती विदीर्ण कर डाली तथा कितने ही चक्र की चोट खाकर पृथ्वी पर लोटने लगे ।।३६।। और नारसिंही भी अन्य महाअसुरों को अपने नखों से विदीर्ण करती हुई और भक्षण करती हुई अपने सिंहनाद द्वारा आकाश को और

चारों दिशाओं को शब्दायमान करती हुई रणभूमि में विचरने लगी ॥ ३७ ॥ बहुत से असुर शिवदूत के विकट अट्टहास से अत्यन्त भयभीत होकर पृथ्वी पर मूर्छित अवस्था में गिरने लगे, शिवदूती ने उनके धराशायी होते ही उनका भक्षण करना आरम्भ कर दिया ॥ ३८ ॥ इस प्रकार

वाभ्युपायैर्विविधैर्नेशुर्देवारिसैनिकाः ।३९। पलायनपरान् दृष्ट्वा दैत्यान् मातृगणार्दितान् । योद्धुमभ्याययौ क्रुद्धो रक्तबीजो महासुरः ॥ ४० ॥ रक्तबिन्दुर्यदा भूमौ पतत्यस्य शरीरतः । समुत्पतति मेदिन्यां तत्प्रमाणस्तदासुरः ।४१। युयुधे स गदापाणिरिन्द्रशक्त्या महासुरः । ततश्चैन्द्री स्ववज्रेण रक्तबीजमताडयत् ॥४२॥ कुलिशेनाहतस्याशु

क्रोधित मातृगणों द्वारा अनेक प्रकार के उपायों से बड़े २ दैत्यों को नष्ट होते हुए देख असुरों की सेना भाग खड़ी हुई ॥ ३९ ॥ फिर मातृगणों से पीड़ित हुए असुरों को रणस्थल में से भागते हुए देखकर रक्तबीज नामक महाअसुर क्रोध पूर्ण होकर लड़ने के लिये आया ॥ ४० ॥ इस असुर के

शरीर से जो रक्त की बूंद पृथ्वी पर गिरती थीं उससे उसी के समान बलशाली एक दूसरा महाअसुर पृथ्वी पर पैदा हो जाता था ॥ ४१ ॥ वह महा दैत्य रक्तबीज हाथ में गदा लेकर ऐन्द्री के साथ संग्राम करने लगा। तब ऐन्द्री ने अपने वज्र से रक्तबीज पर प्रहार किया ॥ ४२ ॥ वज्र के प्रहार

बहु सुस्राव शोणितम् । समुत्तस्थुस्ततो योधास्तद्रूपास्तत्पराक्रमाः ।४३। यावन्तःपतितास्तस्य शरीराद्रक्तबिन्दवः ।तावन्तःपुरुषा जातास्तद्वीर्यबलविक्रमाः४४ते चापि युयुधुस्तत्र पुरुषा रक्तसम्भवाः। समं मातृभिरत्युग्रशस्त्रपातातिभीषणम् ।४५। पुनश्च वज्रपातेन क्षतमस्य शिरो यदा । ववाह रक्तं पुरुषास्ततो जाताःसहस्रशः ४६ वैष्णवी

से उसके शरीर से बहुत सा रुधिर गिरने लगा। और उससे उसी के सदृश रूप वाले और पराक्रमी योद्धा पैदा होने लगे ॥ ४३ ॥ उसके शरीर से जितनी रुधिर की बूंदे गिरीं उतने ही पुरुष रक्तबीज के समान वीर्य,बल और पराक्रम में पैदा होगये ॥ ४४ ॥ वे रुधिर से उत्पन्न हुए पुरुष

भी अत्यन्त उग्र शस्त्रों की वर्षा करते हुए मातृगणों के साथ घोर संग्राम करने लगे॥ ४५॥ फिर वज्र के प्रहार से उसका मस्तक कट जाने पर उससे जो रुधिर बहा उससे हजारों ही पुरुष पैदा हो गये॥ ४६॥ युद्ध में वैष्णवी ने रक्तबीज पर चक्र का प्रहार किया और ऐन्द्री ने उस पर गदा

समरे चैनं चक्रेणाभिजघान ह। गदया ताडयामास ऐन्द्री
तमसुरेश्वरम् ४७ वैष्णवीचक्रभिन्नस्य रुधिरस्रावसम्भवैः।
सहस्रशो जगद्व्याप्तं तत्प्रमाणैर्महासुरैः। ४८। शक्त्या
जघान कौमारी वाराही च तथासिना। माहेश्वरी त्रिशूलेन
रक्तबीजं महासुरम् ॥४९॥ स चापि गदया दैत्यः सर्वा एवा-
हनत् पृथक्। मातृः कोपसमाविष्टो रक्तबीजो महासुरः ५०

से प्रहार किया॥ ४७॥ वैष्णवी के चक्र से कटे हुए उस दैत्य के शरीर से जो रुधिर बहा उससे उसी के समान आकार वाले हजारों महाअसुर उत्पन्न हुए जिनसे सारा जगत व्याप्त हो गया ॥४८॥ फिर कौमारी ने शक्ति से, वाराही ने खड्ग से, और माहेश्वरी ने त्रिशूल से, महाअसुर रक्तबीज

को घायल किया ॥ ४९ ॥ क्रोधयुक्त उस महाअसुर रक्तबीज ने भी गदा से संपूर्ण मातृ शक्तियों पर अलग अलग प्रहार किया ॥ ५० ॥ शक्ति और त्रिशूल आदि अनेक प्रकार के प्रहारों से घायल होने पर उसके शरीर से जो रुधिर की धारा पृथ्वी पर गिरी उससे सैकड़ों दैत्य प्रकट हुए ॥५१॥

तस्याहतस्य बहुधा शक्तिशूलादिभिर्भुवि। पपात यो वै रक्तौघस्तेनासञ्छतशोऽसुराः।५१। तैश्चासुरासृक्सम्भूतैरसुरैः सकलं जगत्। व्याप्तमासीत्ततो देवा भयमाजग्मुरुत्तमम्।५२ तान्विषण्णान् सुरान् दृष्ट्वा चण्डिका प्राह सत्वरा। उवाच कालीं चामुण्डे विस्तरं वदनं कुरु ॥५३॥ मच्छस्त्रपातसम्भूतान् रक्तबिन्दून्महासुरान्। रक्तबिन्दोः

इस तरह उस महाअसुर के रुधिर से उत्पन्न हुए अनेक असुरों द्वारा जब सम्पूर्ण जगत व्याप्त हो गया, तब देवताओं को बड़ा भय हुआ ॥ ५२ ॥ देवताओं को दुखी देखकर चण्डिका, काली से इस प्रकार बोली-हे चामुण्डे ! तुम अपने मुख का और विस्तार करो ॥५३॥ और मेरे शस्त्रों द्वारा

बहने वाले रुधिर की बूंदों से जो महादैत्य उत्पन्न होते हैं उनको अपने इस विस्तृत मुख से भक्षण कर जाओ ।। ५४ ।। इस तरह रुधिर से प्रकट होनेवाले महाअसुरों का भक्षण करती हुई तुम रणभूमि में विचरण करो। ऐसा करने से जब उस दैत्य का संपूर्ण रुधिर नष्ट हो जायगा तो वह

प्रतीच्छ त्वं वक्त्रेणानेन वेगिना ।।५४।। भक्षयन्ती चर रणे तदुत्पन्नान्महासुरान् । एवमेष क्षयं दैत्यः क्षीणरक्तो गमिष्यति ५५ भक्ष्यमाणास्त्वया चोग्रा न चोत्पत्स्यन्ति चापरे । इत्युक्त्वा तां ततो देवी शूलेनाभिजघान तम् ५६ मुखेन काली जगृहे रक्तबीजस्य शोणितम् । ततोऽसावाजघानाथ गदया तत्र चण्डिकाम् ।।५७।। न चास्या वेदनां

दैत्य भी अपने आप नष्ट हो जायगा ।। ५५ ।। तुम्हारे द्वारा उन भयंकर असुरों के खाये जाने पर अन्य नये दैत्य प्रगट नहीं हो सकेंगे। इस प्रकार कहकर चण्डिका देवी ने रक्तबीज पर शूल का प्रहार किया ।। ५६ ।। काली ने उसके रुधिर को शीघ्र ही अपने मुख में ग्रहण किया तब रक्तबीज

ने चण्डिका पर अपनी गदा से प्रहार किया ॥ ५७ ॥ किन्तु उस गदा के प्रहार का देवी केऊपर कुछ भी असर नहीं हुआ और रक्तबीज के घायल शरीर से ही बहुत सा रुधिर बहने लगा ॥ ५८ ॥ किंतु जैसे ही रुधिर गिरता था, चामुण्डा उसे अपने मुख में रख लेती थी रुधिर के गिरने से काली

चक्रे गदापातोऽल्पिकामपि । तस्याहतस्य देहात्तु बहु
सुस्राव शोणितम्५८ यतस्ततस्तद्वक्त्रेण चामुण्डा सम्प्र-
तीच्छति । मुखे समुद्गता येऽस्या रक्तपातान्महासुराः
।५९। तांश्चखादाथ चामुण्डा पपौ तस्य च शोणितम् ।
देवी शूलेन वज्रेण बाणैरसिभिर्ऋष्टिभिः६०जघान रक्त-
बीजं तं चामुण्डापीतशोणितम् । स पपात महीपृष्ठे शस्त्र-

के मुख में से जो महाअसुर प्रकट होते थे, उन्हें भी वह भक्षण कर जाती थी और रक्तबीज के रुधिर को भी उसने पी लिया ॥ ५९ ॥ फिर देवी ने रक्तबीज को जिसका कि रुधिर चामुण्डा पीचुकी थी, वज्र, वाण, खड्ग तथा ऋष्टि आदि शस्त्रों से मार दिया॥ ६ ॥ हे राजन् ! इस तरह

शस्त्रों के समूह से घायल और रक्तहीन होकर रक्तबीज गिर पड़ा ॥६१॥ हे राजन् ! उसके पृथ्वी

सङ्घसमाहतः ॥ ६१ ॥ नीरक्तश्च महीपाल रक्तबीजो महासुरः। ततस्ते हर्षमतुलमवापुस्त्रिदशा नृप ॥६२॥ तेषां मातृगणो जातो ननर्तासृङ्मदोद्धतः ॥ ६३ ॥

पर गिरने से देवताओं को बड़ा हर्ष हुआ ॥ ६२ ॥और मातायें उन असुरों का रक्त पीकर मद से उन्मत्त होकर नृत्य करने लगी ॥ ६३ ॥ इति अष्टमोऽधययः।

* अथ नवमोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॥ॐ॥बन्धूककाञ्चननिभं रुचिराक्षमालां पाशांकुशौ च वरदां निजबाहुदण्डैः॥बिभ्राणमिन्दुशकलाभरणं त्रिनेत्रमर्धाम्बिकेशमनिशं वपुराश्रयामि ॥६॥

राजोवाच१ॐविचित्रमिदमाख्यातं भगवन् भवता मम।

राजा बोले ॥१॥ हे भगवन् ! रक्तबीज के मरने से संबन्ध रखने वाला देवी माहात्म्य आपने मुझसे कहा किन्तु रक्तबीज के मरने के बाद क्रोधित शुम्भ और निशुम्भ ने क्या काम किया, उसे मैं और सुनना चाहता हूँ कहिये ॥ २-३ ॥ ऋषि बोले ॥ ४ ॥ हे राजन् ! संग्राम में रक्तबीज

देव्याश्चरितमाहात्म्यं रक्तबीजवधाश्रितम् ।२। भूयश्चेच्छाम्यहं श्रोतुं रक्तबीजे निपातिते। चकार शुम्भो यत्कर्म निशुम्भश्चातिकोपनः ।३। ऋषिरुवाच ।४। चकार कोपमतुलं रक्तबीजे निपातिते। शुम्भासुरो निशुम्भश्च हतेष्वन्येषु चाहवे।५। हन्यमानं महासैन्यं विलोक्यामर्षमुद्वहन्। अभ्यधावन्निशुम्भोऽथ मुख्ययासुरसेनया ।६। तस्याग्रत-

तथा अन्य असुर के मारे जाने पर शुम्भ और निशुम्भ अत्यन्त क्रोधित हुये ॥ ५ ॥ अपनी बड़ी सेना के इस प्रकार नष्ट हो जाने पर निशुम्भ क्रोधित देवी के सन्मुख दौड़ा, उसके साथ असुरों की मुख्य सेना थी ॥६॥ उसके साथ आगे पीछे, दाँये, बाँये बड़े बड़े दैत्य थे जो क्रोध के कारण

होठ चबाते हुए देवी का वध करने के लिये आये ॥ ७ ॥ महा पराक्रमी शुम्भ भी अपनी सेना लेकर चण्डिका के साथ युद्ध करके उसे मारने के लिये आया ॥ ८ ॥ फिर देवी के साथ शुम्भ और निशुम्भ का घोर युद्ध हुआ जिसमें दोनों दैत्य ने मेघों की तरह तीक्ष्ण वाणों की वर्षा की

स्तथा पृष्ठे पार्श्वयोश्च महासुराः । संदष्टौष्ठपुटाः क्रुद्धा
हन्तुं देवीमुपाययुः ॥७॥ आजगाम महावीर्यः शुम्भोऽपि
स्वबलैर्वृतः। निहन्तुं चण्डिकां कोपात्कृत्वा युद्धं तु मातृभिः ॥८॥ ततो युद्धमतीवासीद्देव्या शुम्भनिशुम्भयोः।
शरवर्षमतीवोग्रं मेघयोरिव वर्षतोः।९। चिच्छेदास्ताञ्छरांस्ताभ्यां चण्डिका स्वशरोत्करैः । ताडयामास चांगेषु
शस्त्रौघैरसुरेश्वरौ१०निशुम्भो निशितं खड्गं चर्म चादाय

॥ ९ ॥ शुम्भ और निशुम्भ के छोड़े हुए वाणों को चण्डिका ने अपने वाणों के समूह से शीघ्र ही काट डाला और शस्त्रों के समूह को वर्षा कर दैत्यों के अंङ्गों को आहत किया ॥ १० ॥

निशुम्भ ने तीक्ष्ण तलवार और चमकती हुई ढाल से देवी के उत्तम वाहन सिंह के मस्तक पर चोट पहुँचाई ॥ ११ ॥ अपने वाहन से ताड़ित होने पर देवी ने क्षुरप्र नामक बाणों से निशुम्भ की तलवार और अष्टचन्द्र की ढाल को शीघ्र ही काट कर टुकड़े २ कर दिया ॥ १२ ॥ ढाल और

सुप्रभम्। अताडयन्मूर्ध्नि सिंहं देव्या वाहनमुत्तमम् ।११। ताडिते वाहने देवी क्षुरप्रेणासिमुत्तमम्। निशुम्भस्याशु चिच्छेद चर्म चाप्यष्टचन्द्रकम् ।१२। छिन्ने चर्मणि खड्गे च शक्ति चिक्षेप सोऽसुरः। तामप्यस्य द्विधा चक्रे चक्रेणाभिमुखागताम् ॥ १३ ॥ कोपाध्मातो निशुंभोऽथ शूलं जग्राह दानवः। आयातं मुष्टिपातेन देवी तच्चाप्यचूर्णयत्

तलवार के टुकड़े हो जाने पर निशुम्भ ने शक्ति चलाई किन्तु सामने आते ही देवी ने चक्र द्वारा उसके भी दो टुकड़े कर डाले ॥ १३ ॥ अब क्रोध से जलते हुए निशुम्भ दानव ने देवी को मारने के लिये शूल ग्रहण किया, लेकिन देवी ने पास आने पर मुक्के के प्रहार से उसका भी चूरा कर

दिया ॥ १४ ॥ फिर उस दैत्य ने गदा घुमाकर चण्डिका के ऊपर फेंकी, किन्तु उसको भी देवी ने त्रिशूल से काटकर भस्म करदी ॥१५॥ फिर दैत्याधिपति निशुम्भ को फरसा हाथ में लेकर सामने आते हुए देखकर देवी ने बाणों के समूह से आहात कर धराशायी कर दिया ॥१६॥ जब भयङ्कर

१४आविध्याथ गदां सोऽपि चिक्षेप चण्डिकां प्रति। सापि देव्या त्रिशूलेन भिन्ना भस्मत्वमागता १५ ततःपरशुहस्तं तमायान्तं दैत्यपुङ्गवम्। आहत्य देवी बाणौघैरपातयत भूतले ॥१६॥ तस्मिन्निपतिते भूमौ निशुम्भे भीमविक्रमे। भ्रातर्यतीव संक्रुद्धः प्रययौ हंतुमम्बिकाम्।१७।स रथस्थस्तथात्युच्चैर्गृहीतपरमायुधैः। भुजैरष्टाभिरतुलैर्व्याप्याशेषं बभौ नभः ॥१८॥ तमायांतं समालोक्य देवी शङ्खम-

बलवान निशुम्भ भूमि पर गिर गया तो शुम्भ अत्यन्त क्रोधित हुआ अम्बिका के मारने के लिये दौड़ा ॥१७॥ रथ पर बैठा हुआ उत्तम अस्त्र शस्त्रों से सुसज्जित अपनी बड़ी २ आठ सुन्दर भुजाओं

से सारे आकाश को आच्छादित करके वह अत्यन्त शोभित हुआ ॥ १८ ॥ शुम्भ को आता हुआ देखकर देवी ने शंख नाद किया और धनुष की प्रत्यंचा का भी अत्यन्त दुःसह शब्द किया॥१९॥ और साथ ही समस्त दैत्यों की सेना के तेज को नष्ट करने वाले अपने घण्टे के शब्द से संपूर्ण

वादयत्। ज्याशब्दं चापि धनुषश्चकारातीव दुःसहम् १९ पूरयामास ककुभो निजघण्टास्वनेन च। समस्तदैत्यसैन्यानां तेजोवधविधायिना २० ततः सिंहो महानादैस्त्याजितेभमहामदैः। पूरयामास गगनं गां तथैव दिशो दश२१ ततः काली समुत्पत्य गगनं दमामताडयत्। कराभ्यां तन्निनादेन प्राक्स्वनास्ते तिरोहिताः।२२। अट्टाट्टहासम-

दिशायें पूरित करदीं ॥ २० ॥ तदनन्तर सिंह ने भी अपनी दहाड़ से जिसे सुनकर बड़े २ हाथियों का महामद चूर हो जाता था, आकाश, पृथ्वी और संपूर्ण दिशायें गुञ्जित करदीं ॥ २१ ॥ फिर काली देवी ने आकाश में उछल कर दोनों हाथ पृथ्वी पर दे मारे, जिससे पहले के संपूर्ण शब्द

शांत हो गये ॥२२॥ फिर शिवदूती ने दैत्यों को कष्ट पैदा करने वाला अट्टहास किया। इन शब्दों के सुनने से संपूर्ण असुर कम्पायमान होगये और शुम्भ बड़ा क्रुद्ध हुआ ॥ २३ ॥ उस समय देवी ने शुम्भ से कहा 'रे दुष्ट ठहर ठहर' तभी आकाश में खड़े हुए देवता जय घोष करने लगे ॥२४॥

शिवं शिवदूती चकार ह। तैः शब्दैरसुरास्त्रेसुः शुम्भः कोपं परं ययौ॥२३॥ दुरात्मंस्तिष्ठतिष्ठेति व्याजहाराम्बिका यदा-तदा जयेत्यभिहितं देवैराकाशसंस्थितैः २४ शुम्भेनागत्य या शक्तिर्मुक्ता ज्वालातिभीषणा। आयान्ती वह्निकूटाभा सा निरस्ता महोल्कया ।२५। सिंहनादेन शुम्भस्य व्याप्तं लोकत्रयान्तरम्। निर्घातनिःस्वनो घोरो जितवानवनीपते

शुम्भ ने ज्वालाओं से व्याप्त अत्यन्त भयंकर शक्ति छोड़ी। उस अग्नि के पर्वत के समान आती हुई शक्ति को देवी ने अपनी महोल्का नामक शक्ति से काट डाली ॥२५॥ हे राजन्! उस समय शुम्भ के सिंहनाद से तीनों लोक व्याप्त होगये। उसकी प्रतिध्वनि से बज्रपात के समान ऐसा घोर

शब्द हुआ कि जिसने और सब शब्दों को जीत लिया ॥ २६ ॥ फिर शुम्भ के छोड़े हुए सैकड़ों वाणों को देवी ने और देवी के छोड़े हुए सैकड़ों वाणों को शुम्भ ने अपने २ भयंकर वाणों से आपस में काट डाले ॥ २७ ॥ फिर क्रोध में भर कर चंडिका ने त्रिशूल से शुम्भ को मारा जिसके

।२६। शुम्भमुक्ताञ्छरान्देवी शुम्भस्तत्प्रहिताञ्छरान्। चिच्छेद स्वशरैरुग्रैः शतशोऽथ सहस्रशः ।२७। ततः सा चण्डिका क्रुद्धा शूलेनाभिजघान तम्। सतदाभिहतो भूमौ मूर्च्छितो निपपात ह ।२८। ततो निशुम्भः सम्प्राप्य चेतनामात्तकार्मुकः। आजघान शरैर्देवीं कालीं केसरिणं तथा ।२९। पुनश्च कृत्वा बाहूनामयुतं दनुजेश्वरः। चक्रायुधेन दितिजश्छादयामास चण्डिकाम्।३०। ततो भगवती क्रुद्धा

प्रहार से वह मूर्छित होकर भूमि पर गिर पड़ा ॥ २८ ॥ इतने में ही निशुम्भ को होश आया और उसने धनुष लेकर वाणों द्वारा देवी, काली सिंह को आहत कर दिया ॥ २९ ॥ फिर उस दैत्यराज

ने अपनी दस सहस्र भुजायें बनाकर चक्रों के प्रहार से देवी को ढक दिया ॥३०॥ तब दुर्गम विपत्तियों का नाश करने वाली दुर्गा ने क्रोधित होकर अपने बाणों से वे सब चक्र तथा बाण काट गिराये ॥ ३१ ॥ फिर दैत्य सेना से घिरा हुआ निशुम्भ शीघ्रता से गदा लेकर चण्डिका को मारने

दुर्गादुर्गार्तिनाशिनी। चिच्छेद तानि चक्राणि स्वशरैःसायकांश्चतान् ३१ ततो निशुम्भो वेगेन गदामादाय चण्डिकाम्। अभ्यधावत वै हन्तुं दैत्यसेनासमावृतः।३२। तस्यापतत एवाशु गदां चिच्छेद चंडिका। खड्गेन शितधारेण स च शूलं समाददे।३३। शूलहस्तं समायान्तं निशुम्भममरार्दनम्। हृदि विव्याध शूलेन वेगाविद्धेन चण्डिका।३४। भिन्नस्य

के लिये दौड़ा ॥३२॥ चण्डिका देवी ने आती हुई गदा को अपनी पैनी तलवार से काट गिराया, फिर असुर ने शूल उठाया ॥ ३३ ॥ देवताओं को कष्ट देने वाले निशुम्भ को शूल हाथ में लेकर आता हुआ देख, चण्डिका ने शीघ्र ही अपना शूल उसकी छाती में मारा ॥३४॥ शूल से आहत

होने पर उसकी छाती से एक दूसरा बलवान् एवं पराक्रमी 'पुरुष ठहर ठहर' कहता हुआ उत्पन्न हुआ ।३५। उसके उत्पन्न होते ही देवी ने हँसकर उसका शिर काट डाला और वह पृथ्वी पर गिर पड़ा ॥३६॥ इसके पश्चात् सिंह अपने पैने दाँतों से असुरों की गर्दन कुचल कर खाने लगा । और दूसरी ओर

तस्य शूलेन हृदयान्निः सृतोऽपरः। महाबलो महावीर्यस्तिष्ठेति पुरुषो वदन्।३५। तस्यनिष्क्रामतो देवी प्रहस्य स्वनवत्ततः। शिरश्चिच्छेद खड्गेन ततोऽसावपतद्भुवि ।३६। ततः सिंहश्चखादोग्र दंष्ट्राक्षुण्णशिरोधरान्। असुरांस्तांस्तथा काली शिवदूती तथापरान्। ३७। कौमारीशक्तिनिर्भिन्नाः केचिन्नेशुर्महासुराः। ब्रह्माणीमन्त्रपूतेन तोयेनान्ये निराकृताः ॥३८॥ माहेश्वरीत्रिशूलेन भिन्नाः

काली एवं शिवदूती भी अन्य असुरों का भक्षण करने लगीं ॥३७॥ कौमारी ने अपनी शक्ति द्वारा अनेक दैत्यों को नष्ट कर दिया, ब्रह्माजी ने मंत्र पढ़े हुए जल से दैत्यों को मारा ॥३८॥ माहेश्वरी

के त्रिशूल से बहुत से असुर पृथ्वी पर गिर पड़े,वाराही ने अपने तुण्ड द्वारा कितनों ही को चूर्ण कर पृथ्वी पर डाल दिया ॥३९॥ वैष्णवी ने अपने चक्र से दैत्यों के टुकड़े कर दिये,ऐन्द्री ने अपने वज्र

पेतुस्तथापरे। वाराहीतुण्डघातेन केचिच्चूर्णीकृता भुवि ॥३९॥ खण्डं खण्डं च चक्रेण वैष्णव्या दानवाःकृताः। वज्रेण चैन्द्रीहस्ताग्रविमुक्तेन तथापरे॥४०॥ केचिद्विनेशुरसुराः केचिन्नष्टा महाहवात्। भक्षिताश्चापरे कालीशिवदूतीमृगाधिपः ॥४१॥ इति नवमोऽध्यायः॥

द्वारा बहुत सों के प्राण हर लिये ॥४०॥ कितने ही दैत्य युद्ध में मारे गये,कितने ही युद्ध के डर से ही मर गये,कुछ को काली,सिंह और शिवदूती ने अपने मुंह का ग्रास बना लिया।४१। इति नवमोऽध्यायः।

* अथ दशमोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॐ उत्तप्तहेमरुचिरां रविचन्द्रवह्निनेत्रां धनु-

ऋषि बोले ॥१॥अपने प्राण प्यारे भाई निशुम्भ को सारी सेना सहित मरा हुआ देखकर शुम्भ क्रोधित होकर बोला ॥२॥ रे दुष्ट दुर्गे ! तू अपने बल के अभिमान में व्यर्थ का घमंड न कर, तू औरों के बल का सहारा लेकर युद्ध करती है और घमंड करती है ॥३॥ देवी बोली ।४। अरे दुष्ट !

शशरयुतांकुशपाशशूलम् । रम्यैर्भुजैश्च दधतीं शिवशक्तिरूपां कामेश्वरीं हृदि भजामि धृतेन्दुलेखाम् ।

ऋषिरुवाच ।१। निशुम्भं निहतं दृष्ट्वा भ्रातरं प्राणसम्मितम् । हन्यमानं बलं चैव शुम्भः क्रुद्धोऽब्रवीद्वचः ॥२॥ बलावलेपाद्दुष्टे त्वं मा दुर्गे गर्वमावह । अन्यासां बलमाश्रित्य युध्यसे यातिमानिनी ।३। देव्युवाच ।४। एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा । पश्यैता दुष्ट मय्येव

मैं अकेली ही हूँ, संसार में मेरे शिवाय और दूसरा कौन है । देख, यह सब मेरी ही विभूतियाँ हैं जो मुझ में प्रवेश कर रही हैं ॥ ५ ॥ तदनन्तर ब्रह्माणी आदि सभी देवियाँ उस देवी के शरीर

मैं लीन हो गईं, केवल अम्बिका ही शेष रही ॥ ६ ॥ देवी बोली ॥ ७ ॥ मैं अपनी विभूतियों से अनेक रूपों में स्थित थी, उन सब रूपों को समेट कर मैं अब अकेली ही युद्ध में खड़ी हूँ, अतः स्थिर हो जाओ ॥ ८ ॥ ऋषि बोले ॥ ९ ॥ इसके पश्चात् समस्त देवताओं और दैत्यों के सामने

विशन्त्यो मद्विभूतयः।५। ततःसमस्तास्ता देव्यो ब्रह्माणीप्रमुखा लयम्। तस्या देव्यास्तनौ जग्मुरेकैवासीत्तदाम्बिका६ देव्युवाच७। अहं विभूत्या बहुभिरिह रूपैर्यदास्थिता। तत्संहृतं मयैकैव तिष्ठाम्याजौ स्थिरो भव।८। ऋषिरुवाच।९। ततः प्रववृते युद्धं देव्याः शुम्भस्य चोभयोः। पश्यतां सर्वदेवानामसुराणां च दारुणम्।१०। शरवर्षैः शितैःशस्त्रैस्तथास्त्रैश्चैव दारुणैः। तयोर्युद्धमभूद्भूयः सर्वलोकभयं-

शुम्भ और देवी में भयंकर युद्ध होने लगा ॥१०॥ बाणों तथा अन्य अस्त्र-शस्त्रों की वर्षा के कारण उन दोनों के बीच का युद्ध बड़ा भयानक लगता था ॥ ११ ॥ अम्बिका द्वारा चलाये हुये सैंकड़ों

दिव्य अस्त्रों को शुम्भ ने अपने अस्त्रों से काट दिया ॥१२॥ इसी तरह शुम्भ द्वारा छोड़े हुए दिव्य अस्त्रों को परमेश्वरी ने अपनी लीला से हुँकार आदि शब्दों के उच्चारण द्वारा ही काट गिराये ।१३। इस पर असुर ने सैकड़ों बाण छोड़े जिनसे देवी ढक गई, तब देवी ने क्रोधित होकर अपने बाण

करम् ११। दिव्यान्यस्त्राणि शतशो मुमुचे यान्यथाम्बिका। बभञ्ज तानि दैत्येन्द्रस्तत्प्रतीघातकर्तृभिः।१२। मुक्तानि तेन चास्त्राणि दिव्यानि परमेश्वरी। बभञ्ज लीलयैवोग्रहुङ्कारोच्चारणादिभिः॥ १३ ॥ ततः शरशतैर्देवीमाच्छादयत सोऽसुरः। सापि तत्कुपिता देवी धनुश्चिच्छेद चेषुभिः१४ छिन्ने धनुषि दैत्येन्द्रस्तथा शक्तिमथाददे। चिच्छेद देवी

से उसका धनुष काट डाला ॥१४॥ धनुष के भङ्ग हो जाने पर शुम्भ ने शक्ति हाथ में उठाई किन्तु देवी ने उसके हाथ की शक्ति को चक्र द्वारा काट गिराई ॥१५॥ उसके पश्चात् दैत्याधिपति शुम्भ ने

चमकती हुई ढाल तलवार लेकर देवी के ऊपर प्रहार किया ।।१६।। चण्डिका ने उसके आतेही अपने धनुष के तीव्र वाणों से उसकी ढाल और सूर्य की किरणों के समान चमकती हुई तलवार को काट दिया ।।१७।। जब उस दैत्य के घोड़े और सारथि मारे गये और धनुष भी कट गया। तब वह मुद्-

चक्रेण तामप्यस्य करे स्थिताम् ।१५। ततः खड्गमुपादाय शतचन्द्रं च भानुमत् । अभ्यधावत्तदा देवीं दैत्यानामधिपेश्वरः १६। तस्यापतत एवाशु खड्गं चिच्छेद चण्डिका। धनुर्मुक्तैः शितैर्बाणैश्चर्म चार्ककरामलम् ।१७। हताश्वः स तदा दैत्यश्छिन्नधन्वा विसारथिः । जग्राह मुद्गरं घोरमम्बिकानिधनोद्यतः ।१८। चिच्छेदापततस्तस्य मुद्गरं निशितैः शरैः । तथापि सोऽभ्यधावत्तां मुष्टिमुद्यम्य

गर हाथ में लेकर अम्बिका का वध करने के लिये तत्पर हुआ ।।१८।। देवी ने इस प्रकार आते हुए मुद्गर को देख अपने पैने वाणों से उसे काट डाला । इस पर वह असुर घूँसा तान कर दौड़ा

॥ १९ ॥ और देवीकी छाती में मारा, तब उस देवी ने उसकी छाती में एक थप्पड़ मार दिया ॥२०॥ देवी के थप्पड़ की चोट से व्याकुल होकर शुम्भ पृथ्वी पर गिर पड़ा, किन्तु फिर तुरन्त ही उठ खड़ा हुआ ॥ २१ ॥ फिर वह उछलकर और देवी को उठाकर आकाश में जाकर खड़ा होगया। चण्डिका

वेगवान्१९। स मुष्टिं पातयामास हृदये दैत्यपुङ्गवः। देव्यास्तं चापि सा देवी तलेनोरस्यताडयत् ॥२०॥ तलप्रहाराभिहतो निपपात महीतले। स दैत्यराजः सहसा पुनरेव तथोत्थितः२१ उत्पत्य च प्रगृह्योच्चैर्देवीं गगनमास्थितः। तत्रापि सा निराधारा युयुधे तेन चंडिका ॥२२॥ नियुद्धं खे तदा दैत्यश्चण्डिका च परस्परम्। चक्रतुःप्रथमं सिद्धमुनिविस्मयकारकम्२३। ततो नियुद्धं सुचिरं कृत्वा तेनाम्बिका

ने आकाश में निराधार ही उसके साथ युद्ध किया ॥ २२ ॥ आकाश में दैत्य और चण्डिका के बीच में ऐसा युद्ध हुआ कि उससे सारे सिद्ध और मुनि चकित होगये ॥२३॥ फिर अम्बिका ने शुम्भ

के साथ बहुत देर तक संग्राम करके उसे ऊपर को घुमाया और पृथ्वी पर डाल दिया ॥ २४ ॥ पृथ्वी पर पटके जाने के बाद वह दुष्ट असुर चंडिका को मारने के लिये बड़े वेग से उनकी ओर घूंसा तानकर दौड़ा ॥ २५ ॥ दैत्याधिपति शुम्भ को अपनी ओर आता हुआ देख देवी ने शूल

सह। उत्पात्य भ्रामयामास चिक्षेप धरणीतले२४स क्षिप्तो धरणीं प्राप्य मुष्टिमुद्यम्य वेगितः। अभ्यधावत दुष्टात्मा चण्डिकानिधनेच्छया।२५। तमायान्तं ततो देवी सर्वदैत्यजनेश्वरम्। जगत्यां पातयामास भित्त्वा शूलेन वक्षसि।२६। स गतासुः पपातोर्व्यां देवीशूलाग्रविक्षतः। चालयन् सकलां पृथ्वीं साब्धिद्वीपां सपर्वताम्।२७। ततःप्रसन्नम-

से उसकी छाती को विदीर्ण कर पृथ्वी पर गिरा दिया ॥ २६ ॥ देवी के शूल से आहत होने पर उसने अपने प्राण त्याग दिये। उसके गिरने से समुद्र, द्वीप, पर्वत तथा सारी पृथ्वी कम्पायमान होगई ॥२७॥ उस दैत्य के मरने पर सारा संसार प्रसन्न और स्वस्थ होगया और आकाश भी निर्मल

दिखाई देने लगा ॥२८॥ पहले जो उत्पात के मेघ तथा उल्कापात होते थे, वे सब शान्त होगये और दैत्य के मर जाने पर नदियाँ भी ठीक मार्ग से बहने लगीं ॥२९॥ शुम्भ की मृत्यु के पश्चात् सब देवता बड़े प्रसन्न हुए और, गंधर्वगण सुन्दर गीत गाने लगे ॥३०॥ अन्य गन्धर्वों ने बाजे बजाये,

खिलं हते तस्मिन् दुरात्मनि । जगत्स्वास्थ्यमतीवाप निर्मलं चाभवन्नभः ।२८। उत्पातमेघाः सोल्का ये प्रागासंस्ते शमं ययुः । सरितो मार्गवाहिन्यस्तथासंस्तत्र पातिते ।२९। ततो देवगणाः सर्वे हर्षनिर्भरमानसाः । बभूवुर्निहते तस्मिन् गन्धर्वा ललितं जगुः ३० अवादयंस्तथैवान्ये ननृतुश्चाप्सरोगणाः । ववुः पुण्यास्तथा वाताः सुप्रभोऽभूद्दिवाकरः ३१ जज्वलुश्चाग्नयः शांताः शांतादिग्जनितस्वनाः ३२

अप्सरायें नाचने लगीं, शुद्ध वायु चलने लगी, सूर्य की कान्ति उत्तम होगई ।३१। यज्ञादिकों की अग्नियाँ प्रज्वलित होगई और सम्पूर्ण दिशाओं में जो हाहाकार शब्द मचा हुआ था वह शांत होगया ॥३२॥

* अथ एकादशोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ।ॐ वालरविद्युतिमिन्दुकिरीटां तुङ्गकुचां नयनत्रययुक्ताम् । स्मेरमुखीं वरदांकुशपाशाभीतिकरां प्रभजे भुवनेशीम् ॥

ऋषि बोले ॥ १ ॥ देवी से महाअसुर शुम्भ के मारे जाने पर इन्द्रादि देवता अग्नि के साथ अपना इच्छित फल पाकर कात्यायनी देवी की स्तुति करने लगे,जिससे उनके मुखकमल खिल गये थे,

ऋषिरुवाच ।१। ॐ देव्या हते तत्र महासुरेन्द्रे सेन्द्राः सुरा वह्निपुरोगमास्ताम् । कात्यायनीं तुष्टुवुरिष्टलाभाद्विकाशिवक्त्राब्जविकाशिताशाः ।२। देवि प्रपन्नार्त्तिहरे

और उनकी चमक से सब दिशायें व्याप्त होगईं थीं ॥ २ ॥ देवता बोले—हे शरणागतों के कष्टोंके हरनेवाली देवी प्रसन्न होओ । सारे संसार की माता ! प्रसन्न होओ । हे विश्वेश्वरी ! प्रसन्न होओ

और संसार की रक्षा करो। हे देवी ! चराचर जगत की तुम्हीं ईश्वरी हो ॥ ३ ॥ इस संसार की एक मात्र आधार तुम हो क्यों कि पृथ्वी रूप में तुम्हीं स्थित हो। हे देवी! तुम अत्यन्त पराक्रमी हो, जलरूप होकर सारे संसार को तुम्हीं तृप्त करती हो ॥४॥ हे देवी! तुम अत्यन्त बलवाली विष्णु

प्रसीद प्रसीद मातर्जगतोऽखिलस्य । प्रसीदविश्वेश्वरि
पाहि विश्वं त्वमीश्वरी देविचराचरस्य ॥३॥ आधारभूता
जगतस्त्वमेका महीस्वरूपेण यतः स्थितासि। अपां स्वरू-
पस्थितया त्वयैतदाप्यायते कृत्स्नमलङ्घ्यवीर्ये ॥४॥ त्वं
वैष्णवी शक्तिरनन्तवीर्या विश्वस्य बीजं परमासि माया।
संमोहितं देवि समस्तमेतत् त्वं वै प्रसन्ना भुवि मुक्तिहेतुः
॥५॥ विद्याःसमस्तास्तव देवि भेदाःस्त्रियः समस्ताःसकला

की शक्ति हो तथा विश्व की उत्पन्ना सर्वोपरि माया हो, इस सारे संसार को तुमने मोह में फाँस रखा है, तुम्हारे प्रसन्न होने पर ही मुक्ति प्राप्त होती-है ॥५॥ हे देवि ! सम्पूर्ण दिशायें तथा संसार

की सारी स्त्रियाँ तुम्हारे ही भिन्न भिन्न रूप हैं। हे अम्बे! एक मात्र तुमसे ही यह सारा संसार व्याप्त हो रहा है, तुम्हारी स्तुति किस प्रकार हो सकती है, तुम तो स्तुति करने योग्य वस्तुओं से परे हो ॥ ६ ॥ हे देवि! तुम सब में विद्यमान हो, स्वर्ग एवं मोक्ष के प्रदान करने वाली हो, आपकी

जगत्सु। त्वयैकया पूरितमम्बयैतत्का ते स्तुतिःस्तव्यपरा परोक्तिः ।६। सर्वभूता यदा देवी स्वर्गमुक्तिप्रदायिनी। त्वं स्तुता स्तुतये का वा भवन्तु परमोक्तयः ।७। सर्वस्य बुद्धि रूपेण जनस्य हृदि संस्थिते। स्वर्गापवर्गदे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते ।८। कलाकाष्ठादिरूपेणपरिणामप्रदायिनी। विश्वस्योपरतौ शक्ते नारायणि नमोऽस्तु ते ।९।

स्तुति किन शब्दों में हो सकती है ॥७॥ बुद्धि रूप से सब प्राणियों में विराजमान हो, हे नारायणी देवी! तुम स्वर्ग एवं मोक्ष के देने वाली हो, तुम्हें नमस्कार है ॥८॥ हे नारायणी! कला काष्ठादि के रूप से क्रमशः परिणाम अर्थात् अवस्था परिवर्तन करने वाली हो तथा विश्व का संहार करने में

समर्थ हो, तुम्हें नमस्कार है।९। हे सम्पूर्ण मङ्गलों के देने वाली! हे शिवे! हे सम्पूर्ण अर्थों के सिद्ध करने वाली! हे शरणागतवत्सला! हे त्रिनेत्र वाली! हे गौरी! हे नारायणी! तुम्हें नमस्कार है।१०। तुम सृष्टि, का पालन और विनाश की शक्ति रूप हो, हे सनातनी! गुणों से पूर्ण तथा सर्व गुणमयी हो, हे नारायणी!

सर्वमङ्गलमाङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके। शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते।१०। सृष्टिस्थितिविनाशानां शक्तिभूते सनातनि! गुणाश्रये गुणमये नारायणि नमोऽस्तु ते॥११॥ शरणागतदीनार्तपरित्राणपरायणे। सर्वस्यार्त्तिहरे देवि नारायणि नमोऽस्तु ते।१२। हंसयुक्त विमानस्थे ब्रह्माणी रूपधारिणी। कौशाम्भःक्षरिके देवि नारायणि नमोऽस्तु ते।१३। त्रिशूलचन्द्राहिधरे महावृष-

तुमको नमस्कार है।११। शरणागतों के कष्टों को दूर करने तथा पीड़ितों की रक्षा में तत्पर रहने वाली, सब का कष्ट हरने वाली, हे नारायणी! तुमको नमस्कार है।१२। हंस युक्त विमान में बैठने वाली, ब्रह्माणी का

रूप धारण करने वाली, कुशाओं से जलको छिड़कने वाली हे देवि! हे नारायणी! तुमको नमस्कार है ।१३। माहेश्वरी का रूप धारण कर त्रिशूल चन्द्रमा एवं सर्व रूप धारण करने वाली तथा महा वृषभ पर सवार होने वाली, नारायणी देवी तुम्हें नमस्कार है ।१४। हे कौमारी रूप धारिणी! मोरों और मुर्गों से

भवाहिनि। माहेश्वरीस्वरूपेण नारायणि नमोऽस्तु ते १४।
मयूरकुक्कुट वृते महाशक्तिधरेऽनघे। कौमारीरूपसंस्थाने नारायणि नमोऽस्तु ते ।१५। शङ्खचक्रगदाशार्ङ्गगृहीतपरमायुधे। प्रसीद वैष्णवीरूपे नारायणि नमोऽस्तुते १६। गृहीतोग्रमहाचक्रे दंष्ट्रोद्धृतवसुन्धरे। वराहरूपिणि शिवे नारायणि नमोऽस्तु ते ॥१७॥ नृसिंहरूपेणोग्रेण हन्तुं द-

घिरी रहने वाली, महा शक्ति को धारण करने वाली, पापों से रहित नारायणी तुमको नमस्कार है ।१५। हे वैष्णवी रूप! शङ्ख, चक्र, गदा और शार्ङ्ग धनुष तथा उत्तम आयुधों को धारण करने वाली नारायणी! प्रसन्न होओ, तुम्हें नमस्कार है ॥ १६ ॥ बाराह रूप के धारण करने वाली, हाथ में

महा भयंकर चक्र लिये हुए, डाढ़ों के ऊपर पृथ्वी को धारण किये हुए, कल्याण करने वाली नारायणी तुम्हें नमस्कार है ॥१७॥ भयानक नृसिंह रूप धारण कर असुरों का संहार करने वाली, त्रिलोकी की रक्षा में तत्पर नारायणी ! तुम्हें नमस्कार है ॥ १८ ॥ माथे पर किरीट और हाथ में महावज्र

त्यान् कृतोद्यमे। त्रैलोक्यत्राणसहिते नारायणि नमोऽस्तु ते।१८। किरीटिनि महावज्रे सहस्रनयनोज्ज्वले। वृत्रप्राणहरे चैन्द्रि नारायणि नमोऽस्तु ते॥ १९॥ शिवदूतीस्वरूपेण हतदैत्यमहाबले। घोररूपे महारावे नारायणि नमोऽस्तु ते।२०। दंष्ट्राकरालवदने शिरोमालाविभूषणे। चामुण्डे मुण्डमथने नारायणि नमोऽस्तु ते।२१। लक्ष्मि लज्जे महाविद्ये श्रद्धे पुष्टि स्वधे ध्रुवे। महारात्रि महाऽविद्ये

लिये हुए, हजार नेत्रों के कारण प्रकाशमान् और वृत्रासुर के प्राणों के हरने वाली ऐन्द्री स्वरूप नारायणी देवी ! तुम्हें नमस्कार है ॥१९॥ अत्यन्त बलवती शिवदूती स्वरूप से दैत्यों की विशाल

सेना को नष्ट करने वाली एवं भयङ्कर रूप धारण कर घोर शब्द करने वाली, नारायणी ! तुम्हें नमस्कार है ॥ २० ॥ डाढ़ों के कारण भयङ्कर मुखवाली, मुण्ड माला से विभूषित, मुण्ड दैत्य को मारने वाली चामुण्डे नारायणी ! तुम्हें नमस्कार है ॥ २१ ॥ लक्ष्मी,लज्जा, महाविद्या,श्रद्धा,

नारायणि नमोऽस्तु ते२२। मेधे सरस्वति वरे भूति वाभ्रवि तामसि। नियते त्वं प्रसीदेशे नारायणि नमोऽस्तु ते।२३। सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते। भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते।२४। एतत्ते वदनं सौम्यं लोचनत्रयभूषितम्। पातु नः सर्वभीतिभ्यः कात्यायनि नमोऽस्तु ते।२५। ज्वालाकरालमत्युग्रमशेषासुरसूदनम्। त्रिशूलं पातु

पुष्टि, स्वधा, ध्रुवा, महाशक्ति, महाविद्या, रूप नारायणी ! तुमको नमस्कार है ॥ २२ ॥ मेधा, सरस्वती, विरा, भूति,वाभ्रवी, तामसी, नियता,तथा ईशारूपी, नारायणी ! तुम्हें नमस्कार है ।२३। सर्व स्वरूपा, सर्वेश्वरी, सर्व शक्तिमान दुर्गे देवी ! सब प्रकार के भय से हमारी रक्षा करो, तुमको

नमस्कार है ॥ २४ ॥ हे कात्यायनी ! तीन नेत्रों से विभूषित तुम्हारा यह सौम्य मुख सब भयों से हमारी रक्षा करे तुमको नमस्कार है ॥ २५ ॥ हे भद्रकाली ! ज्वालाओं के सदृश भयङ्कर और सम्पूर्ण दैत्यों का नाश करने वाली, तुम्हारा त्रिशूल भय से हमारी रक्षा करे, तुम्हें नमस्कार है

नो भीतेर्भद्रकालि नमोऽस्तु ते ।२६। हिनस्ति दैत्यतेजांसि स्वनेनापूर्य या जगत् । सा घण्टा पातु नो देवि पापेभ्योऽनः सुतानिव ॥ २७ ॥ असुरासृग्वसापंकचर्चितस्ते करोज्ज्वलः । शुभाय खड्गो भवतु चण्डिके त्वां नता वयम् ।२८। रोगानशेषानपहंसि तुष्टा रुष्टा तु कामान्सकलानभीष्टान् । त्वामाश्रितानां न विपन्नराणां त्वामाश्रिता ह्याश्र-

॥२६॥ हे देवी ! अपनी ध्वनि से सारे संसार को व्याप्त कर असुरों के तेज को नाश करने वाला तुम्हारा घण्टा हमारी पापों से इसी प्रकार रक्षा करे, जिस प्रकार माता अपने पुत्रों की रक्षा करती है ॥ २७ ॥ हे चण्डिके ! असुरों के रक्त और चर्बी से चर्चित तुम्हारे हाथ में चमकता हुआ खड्ग

हमारा कल्याण करे, हम तुम्हें नमस्कार करते हैं ॥ २८ ॥ हे देवी ! प्रसन्न होने पर तुम सम्पूर्ण रोगों का नाश कर देती हो और क्रोधित होने पर सम्पूर्ण इच्छित कामनाओं का नाश कर देती हो, तुम्हारी शरण में आये हुए मनुष्यों पर कभी विपत्ति नहीं आती है, बल्कि वह दूसरों को शरण

यतां प्रयान्ति ।२९। एतत्कृतं यत्कदनं त्वयाद्य धर्मद्विषां
देवि महासुराणाम् । रूपैरनेकैर्बहुधाऽऽत्ममूर्तिं कृत्वाम्बि-
के तत्प्रकरोति कान्या । ३० । विद्यासु शास्त्रेषु विवेकदीपे-
ष्वाद्येषु वाक्येषु च का त्वदन्या । ममत्वगर्तेऽतिमहा-
न्धकारे विभ्रामयत्येतदतीव विश्वम् । ३१ । रक्षांसि यत्रो-
ग्रविषाश्च नागा यत्रारयो दस्युबलानि यत्र । दावानलो

देने योग्य हो जाते हैं ॥२९॥ हे अम्बिके देवी ! तुमने अपने को अनेक रूपों में विभक्त करके इन धर्म द्वेषी दैत्यों का नाश कर दिया है यह सब और कौन कर सकता था ॥३०॥ सम्पूर्ण विद्याओं में, ज्ञान रूपी शास्त्रों में, आदि वाक्यों अर्थात् वेदों में आप ही का वर्णन है, आपके सिवाय ऐसी

कौन सी शक्ति है जो इस जगत् को अन्धकार रूपी अज्ञान से परिपूर्ण ममता के गड्ढे में निरन्तर घुमा सकती हो। ॥३१॥ जहाँ राक्षस, भयंकर विषैले सर्प, शत्रु, डाकू और लुटेरों की सेना एवं दावानल हो, वहाँ भी तथा समुद्र के बीच में भी रहकर तुम संसार की रक्षा करती हो ॥३२॥ हे विश्व की अधीश्वरी !

यत्र तथाब्धिमध्ये तत्र स्थिता त्वं परिपासि विश्वम् ॥३२॥ विश्वेश्वरि त्वं परिपासि विश्वं विश्वात्मिका धारयसीति विश्वम्। विश्वेशवन्द्या भवती भवन्ति विश्वाश्रया ये त्वयि भक्तिनम्राः ।३३। देवि प्रसीद परिपालय नोऽरिभीतेर्नित्यं यथासुरवधादधुनैव सद्यः। पापानि सर्वजगतां प्रशमं नयाशु उत्पातपाकजनितांश्च महोपसर्गान् ३४। प्रणतानां प्रसीद त्वं देवि विश्वार्तिहारिणि । त्रैलोक्यवासिनामीड्ये

तुम सारे संसारका पालन करती हो, विश्व रूप होकर सारे विश्व को धारण करती हो, भगवान विश्वनाथ भी तुम्हारी वन्दना करते हैं तथा जो मनुष्य भक्ति युत नम्रता पूर्वक तुम्हारे सामने नतमस्तक होते हैं,

वे भी सम्पूर्ण संसार को आश्रय देने योग्य होते हैं ॥३३॥ हे देवि ! प्रसन्न होओ । इस समय जिस प्रकार दैत्यों का संहार करके आपने शीघ्रही हमको बचाया है उसी प्रकार सदैव शत्रुओं के भय से हमारी रक्षा करती रहिये और सारे संसार के पापों एवं उत्पातों के कारण उत्पन्न होने वाली महामारी

लोकानाँ वरदा भव ।३५। देव्युवाच ।३६। वरदाहंसुरगणा वरं यन्मनसेच्छथ । तं वृणुध्वं प्रयच्छामि जगतामुपकारकम् ।३७। देवाऊचुः ।३८। सर्वबाधाप्रशमनं त्रैलोक्यस्याखिलेश्वरि । एवमेव त्वया कार्यमस्मद्वैरिविनाशनम् ।३९। देव्युवाच ।४०। वैवस्वतेऽन्तरे प्राप्ते अष्टाविंशतिमे युगे । शुम्भो निशुम्भश्चैवान्यावुत्पत्स्येते महासुरौ ।४१। नन्दगोपगृहे

आदि बड़े २ उपद्रवों को शीघ्र ही शांत करिये ।३४। संसार के कष्टों को हरण करने वाली देवी ! अपने चरणों पर पड़े हुए हम सब पर प्रसन्न होओ, त्रिलोकी में रहने वालों की पूजनीय परमेश्वरी ! हम सबको वरदान देने वाली होओ ॥३५॥ देवी बोली ॥३६॥ हे देवताओ ! मैं वर देने को तैयार हूँ । संसार

की भलाई के लिये जिस वर की तुम्हारे मनमें इच्छा हो, वह माँग लो, मैं अवश्य दूंगी ॥३७॥ देवता बोले ॥ ३८ ॥ हे ईश्वरी ! आप इसी प्रकार त्रिलोकी की समस्त बाधाओं को शान्त करती रहिये और हमारे वैरियों का नाश करती रहिये ॥ ३९ ॥ देवी बोली ॥ ४० ॥ वैवस्वत मन्वन्तर के

जाता यशोदागर्भसम्भवा। ततस्तौ नाशयिष्यामि विन्ध्याचलनिवासिनी।४२। पुनरप्यतिरौद्रेण रूपेण पृथिवीतले। अवतीर्य हनिष्यामि वैप्रचित्तांस्तु दानवान् ।४३। भक्तयन्त्याश्चतानुग्रान्वैप्रचित्तान्महासुरान् । रक्ता दन्ता भविष्यन्ति दाडिमीकुसुमोपमाः४४ ततो मां देवताःस्वर्गे मर्त्यलोके च मानवाः। स्तुवन्तो व्याहरिष्यन्ति सततं रक्तदंति-

अट्ठाईसवें युग में शुम्भ और निशुम्भ नामक दो महाअसुर फिर उत्पन्न होंगे ॥ ४१ ॥ फिर मैं नन्द गोप के घर में यशोदा के गर्भ से जन्म लेकर विन्ध्याचल में निवास करूंगी और उन दोनों दैत्यों का नाश करूंगी ॥४२॥ तदनन्तर अत्यन्त उग्र रूप से पृथ्वी पर अवतार लेकर वैप्रचित्ति

नामक दैत्योंका संहार करूंगी ॥४३॥ उन भयानक महाअसुरों को भक्षण करते हुए मेरे दाँत अनार
के फल के सदृश लाल होजायेंगे ॥४४॥ तब स्वर्ग से देवता गण और मृत्युलोक में मनुष्य सदैव
मेरी स्तुति करते हुए मुझे रक्तदंतिका नाम से पुकारेंगे ॥४५॥ फिर सौ वर्ष तक पृथ्वी पर वर्षा न होने

काम् ॥४५॥ भूयश्च शतवार्षिक्यामनावृष्ट्यामनम्भसि ।
मुनिभिः संस्तुता भूमौ संभविष्याम्ययोनिजा ।४६। ततः
शतेन नेत्राणां निरीक्षिष्यामि यन्मुनीन् । कीर्तयिष्यंति
मनुजाःशताक्षीमिति मां ततः ।४७। ततोऽहमखिलं लोक-
मात्मदेहसमुद्भवैः । भरिष्यामि सुराः शाकैरावृष्टेः प्राण-
धारकैः ।४८। शाकम्भरीति विख्यातिं तदा यास्याम्यहं

के कारण पानी का अभाव हो जायगा, उस समय मुनियों की स्तुति करने पर मैं पृथ्वी पर बिना ही
गर्भ के उत्पन्न हो जाऊँगी ॥४६॥ और शतनेत्रों से मुनियों को निहारूंगी, अतएव 'शताक्षी' नाम
से मनुष्य मेरा कीर्तन करेंगे ॥ ४७ ॥ हे देवताओ ! फिर मैं अपने शरीर द्वारा उत्पन्न हुए शाकों

से जब तक वर्षा न होगी तब तक सारे जगत का पालन पोषण करूंगी ॥ ४८ ॥ ऐसा करने से संसार में मेरा नाम शाकम्भरी विख्यात होगा और वहाँ पर मैं दुर्गम नाम के महाअसुर का भी वध करूँगी ॥४९॥ तब मेरा नाम दुर्गा देवी नाम से विख्यात होगा। इसके अनन्तर मैं भीमरूप

मुनि। तत्रैव च वधिष्यामि दुर्गमाख्यं महासुरम् ।४९। दुर्गा देवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति ।पुनश्चाहं यदा भीमं रूपं कृत्वा हिमाचले ।५०। रक्षांसि भक्षयिष्यामि मुनीनां त्राणकारणात्। तदा मां मुनयः सर्वे स्तोष्यन्त्यानम्रमूर्तयः ।५१।भीमादेवीति विख्यातं तन्मे नाम भविष्यति। यदारुणाख्यस्त्रैलोक्ये महाबाधां करिष्यति ।५२। तदाहं भ्रामरं

धारण कर हिमालय पर मुनियों की रक्षार्थ राक्षसों का भक्षण करूँगी, तब सारे मुनि नम्रता पूर्वक मेरी स्तुति करेंगे ॥५०-५१॥ इससे मेरा नाम भीमा देवी प्रसिद्ध होगा, जब अरुण नाम का दैत्य त्रिलोकी में भारी उपद्रव मचायेगा ॥५२॥ तब मैं असंख्य भौंरों का रूप धारण करके, त्रिलोकी

रूपं कृत्वाऽसंख्येयषट्पदम्। त्रैलोक्यस्य हितार्थाय वधिष्यामि महासुरम् ।५३। भ्रामरीति च मां लोकास्तदा स्तोष्यन्ति सर्वतः। इत्थं यदा यदा बाधा दानवोत्था भविष्यति ॥५४॥ तदा तदावतीर्याहं करिष्याम्यरिसंक्षयम् ॥५५॥

का हित करने के लिये उस, महाअसुर को मारूंगी ॥५३॥ तब सब लोग "भ्रामरी" के नाम से चारों ओर से मेरी स्तुति करेंगे। इसी तरह जब २ संसार में असुरों के द्वारा उत्पात मचेंगे, तब२ मैं अवतार धारण कर शत्रुओं का नाश करूंगी ॥ ५४–५५ ॥ इति एकादशोऽध्यायः ॥

* अथ द्वादशोऽध्यायः *

अथ ध्यानम् ॐ विद्युद्दामसमप्रभां मृगपतिस्कन्धस्थितां भीषणां कन्याभिः करवालखेटविलसद्धस्ताभिरासेविताम्। हस्तैश्चक्रगदासिखेटविशिखांश्चापं गुणं तर्जनीं

विभ्राणामनलात्मिकां शशिधरां दुर्गां त्रिनेत्रां भजे ॥

